संसेक्स 72,012.05 ▲ -736.38
डॉलर 83.031 ▲ +0.088

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 14.0 | 18.0 |
| धनबाद | 25.0 | 17.0 | 25.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 17.0 | 24.0 |
| पलामू | 25.0 | 16.0 | 24.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11, विक्रम संवत 2080 | रांची, बुधवार, 20 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-50, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय 'बस्तर : द नक्सल स्टारी' और पीड़ित ... 08
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
5 स्तंभों पर आधारित 25 गारंटियों ...12 देश-विदेश

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 61,950

चांदी (1 किलो) 80,000

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।




## एक नजर

### राजस्व उपनिरीक्षक और प्राइवेट अमीन को रिश्वत लेते गिरफ्तार

**रांची।** एसीबी ने अनगड़ा के राजस्व उप निरीक्षक कुलदीप साहू और प्राइवेट अमीन प्रभु पाहन को दस हजार रुपये रिश्वत लेते मंगलवार को गिरफ्तार किया। एसीबी मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अनगड़ा निवासी मनोज मुंडा ने ब्यूरो को लिखित शिकायत की थी कि उसने 26 एकड़ 52 डिसमिल जमीन का पंजी टू में प्लाट चढ़ाने के लिए अनगड़ा अंचल में ऑनलाइन आवेदन किया था। इसके लिए वह राजस्व उपनिरीक्षक कुलदीप साहू से मिले। कुलदीप साहू ने कहा कि एक हजार रुपये प्रति डिसमिल के हिसाब से खर्चा लगता है। तुम एक लाख रुपये दे दो। इसके बाद ब्यूरो ने इंस्पेक्टर जगन्नाथ धान से मामले की जांच कराई। जांच में आरोप सत्य पाया गया। इसके बाद एसीबी ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया।

## झारखंड के राज्यपाल राधाकृष्णन को मिला तेलंगाना और पुदुचेरी का अतिरिक्त प्रभार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को तेलंगाना राज्य और केन्द्र शासित पुदुचेरी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। राष्ट्रपति ने दोनों जगहों के लिए नियमित व्यवस्था होने तक कार्यों का निर्वहन करने के लिए उन्हें नियुक्त किया है। राष्ट्रपति भवन ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। इसमें यह भी कहा गया है कि राष्ट्रपति नियमित व्यवस्था होने तक अपने कर्तव्यों के अलावा तेलंगाना के राज्यपाल और केन्द्र शासित पुदुचेरी के उपराज्यपाल के कार्यों का निर्वहन करने के लिए झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। सौंदर्यराजन के पास पुदुचेरी के उपराज्यपाल का भी प्रभार था।

## झारखंड की गृह सचिव बनीं वंदना डाडेल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
वंदना डाडेल झारखंड की नई गृह सचिव बनाई गई हैं। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी। यह फैसला निर्वाचन आयोग की सहमति के बाद लिया गया। वंदना डाडेल वन एवं पर्यावरण विभाग की सचिव के साथ मंत्रिमंडल सचिवालय एवं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### चुनाव आयोग ने 24 घंटे के अंदर बंगाल के डीजीपी को फिर बदला



**कोलकाता।** ईसीआई ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में विवेक सहाय को डीजीपी के रूप में नियुक्ति के महज 24 घंटे के भीतर ही उन्हें पद से हटा दिया। विवेक सहाय को राजीव कुमार की जगह बंगाल का नया डीजीपी नियुक्त किया गया था। मंगलवार को एक नई अधिसूचना जारी की गई जिसके बाद सहाय की जगह 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी संजय मुखर्जी लेंगे। मुखर्जी फिलहाल अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग के महानिदेशक हैं। सोमवार को, चुनाव आयोग ने राजीव कुमार को हटाने का आदेश दिया था। इसके बाद आयोग ने राज्य सरकार से उसके बदले तीन नाम मांगे थे। राज्य सरकार ने विवेक सहाय (1988 बैच), संजय मुखर्जी (1989 बैच) और राजेश कुमार (1990 बैच) की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# दिशोम गुरु की बड़ी बहू सीता सोरेन भगवा खेमे में

■ षड्यंत्र के तहत उन्हें और उनकी बच्चियों को पार्टी व परिवार में अछूत बना दिया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड के सबसे बड़े राजनीतिक परिवार का मंगलवार मंगलमय नहीं रहा। दिशोम गुरु शिबू सोरेन की बड़ी बहू व पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन ने मंगलवार को न सिर्फ झामुमो से इस्तीफा दे दिया बल्कि उन्होंने परिवार से भी अलग होने की घोषणा कर दी। ससुर शिबू सोरेन को लिखे पत्र में उन्होंने पार्टी और परिवार में उनके खिलाफ किए जा रहे साजिश का आरोप लगाया। कहा षड्यंत्र के तहत उन्हें और उनके निजी परिवार को पार्टी और परिवार में अछूत बना दिया गया था। ऐसे में वह पार्टी के अंदर घुटन महसूस कर रही थी। पार्टी से अलग होने की सूचना ससुर शिबू सोरेन को पत्र के माध्यम से देने के बाद उन्होंने नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी का दामन थाम लिया। झारखंड चुनाव प्रभारी और राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत बाजपेयी और पार्टी के महासचिव विनोद तावड़े ने उनका स्वागत किया।

सीता सोरेन ने अपने इस्तीफे में लिखा कि वह झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय महासचिव, सक्रिय सदस्य और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर




### झारखंड को झुकाना नहीं, बचाना है

मौके पर सीता सोरेन ने कहा कि झारखंड को बचाने के लिए वह भाजपा में शामिल हुई हैं। उनके ससुर शिबू सोरेन और पति दुर्गा सोरेन की अगुवाई में अलग झारखंड राज्य की लड़ाई लड़ी गयी। अलग झारखंड राज्य बना लेकिन राज्य का अपेक्षित विकास नहीं हो पाया। आज देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जाता रही है। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हो रही हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड को झुकाना नहीं, बचाना है। सभी 14 सीटों पर कमल खिलेगा।

### विस की सदस्यता से दिया इस्तीफा

जामा विधानसभा क्षेत्र की विधायक सीता सोरेन ने मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर राज्य विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने लिखा है कि मैंने विभिन्न कारणों से झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया है। सीता सोरेन ने लिखा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिंबल पर जामा विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक हूं। पार्टी छोड़ने से उत्पन्न परिस्थितियों को मद्देनजर विधायक पद का भी परित्याग कर रही हूं। यह नैतिकता का तकाजा भी है। साथ ही लिखा है कि मैं इन्हीं कारणों से झारखंड विधानसभा के सदस्यता से इस्तीफा देती हूं। उल्लेखनीय है कि झामुमो की केंद्रीय महासचिव और जामा विधायक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### झारखंड हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

## सरकार प्रमोशन में अब नहीं दे सकेगी आरक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाईकोर्ट ने प्रमोशन में आरक्षण के खिलाफ दायर एक मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि आज से प्रमोशन में आरक्षण झारखंड सरकार नहीं दे सकती है। जब तक की झारखंड सरकार सुप्रीम कोर्ट के जरनैल सिंह जजमेंट 1, 2 एवं एम. नागराज के केस में दिए गए दिशा-निर्देश के आलोक में नयी नियमावली नहीं बनाती।

एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया था कि झारखंड सरकार का 31 मार्च 2003 का संकल्प गलत है क्योंकि इसमें सुप्रीम कोर्ट के एम. नागराज जजमेंट एवं जरनैल सिंह जजमेंट में जो गाइडलाइन दिया गया था उसका पालन नहीं किया गया है। अदालत ने 2003 से लंबित इस याचिका को मंगलवार को निष्पादित कर दिया।

अपने फैसले में अदालत ने कहा है कि झारखंड सरकार का 31 मार्च 2003 का संकल्प अब प्रभावी नहीं होगा। जब तक नियमावली, गाइडलाइन, एग्जिक्यूटिव इंस्ट्रक्शन सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट एम. नागराज एवं जनरैल सिंह जजमेंट 1 व 2 के आलोक में नहीं लाए जाते।

वर्ष 2003 में राज्य सरकार ने सड़क निर्माण विभाग में पदस्थापित एसटी-एसटी कैटगरी के जूनियर इंजीनियर को असिस्टेंट इंजीनियर के पद पर प्रमोशन दिया था। जबकि सामान्य जाति को इसका लाभ नहीं मिला था।सरकार के इस आरक्षण -प्रमोशन के विरोध में झारखंड हाई कोर्ट में रघुवंश प्रसाद सिंह, जय किशोर दत्ता, गणेश प्रसाद समेत 37 से अधिक लोगों ने अगल-अलग समय में रिट याचिका दाखिल की थी।

## सीता सोरेन के पार्टी छोड़ने से पहले चंपाई और कल्पना ने हेमंत से की मुलाकात




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झामुमो विधायक सीता सोरेन के इस्तीफे से पहले मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और कल्पना सोरेन ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी। दोनों मंगलवार को होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा पहुंचे और वहां न्यायिक हिरासत में चल रहे पूर्व मुख्यमंत्री सह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन से मिलकर वर्तमान हालात पर चर्चा की। बताया गया है कि मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की करीब 40 मिनट तक हेमंत सोरेन के साथ गुफ्तगू हुई। इसके कुछ देर बाद सीता सोरेन ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा पत्र शिबू सोरेन को सौंप दिया।

## आजकल




## दिल्ली पुलिस का इंस्पेक्टर बन छात्रा के पिता से ठगी

**पलामू।** दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर बनके पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के पोंची निवासी भूषण शुक्ला से 40 हजार की ठगी साइबर अपराधियों ने कर ली। इस संबंध में भुक्तभोगी ने सतबरवा थाना को सूचना दी है। बताया है कि उसकी बेटी दिल्ली में पढती है। मंगलवार को फोन आया कि मंत्री के बेटे के साथ चार लड़कियों ने शोषण किया है। तीन लड़कियों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। उसकी लड़की शोषण करने की बात कबूल नहीं कर रही है। अगर उसे बचाना चाहते हो तो मैं डीएसपी से बात करता हूं। इससे घबरा कर उन्होंने बताये गए गूगल पे 7501909743 नंबर, जो विधान मंडल नामक व्यक्ति का है पर 40 हजार रुपए डाल दिये।

## बुढ़मू से टीएसपीसी का उग्रवादी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के कमांडर राहुल गंझू उर्फ खलील दस्ता के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी के कमांडर राहुल गंझू दस्ता सदस्यों के साथ सिरम जंगल में है। सूचना के बाद खलारी डीएसपी के नेतृत्व में बुढ़मू और ठाकुर गांव पुलिस और क्यूआरटी टीम ने उक्त क्षेत्र के छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कमांडर राहुल गंझू जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा जबकि एक दस्ता सदस्य दिलेशर गंझू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सर्च के दौरान पुलिस ने एक बाइक और एक मोबाइल जब्त किया है। फिलहाल गिरफ्तार उग्रवादी से पूछताछ की जा रही है। साथ ही मोबाईल का डेटा खंगाल रही है।

### गढ़चिरौली में पुलिस मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर कोलामरका जंगल में मंगलवार तड़के तेलंगाना से गढ़चिरौली में घुसे नक्सलियों और पुलिस के बीच भीषण मुठभेड़ में 4 नक्सली मारे गए। इनमें नक्सलवादी क्षेत्रीय समिति के सदस्य वर्गेश, मंगी इंद्रवेली क्षेत्र समिति के सचिव कुंमराम भीम, सिरपुर चेन्नूर क्षेत्र समिति के सदस्य राजू कुरसांग और कुट्टीमेट्टा व्यंकटेश शामिल हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि तेलंगाना के कुछ माओवादी सोमवार दोपहर प्राणहिता नदी पार कर गढ़चिरौली में घुसे हैं। इसके बाद नक्सल विरोधी दस्ते के एडिशनल एसपी यतीश देशमुख के नेतृत्व में सी-60 और सीआरपीएफ क्यूएटी की कई टीमें अहेरी उप पुलिस मुख्यालय से नक्सलियों की तलाश में जुट गईं। इस बीच आज तड़के रेपनपल्ली से 5 कि.मी. दूर कोलामरका के पहाड़ों में तलाशी अभियान में लगे जवानों पर नक्सलियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जवानों ने नक्सलियों को करारा जवाब दिया। गोलीबारी रुकने के बाद इलाके की तलाशी में चार नक्सलियों के शव बरामद हुए। मुठभेड़ स्थल से एक एके 47, एक कार्बाइन और दो देशी पिस्तौल, नक्सली सामग्री और अन्य सामान बरामद किया गया है। महाराष्ट्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले चार नक्सलियों को सफाया करने वाली सी-60 टीम को 36 लाख का नकद इनाम देने की घोषणा की है।

### दंतेवाड़ा में मुठभेड़, एक नक्सली ढेर

**दंतेवाड़ा।** जिले के थाना किरंदुल क्षेत्रान्तर्गत दंतेवाड़ा एवं बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्र पुरंगेल गमपुर के जंगल में आज मंगलवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ मे एक नक्सली को ढेर कर दिया है। जवानों ने मुठभेड में कई नक्सलियों के घायल होने की संभावना व्यक्त की गई है। मुठभेड़ की पुष्टि बस्तर आईजी सुदरराज पी. ने किया है।

## इंडिया

## अब तक सबसे महंगा चुनाव मतदान प्रतिशत बढ़ा पाएगा?


सुनील बादल

चुनाव आयोग, सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के अनुसार 2024 के चुनावी खर्च का अनुमान है कि यह सबसे महंगा चुनाव होगा जिसमें बूथों में सारी सुविधाएं उपलब्ध कराकर वोटरों को यह संदेश देना है कि असुविधा के कारण कोई वोटर बूथ में जाने से हिचके नहीं। प्रति मतदाता खर्च रुपये में इस कारण रिकॉर्ड वृद्धि हुई है पर क्या रिकॉर्ड मतदान सुविधाएं बढ़ाकर होगा? क्योंकि कुछ वोटर सुविधाओं की कमी से नहीं जाते पर मतदान का प्रतिशत कम होने के अन्य कई कारण भी हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव की घोषणा करते हुए कहा था कि इस बार हर बूथ पर महिला और पुरुष के लिए शौचालय,दिव्यांगों के लिए रैंप और पीने के पानी जैसी आवश्यक हर सुविधा भारत के चारों कोने में चाहे वो कितने भी सुदूरवर्ती इलाके हों उपलब्ध कराई जाएगी। घर बैठे 85 वर्षीय बुजुर्ग और 60 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग को वोट दिलाना भी अत्यंत खर्चिला है और अनेक स्थानों पर हेलिकॉप्टर या चार्टर्ड प्ले न के उपयोग से चुनाव बहुत ही महंगा साबित होने वाला है। विचारणीय यह है कि क्या सुविधाओं की कमी के कारण लोग कम वोट देने जाते हैं? या रोजी रोजगार की तलाश में बहुत बड़ी संख्या में स्थायी और अस्थायी जो पलायन होता है। उससे गांव के गांव या कस्बे खाली हो जाते हैं और उसमें से कम लोग ही ऐसे होते हैं जो चुनाव के समय अपनी जिम्मेदारी समझते हुए गांव वापस लौट पाते हैं। यह एक बड़ा कारण है, खास तौर पर झारखंड में। जिसके कारण मतदान का प्रतिशत कम हो जाता है। और कई बार बहुत सारे लोग अपनी सक्रियता से या पार्टियों की सक्रियता से वोट का प्रतिशत अपने अपने हिस्से के लिए बढ़ाते हैं जिससे मतदान प्रभावित होता है। जबकि परिणाम देखकर यह लगता है कि जनता ने किसी एक खास पार्टी या विचारधारा को चुना है जबकि यह बूथ मैनेजमेंट कहा जाता है। कार्यकर्ता घर घर पर्ची पहुंचाकर अनुनय विनय कर उन्हें प्रेरित कर बूथ तक ले जाते हैं यह सिलसिला विरोधी समझे जाने वाले वोटरों के पास नहीं की जाती है। इसपर भी चुनाव आयोग को विचार करना चाहिए। 18वीं लोकसभा के लिए हो रहा चुनाव पूरी प्रक्रिया के हिसाब से ही नहीं, मतदाता पर होने वाले खर्च के हिसाब से भी सबसे महंगा चुनाव होने वाला है। इस बार 96.88 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार सुचारु रूप से मतदान कराने पर इस बार भारत सरकार करीब 24 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी। इस लिहाज से हर मतदाता पर करीब 243 रुपये खर्च होने का अनुमान है। अब बात पहले आम चुनाव 1952 की करें, तो 17.32 करोड़ लोगों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। कुल 10.45 करोड़ रुपये खर्च हुए और हर मतदाता पर 60 पैसे की लागत आई। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज (सीएमएस) के अनुसार, 2019 के आम चुनावों में सरकार ने करीब 12 हजार करोड़ रुपये खर्च किए और हर मतदाता पर 93 रुपये खर्च हुए। आंकड़ों पर नजर डालें, तो शुरू के छह आम चुनावों में प्रति मतदाता लागत एक रुपये से भी कम थी। मगर, बढ़ती महंगाई और रुपये के कमजोर होने से हर बार चुनाव के खर्च में बेतहाशा वृद्धि होती है। चुनाव आयोग हर साल मतदाता जागरूकता अभियान, वोटर कार्ड बनाने से लेकर ईवीएम के रखरखाव पर बहुत खर्च करता है। 2014 में पहली बार मतदाता सत्यापित पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) का उपयोग किया गया, इस वजह से भी लागत में वृद्धि हुई। लोकसभा चुनाव पर होने वाला पूरा खर्च भारत सरकार वहन करती है, जबकि कानून-व्यवस्था बनाए रखने का खर्च संबंधित राज्य सरकारों की ओर से वहन किया जाता है।



## पशुपति पारस ने केंद्रीय मंत्री पद से दिया इस्तीफा, नाइंसाफी का लगाया आरोप



**एजेंसी। पटना**
लोकसभा चुनाव में बिहार में सीट बंटवारे को लेकर नाराज चल रहे केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख पशुपति कुमार पारस ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। पशुपति पारस ने दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में यह घोषणा की है। इस्तीफा देते हुए पारस ने कहा है कि उनके और उनकी पार्टी के साथ नाइंसाफी हुई है। उन्हें एक भी सीट नहीं दी गई है। पशुपति कुमार पारस आज शाम चार बजे दिल्ली से पटना के लिए रवाना होंगे। बताया गया है कि पशुपति पारस और उनकी पार्टी के नेता राजद के संपर्क में हैं लेकिन यहां भी बात बनने की संभावना बेहद कम है लेकिन राजनीति में कभी भी कुछ भी संभव है।

## एक नजर

### लाइट हाउस प्रोजेक्ट के पहले चरण में 33 लाभुकों को मिला पजेशन सर्टिफिकेट

**रांची।** इंडिया पीएमएवाई शहरी के अंतर्गत लाइटहाउस प्रोजेक्ट में 33 परिवारों को रांची नगर निगम ने पजेशन दिया है। मंगलवार को कैंप लगाकर वैसे परिवार, जिन्होंने अपना पूरा लाभुक अंशदान जमा कराया है, उनमें 33 परिवार को घर में प्रवेश करने की अनुमति दी है। इसके तहत कुल 467 परिवार ऐसे हैं, जिन्होंने अपना पूरा लाभुक अंशदान जमा कर दिया है। लेकिन, उनमें से सिर्फ 33 परिवारों को ही पजेशन दिया गया है। नगर निगम रांची के सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार ने कहा कि बचे हुए अन्य सभी परिवारों को अगले कैंप में पजेशन सर्टिफिकेट दे दिया जाएगा। साथ ही, उन्होंने कहा कि जिन परिवारों को पजेशन सर्टिफिकेट मिलेगा, उनकी ऑन स्पॉट होल्डिंग प्रक्रिया भी पूरी कर दी जाएगी।

### संस्कृति एवं सांस्कृतिक इतिहास पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

**रांची।** रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान में मंगलवार को उत्तर-पूर्व राज्यों की संस्कृति एवं सांस्कृतिक इतिहास पर चार दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में देशभर के विद्वान, इतिहासकार, भाषाविद और शोधार्थी शामिल हुए। संस्थान के निदेशक और वरिष्ठ साहित्यकार रनेंद्र ने कहा कि हम शिकारियों के मुख से सिंह का इतिहास सुनते आए हैं। इस संगोष्ठी के माध्यम से हम सिंह की कहानी सिंह के मुख से ही सुन पाएंगे। उन्होंने हिंदी पट्टी के लोगों के अपने इतिहास की आत्मुग्धता पर आलोचनात्मक टिप्पणी भी की। उद्घाटन सत्र में राज्य के वरिष्ठ आलोचक रविभूषण ने उत्तर-पूर्व राज्यों को लेकर बताया कि इन राज्यों की आपसी समन्यवता और सहभागिता के लिए ही इन्हे सात बहनों और एक भाई का राज्य कहा जाता है।

### पिस्का पंचायत में निकली न्याय यात्रा




**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत पिस्का पंचायत में झामुमो सिल्ली प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया जी के नेतृत्व में न्याय मार्च यात्रा निकला गया। यात्रा में शामिल लोगों ने ग्रामीणों से अपील किया कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को न्याय दिलाने का कम करें तथा झारखंड में झामुमो की सरकार बनाने में अपना अपना योगदान दे। इस मौके पर रांची जिला महिला मोर्चा उपाध्यक्ष मंजू महतो, रांची जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष फलाहारी महतो, हेमंत कुमार महतो, रघुनाथ बेदिया, निरंजन, दिनेश, सावन, हरिचरण, नारायण, रंथु, शिवराम, बनमाली, सोनाराम, सोनाराम,मकरु आदि झामुमो के सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

बारिश व भीषण आंधी से सड़क पर गिरा पेड़, आवागमन बाधित

# थानेदार के प्रयासों से गिरे हुए पेड़ को काटकर शुरू किया गया आवागमन



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड में झमाझम बारिश, बारिश के साथ आंधी व आकाशीय बिजली की चमक से इलाकों में ग्रामीण सहमें रहे। बारिश के साथ तेज आंधी की चपेट में आने से अलग-अलग इलाकों में पेड़ों के गिरने तथा छप्पर उजड़ने की खबर मिली। लापुंग से फतेहपुर जाने वाली खूंटी कर्रा लापुंग सड़क पर एक विशालकाय पेड़ गिरने से लापुंग पुलिस की गाड़ी चपेट में आने से बाल बाल बची। हालांकि सड़क पर पेड़ के गिरने से यातायात बाधित रही। पेड़ जिस समय गिरी उसके महज कुछ ही सेकेंड बाद ही लापुंग के थानेदार संतोष कुमार यादव अपने पुलिस बल के साथ उसी रास्ते से ड्यूटी कर लौट रहे थे। थानेदार संतोष कुमार यादव ने आसपास के ग्रामीणों की मदद से पेड़ की डालियों को कटवाकर रास्ते से हटवाया। इस दौरान पेड़ के गिरने से जियो कंपनी का केबल कवर तार भी सड़क पर गिर गया था। थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव के प्रयासों के बाद गिरे हुए पेड़ को रास्ते से युद्ध स्तर पर हटवाकर वाहनों के आवागमन को पुनः चालू कराया। वहीं दूसरी ओर लापुंग प्रखंड मुख्यालय स्थित बिरसा होटल के उपर के छप्पर का एक हिस्सा टूटकर गिर गया। सबसे बड़ी परेशानी लापुंग की नई बीडीओ उषा मिंज को झेलना पड़ा। उनके लापुंग अंचल के पुराने कार्यालय स्थित लापुंग आवासीय परिसर के बाहर अचानक जल जमाव हो गया जिसके कारण उन्हें आवासीय परिसर से बाहर निकलने में परेशानी झेलनी पड़ी। मनोज कुमार साहु (बजरंग कुमार नाग) सहित अन्य लोगों की मदद से बीडीओ की परेशानी दूर हो पाई। भारी बारिश से लापुंग में कुछ देर तक जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। हालांकि बाद में हालात सामान्य हो गया।

# सैनिकों के परिवार को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**
रांची। सैनिकों के परिवारों को सम्मान देने के उद्देश्य से नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ, रांची में मंगलवार को 'द सोल्जर्स एक्सपेक्टेशन फ्रॉम द लीगल फ्रैटरनिटी' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान देश के बहादुर सैनिकों और उनके परिवारों द्वारा किए गए बलिदानों की याद किया गया। विश्वविद्यालय ने शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ, रांची के कुलपति, सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स के हेड डॉ सुबीर कुमार ने वीर नारियों को शॉल से सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजन में अमन कुमार, आयुष, पटेल एवं अन्य विधार्थी का अहम किरदार रहा। मौके पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही। मौके पर 24 पंजाब रेजिमेंट में कमीशन प्राप्त स्वर्गवासी लेफ्टिनेंट कर्नल संकल्प शुक्ला शौर्य चक्र के परिवार मौजूद थे। एक और सैनिक सूबेदार अलोइस लकड़ा, 15वीं बिहार बिहार रेजिमेंट से उनकी पत्नी अन्ना कच्छप वहां मौजूद थीं।

# माफिया के हाथ में है झारखंड का बस संचालन

## राज्य में सरकारी बस सुविधा नहीं होने से यात्री होते हैं परेशान



**अमित कुमार। रांची**
देश के अन्य राज्यों की तरह झारखंड में राज्य पथ परिवहन निगम नहीं होने से यात्रियों को बस से सफर करने के लिए दोगुनी दर किराये के रूप में देनी पड़ती है और, दिल्ली की तरह महिलाओं को फ्री या अनेक राज्यों की तरह अन्य रियायतों से वंचित होना पड़ता है। वहीं, बिहार या ओडिशा से झारखंड आने वाली बसों में किराया काफी कम लगता है। झारखंड राज्य की स्थापना के साथ ही पूरे राज्य में निजी बसों का स्वामित्व हो गया है। इससे आम लोगों को यात्रा के दौरान अधिक महंगे टिकट खरीद कर सफर करना पड़ता है। सूत्रों के अनुसार कभी सभी रास्तों पर सिर्फ स्टेट बस चलती थी। पर, आज बाहरी राज्यों से सरकारी बसें आती हैं, जबकि झारखंड की अपनी एक भी सरकारी बस नही है। अरबों रुपये के राजस्व का नुकसान भी सरकार को उससे हो रहा है और गरीब जनता बस माफियाओं के मनमाने भाड़े से परेशान है। सूत्रों के अनुसार कई बड़े नेता और अधिकारी भी अपनी बसें चला रहे हैं, जिस पर कोई सवाल नहीं उठाता। अन्य राज्यों की सरकारी बसों का किराया काफी कम होता है, कभी-कभी तो आधा होता है।

### सरकारी बस स्टैंड की हालत है खराब

राजधानी में रांची रेलवे मार्ग पर एक सरकारी बस स्टैंड है, जहां पर राज्य के सभी जगहों के लिए 50 से 60 एसी बसें चलती है। सुविधा की बात करें, तो बस स्टैंड काफी जर्जर स्थिति में है। वहां काम करने वाले लोग बताते है कि यहां की छत काफी कमजोर हो गई है। ऐसे में एक डर का माहौल बना रहता है।



राज्यो में राज्य पथ परिवहन निगम का संचालन नो प्रॉफिट नो लॉस पर है। ऐसे में यहां की सरकार व्यापार के नजरिये से काम करना चाहे तो संभव नहीं। क्योंकि यह लोगों को सुविधा और निजी बस संचालको पर नियंत्रण के लिए होता है। इसमें सरकार चाहे तो पूरी सुविधा के साथ बसों का संचालन कर सकती है। जैसा कि उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और दक्षिण भारत में वहां की सरकार वॉल्वो जैसे बसो का संचालन कर के करती है।
**– केपी राय, केयरटेकर, बीएसआरटीसी रांची सरकारी बस स्टैंड।**

राज्य पथ परिवहन निगम की स्थापना नहीं हो सकी है। राज्य के बने हुए आज 23 साल से अधिक हो चुके हैं, लेकिन निगम की स्थापना नहीं होने से निजी बस संचालकों का मनमानी जारी है। निगम के होने से बस भाड़े की दर का निर्धारण सरकारी स्तर पर होता और निजी संचालको पर शिकंजा बना रहता।
**– राजेंद्र प्रसाद**



सभी राज्यों में राज्य पथ परिवहन निगम घाटे में है। ऐसे में सरकार को व्यापार नहीं करना चाहिए। सरकार को नियंत्रण करना है, तो निजी बसों के संचालन पर करे तो अच्छा रहेगा। राज्य सरकार को निजी बसो के भाड़े का निर्धारण करने का अधिकार है। जहां तक दक्षिण भारत की बात है, तो वहां से अपने राज्य की तुलना करना उचित नहीं होगा। पूरा मामला अरबों की कमाई का है, जिसमें सभी शामिल हैं।
**– किशोर मंत्री, अध्यक्ष एफजेसीसीआइ**



राजधानी के बस स्टैंड में बिहार राज्य से आने वाली कुल छह बसों का पड़ाव है। इसमें गया का किराया 400 रुपये तथा पटना के लिए 525 रुपये लगता है। वहीं, ओडिशा के क्योंझर से चल कर टाटा होते हुए जाने वाली गाड़ी में क्योंझर से टाटा का किराया आज भी 150 रुपये ही लगता है।

# चिकित्सक व नर्स मैत्री भाव से करें कार्य : डॉ राजकुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आइसीएमआर द्वारा वित्त फंड प्राप्त परियोजना पर कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को रिम्स सभागार में किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने कहा कि, सभी चिकित्सक एवं नर्स मैत्री भाव से कार्य करें। गरीब मरीजों के साथ उचित व्यवहार करते हुए उनके कष्टों के निराकरण के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि मैत्री भाव से कार्य करने में बहुत सारी चीजे सरल एवं सहज हो जाती हैं। डॉ राजकुमार ने भगवान बुद्ध को प्रेरणास्त्रोत मानते हुए उन्हीं के विचारों में चलने की सलाह दी। रिम्स इस परियोजना के लिए समन्वय केंद्र है और इसके तहत वरीय-कनिष्ठ चिकित्सक, नर्स व स्ट्रोक प्रबंधन से जुड़े सभी को प्रशिक्षण दिया जाऐगा। कार्यशाला में बुखार, शुगर और रक्तचाप प्रबंधन के साथ-साथ निगलने और बहु-विषयक टीम के महत्व पर चर्चा की गई। कार्यशाला में डीन डॉ विद्यापति, न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र कुमार, सहायक प्राध्यापक डॉ रूपेश कुमार, मेडिसीन विभाग के प्रोफेसर संजय कुमार सिंह सहित कई वरिष्ठ नर्स मौजूद थे।

हजारीबाग में इलेक्शन थीम आधारित फूड फेस्टिवल का होगा आयोजन

# राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

**हजारीबाग।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाता जागरूकता को लेकर जिला प्रशासन,हजारीबाग द्वारा स्वीप कोषांग के माध्यम से इलेक्शन फूड फेस्टिवल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय ने प्रेसवार्ता का आयोजन कर होने वाले गतिविधियों की जानकारी प्रेस को दी। उन्होंने बताया की पहले यह आयोजन की तिथि 20 मार्च निर्धारित थी लेकिन इस तिथि को बारिश की प्रबल संभावना को देखते हुए अब इसे 22 मार्च को करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि तारीख परिवर्तन के अलावा बाकी सभी कार्यक्रम पूर्व निर्धारित रहेगें। उपायुक्त ने बताया कि इन आयोजनों के माध्यम से विशेषकर शहरी मतदाताओं के बीच मतदान के महत्व सहित मतदान के प्रति रुझान को बढ़ाना है। इसी कड़ी में 22 मार्च को स्थानीय कर्जन मैदान में शाम 4 बजे से जिलास्तर पर स्वीप कार्यक्रम के अंर्तगत इलेक्शन फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का पूरा थीम इलेक्शन इन इंडिया पर आधारित है। इस फूड फेस्टिवल को पूरी तरह से इलेक्शन के थीम पर आधारित रखा गया है,जिसके अंर्तगत विभिन्न आकर्षक कार्यक्रमों को शामिल किया गया है।

## डिस्ट्रिक्ट स्टीयरिंग ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन की हुई बैठक

# मतदान केंद्र पर आने में अक्षम दिव्यांगों के लिए घर पर ही वोटिंग की व्यवस्था : विवेक कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**
रांची। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर गठित डिस्ट्रिक्ट स्टीयरिंग ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई।
बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, विवेक कुमार सुमन, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, रांची जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, सहायक निदेशक, जिला समाजिक सुरक्षा, रांची, रविशंकर मिश्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रांची, सुरभि सिंह, प्रतिनिधि साईट सेवर गोपिका आनंद, दिव्यांग आईकॉन, रांची एवं संबंधित सभी अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित थे।
उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, विवेक कुमार सुमन ने बैठक के संबंध में बताया कि दिव्यांगजनों के लिए सुगम एवं समावेशी मतदान को लेकर बैठक में आए सभी को जानकारी देते हुए कहा गया कि भारत निर्वाचन आयोग के सक्षम एप का उपयोग कर दिव्यांग मतदाता अपने लिए व्हील चेयर की व्यवस्था कर सकेंगे। मतदान के दिन इन मतदाताओं के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए फ्री पास की सुविधा रखी जानी है। जहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट उपलब्ध नहीं रहेगा, वहां इनके लिए मतदान केंद्र तक आने जाने के लिए निजी वाहन भी भाड़े पर रखे जाएंगे।



इसके साथ ही जो वाहन से भी मतदान केंद्र पर आने में अक्षम हैं, उनके लिए घर पर ही मताधिकार के प्रयोग की व्यवस्था की गई है। उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची ने बताया कि मतदान केंद्र में 4-4 की संख्या में वॉलिंटियर (18 वर्ष से कम उम्र के) रहेंगे, जो दिव्यांग मतदाता को मतदान कराने में सहयोग करेंगे। मतदान के लिए तीन लाइन बनेगी। इसमें दिव्यांग मतदाता सीधे बिना लाइन में लगे अपना मतदान कम से कम समय में कर पाएंगे। उन्होंने मतदान केंद्र में विशेष सफाई अभियान चलाने को कहा, ताकि मतदाताओं को स्वच्छ वातावरण मतदान मुहैया कराया जा सकें। उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची ने कहा की पीडब्ल्यूडी मतदाता मतदान केंद्रों के समीप पहुंच सकें, इसके लिए मतदान कर्मी और प्रतिनियुक्त पुलिस कर्मी को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। मतदान केंद्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीम भी रहेगी, जो मतदाताओं को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराएगी। ज्ञात हो कि आगामी चुनाव में सभी बूथों पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध है अथवा नहीं, इसके लिए एक थर्ड पार्टी सोशल ऑडिट टीम द्वारा सभी बूथों पर सर्वेक्षण के कार्य किया जा रहा है, जिससे निष्पक्ष रूप से सभी बूथों का ऑडिट हो सके ससमय आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

# सीसीएल के आम्रपाली एवं चंद्रगुप्त क्षेत्र ने समय से पहले पूरा किया उत्पादन लक्ष्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सीसीएल के आम्रपाली एवं चंद्रगुप्त क्षेत्र ने 21 एमटी का उत्पादन लक्ष्य निर्धारित समय से 13 दिन पूर्व ही प्राप्त कर लिया है। पिछले वर्ष आम्रपाली एवं चंद्रगुप्त क्षेत्र ने 18 एमटी कोयले का उत्पादन किया था। पिछले वर्ष की तुलना में आम्रपाली क्षेत्र ने 26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अब तक 21 एमटी कोयले का उत्पादन किया है। महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों की पूरी टीम पूरी निष्ठा के साथ उत्पादन में लगी हुई है। आम्रपाली एवं चंद्रगुप्त क्षेत्र सीसीएल की महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी क्षेत्र है। इसके अंतर्गत आम्रपाली एवं चंद्रगुप्त नाम की दो परियोजनाएं हैं। आम्रपाली परियोजना में लगभग 467 एमटी कोयले का का भंडार है, वहीं दूसरी परियोजना चंद्रगुप्त में 527 एमटी कोयले का भंडार है। इस वित्तीय वर्ष में आम्रपाली परियोजना 23 एमटी उत्पादन की ओर अग्रसर है। ज्ञात हो कि इस वर्ष सीसीएल का उत्पादन लक्ष्य 84 एमटी है। सीसीएल सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी के नेतृत्व में पूरी टीम लक्ष्य प्राप्ति की ओर सफलतापूर्वक अग्रसर है। वार्षिक उत्पादन के लिए श्रमिक बंधुओं को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यालय से वरीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का नियमित रूप से दौरा किया जा रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने की आर्थिक मदद



**चान्हो।** प्रखंड के बलसोकरा पंचायत करमटोली के पूर्व बुथ अध्यक्ष नंदन महतो का बिगत 11 दिन पूर्व बीमारी के कारण मृत्यु हो गयी थी।कल के ब्राह्मण भोज कार्यक्रम के लिए परिवार को भाजपा नेता सन्नी टोप्पो के सहयोग से चान्हो मण्डल के द्वारा राशन सामग्री उपलब्ध कराया गया। मौके पर मण्डल अध्यक्ष विजय महतो, उपाध्यक्ष दीपक साहू, पूर्व उपाध्यक्ष गोविंद साहू, सांसद प्रतिनिधि दया सिंह, पूर्व महामंत्री रामलखन महली, करमटोली बुथ अध्यक्ष सोमरा उराँव उपस्थित रहे। आगे स्वर्गीय नंदन महतो के परिवार के साथ भाजपा परिवार हमेशा साथ रहेगी ऐसा आश्वाशन दिया गया।

### शिव उरांव ने अपने पद व सदस्यता से दिया त्यागपत्र

**चान्हो।** रांची जिला कांग्रेस महासचिव शिव उरांव ने मंगलवार को अपने पद एवं कांग्रेस की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया। इस बारे में उन्होंने बताया कि इस्तीफा निजी कारणों से दी गई है। शिव उरांव प्रखंड के टांगर पंचायत के बरहे गांव का रहने वाला है। वे 2005 से ही कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष और रांची जिला यूथ सचिव के पद को पर रह चुके है। वर्तमान में वह कांग्रेस के जिला महासचिव के पद पर आसीन थे। उनके इस्तीफा को अलग-अलग नजरिए से देखा जा रहा है। कांग्रेस से इस तरीके से अचानक इस्तीफा देने से उनका अपना भविष्य तलाशना भी हो सकता है। कयास यह लगाया जा रहा हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव में अपना भविष्य की तलाश में है। क्योंकि कांग्रेस में रहकर उन्हें अपना राजनितिक भविष्य उन्हें नजर नहीं आ रहा।

### बीआईटी मेसरा लालपुर केंद्र में डाटा विश्लेषण पर कार्यशाला संपन्न



**रांची।** बीआईटी मेसरा लालपुर केंद्र में मंगलवार को मार्केट इनसाइट्स (डीएएमआई-24) के लिए डाटा विश्लेषण पर पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। समापन दिवस पर तीन सत्र थे और प्रतिभागियों के लिए एक परीक्षण हुआ, जिसके बाद समापन हुआ। समापन दिवस के लिए डॉ श्रद्धा शिवानी, डीन पूर्व छात्र एवं अंतरराष्ट्रीय संबंध बीआईटी मेसरा, डॉ एस रॉय, बीआईटी मेसरा और डॉ तपोष घोषाल, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित प्रबंधन सलाहकार संसाधन व्यक्ति थे। अंतिम दिन का उद्देश्य निर्णय लेने की अंतर्दृष्टि के लिए डाटा विश्लेषण के लिए एक शीर्ष से नीचे रणनीतिक दृष्टिकोण प्रदान करना था। समापन सत्र की अध्यक्षता बीआईटी मेसरा (लालपुर) की निदेशक डॉ. वंदना भट्टाचार्या ने की और सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. तपोश घोषाल थे। कार्यशाला समन्वयक डॉ सोमनाथ मुखर्जी ने कार्यशाला की प्रगति की जानकारी दी और सत्रवार निष्कर्षों पर प्रकाश डाला और धन्यवाद ज्ञापन भी किया। निदेशक (प्रभारी) बीआईटी मेसरा, लालपुर ने कार्यशाला को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और सभी संकाय सदस्यों से इस तरह की कार्यशाला और कार्यक्रमों की योजना बनाने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि डॉ तपोश घोषाल प्रतिभागियों और आयोजकों की ऊर्जा और प्रेरणा से अभिभूत दिखे। डॉ घोषाल ने पाठ्यक्रम डिजाइन की सराहना की और आगे भी इसी तरह के शिक्षण सत्रों की शुभकामनाएं दीं। इससे पहले कार्यशाला का उद्घाटन 15 मार्च को बीआईटी मेसरा के डीन ऑफ फैकल्टी अफेयर्स (डीओएफए) डॉ अशोक शेरोन ने किया था।

### लगातार दूसरे दिन हुई बारिश, गिरा पारा, बढ़ी ठंड

**रांची।** राज्य में मंगलवार को दूसरे दिन भी झमाझम बारिश हुई। इससे पारा गिर गया और ठंड का अहसास हो रहा है। मंगलवार दोपहर बाद से ठंडी हवा चल रही है। रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ बारिश हुई। एक-दो स्थानों पर ओलावृष्टि भी दर्ज की गई। सबसे अधिक वर्षा 38.2 एमएम रामगढ़ में दर्ज की गई। वहीं, 35.8 डिग्री सेल्सियस के साथ गोड्डा सबसे गर्म जिला रहा। रांची जिला 16.2 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा रहा। राज्य में अगले 2-3 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। इस संबंध में रांची मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में मौसम का जो सिस्टम फिलहाल बना हुआ है, उसका व्यापक असर देखने को मिला है। एक टर्फ झारखंड से लेकर तटीय आंध्र प्रदेश तक बना हुआ है। इसका भी असर झारखंड के मौसम में देखने को मिल रहा है। इसके प्रभाव से कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो रही है। साथ ही, गर्जन के साथ वज्रपात देखने को मिल रहा है। इसके अलावा कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई गई है। अभिषेक आनंद के अनुसार बुधवार को राज्य के पश्चिमी, दक्षिणी, मध्य भागों गुमला, खूंटी, रांची, सिमडेगा और पश्चिम सिंहभूम में गर्जन के साथ हल्के से मध्यम वर्ज की वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान कहीं-कहीं पर 40- 50 किमी घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ वज्रपात होने की संभावना है। इसे लेकर ब्लू अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, 21 मार्च को भी राज्य के उत्तर-पूर्वी, दक्षिण-पूर्वी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है।

### विदेशी नागरिकों से साइबर ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर का संचालन कर यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया के लोगों से ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर ठगों में एकरामुल अंसारी और रविकांत शामिल हैं। इनके पास से पांच लैपटॉप, चार पेन ड्राइव, 27 कंप्यूटर, एक मेमोरी कार्ड, तीन राउटर, सात मोबाईल, कॉल सेंटर के कर्मचारियों का अटेंडेंस रजिस्टर, एक जॉब अपॉइंटमेंट लेटर, एक लीज एग्रीमेंट, एक रेंट एग्रीमेंट, तीन चेक बुक और पांच क्रेडिट कार्ड बरामद किया गया है। सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रांची के अपर बाजार स्थित किशोरगंज चौक में बीएम हाइट्स स्थित तीसरे तल्ले के ऑफिस में अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर का संचालन किया जा रहा है। सूचना के बाद सीआईडी टीम से मामले की जांच करायी गयी। प्राप्त सूचना के अनुसार, रांची में 2021-22 में एक गिरोह कॉल सेंटर चलाता था। बाद में कॉल सेंटर को शिफ्ट करके गोरखपुर ले गये। यहां पर वे लोग यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया के नागरिकों के साथ धोखाधड़ी करने के जुर्म में गिरफ्तार हुए। उन्हीं लोगों में से कुछ लोग रांची में कॉल सेन्टर चला रहे हैं और यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया के नागरिकों के साथ धोखाधड़ी कर रहे है।सत्यापन के क्रम में पता चला कि दो लोग कादिर अंसारी और मोहम्मद एकरामूल अंसारी जो गोरखपुर में गिरफ्तार हुए थे, अब रांची के रहने वाले गौरव गुप्ता, विकास, सलोनी, वशीम और रवि कान्त के साथ मिलकर पिछले करीब एक साल से यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया के नागरिकों के साथ धोखाधड़ी कर ठगी कर रहे हैं।



# विराट निशान शोभायात्रा के साथ प्रारंभ हुआ श्री श्याम फाल्गुन सतरंगी महोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मंडल, रांची का तीन दिवसीय श्री श्याम फाल्गुन सतरंगी महोत्सव मंगलवार को विराट निशान शोभायात्रा के साथ अत्यंत धूमधाम से प्रारंभ हुई। श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में विधि-विधान से निशान पूजन के पश्चात आरती की गई। इसके बाद गगनभेदी जयकारों के बीच 750 भक्तगण अत्यंत श्रद्धा के साथ अपने-अपने कंधे पर श्री श्याम निशान लेकर नाचते-झूमते श्री श्याम प्रभु को निशान अर्पित करने निकल पड़े। निशान धारियों के अलावा बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ शोभायात्रा के साथ चल रही थी।

दिव्य रथ पर विराजमान हो श्री श्याम प्रभु नगरवासियों को आशीष प्रदान कर रहे थे। साथ ही, श्री श्याम मंडल की दो टोलियां संगीतमय भजन 'डोरी खींच राखिजो यो है बाबा को निशान', 'श्याम रंगीला पलका उघाड़ों फाल्गुन आ गयो', 'लेकर चलो श्याम के पावन निशान को, मस्ती में तुम भी चलो धाम को', 'फागण आया होली आई, ढोल बजे रे मृदंग, श्याम धणी से होली खेलन, आये मस्त मलंग' आदि गाकर पूरे वातावरण को श्याम मय बना रही थीं। इस अवसर पर पूरे मार्ग में रंग, अबीर-गुलाल एवं भजनों की मस्ती लेते भक्तगण शोभायात्रा में शामिल थे।



इस अवसर पर विभिन्न जगहों पर श्याम प्रेमियों ने अपने घर एवं प्रतिष्ठान के द्वार पर श्री श्याम प्रभु का स्वागत पारंपरिक आरती व भोग एवं पुष्प वर्षा से किया। संपूर्ण मार्ग में श्री श्याम मंडल रांची द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। रास्ते में शुद्ध जल, जूस आदि का भी वितरण किया गया। कई धार्मिक संथाओं ने भी इस शोभायात्रा का स्वागत किया। निशान यात्रा के अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचने पर सभी श्याम भक्तों ने उत्साह के साथ भाव विभोर होकर श्री श्याम प्रभु को निशान अर्पित किया। इसके बाद समापन आरती के साथ आज के कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस निशान यात्रा को सफल बनाने में अनिल केजरीवाल, मनोज सिंघानिया, सुनील मोदी, प्रदीप अग्रवाल का सहयोग रहा।

### केसरिया होली समारोह आज

श्री श्याम मंडल, श्री श्याम मंदिर, अग्रसेन पथ के मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने बताया कि बुधवार (20 मार्च) को मंदिर में रात्रि 9:00 बजे से मुख्य कार्यक्रम प्रारम्भ होगा। उन्होंने कहा कि श्री श्याम प्रभु का विराट शृंगार, छप्पन भोग, सवामनी भोग, केसरिया होली समारोह का मुख्य आकर्षण होगा।

## एक नजर

### नवसृजित सेंटर ऑफ एक्सेलेंस के लिए कैडेट्स का चयन 21 से

**रांची।** रांची में खुले सेंटर ऑफ एक्सेलेंस के लिए योग्य कैडेट्स का चयन 21-23 मार्च को होगा। प्रतिभा चयन के संबंध में रांची जिला खेल पदाधिकारी (डीएसओ) के स्तर से सूचना जारी कर दी गई है। इसके मुताबिक, बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में फुटबॉल खेल के लिए निर्धारित अवधि में ट्रायल होगा। कुश्ती के लिए गणपत राय इंडोर स्टेडियम, होटवार तथा बैडमिंटन के लिए ठाकुर विश्वनाथ इंडोर स्टेडियम, होटवार में ट्रायल होगा। हर सेंटर में 25-25 योग्य बालक, बालिकाओं का चयन होगा। पूर्व में सेंटर ऑफ एक्सेलेंस के लिए हुए ट्रायल में चयनित प्रशिक्षुओं की समीक्षा करते उन्हें वरीयता दी जाएगी। राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भागीदारी कर चुके खिलाड़ियों को भी प्राथमिकता दी जाएगी। प्राथमिकता के आधार पर 16-18 वर्ष के आयुवर्ग के खिलाड़ियों को महत्व दिया जाएगा, ताकि उन्हें लंबे समय तक ट्रेनिंग देकर उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए तैयार किया जा सके।

### झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की कार्यशाला में बोले आईटी उप समिति के चेयरमैन मनोज कुमार मिश्रा

# डिजिटल युग में आइटी का उपयोग व्यवसाय की वृद्धि और सफलता में महत्वपूर्ण कारक

- **चैंबर के प्रयास का निकट भविष्य में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा : आरती सिंह**
- **प्रत्येक जिले में महिला मार्केट की स्थापना का भी हम कर रहे प्रयास : किशोर मंत्री**




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की आईटी उप समिति ने चैंबर भवन में मंगलवार को कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती सिंह उपस्थित थीं। इसका मुख्य एजेंडा कम आय वाली महिला उद्यमियों की उन्नति के लिए आईटी के उपयोग पर चर्चा करना था। इसमें समावेशी वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने के प्रति समिति के समर्पण पर प्रकाश डाला गया। आईटी उप समिति के चेयरमैन मनोज कुमार मिश्रा ने मंच संचालन करते हुए कहा कि आईटी का उपयोग आज के डिजिटल युग में व्यवसायों की वृद्धि और सफलता में एक महत्वपूर्ण कारक बन गया है। हालांकि, यह देखा गया है कि कम आय वाली महिला उद्यमियों को संसाधनों, प्रशिक्षण और जागरूकता की कमी जैसे विभिन्न कारणों से प्रौद्योगिकी अपनाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इससे उनकी विकास क्षमता में बाधा आती है और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक उनकी पहुंच सीमित हो जाती है।

कार्यशाला में कम आय वाली महिला उद्यमियों के बीच आईटी को बढ़ाने के लिए सहायता और संसाधन प्रदान करने के पहलुओं पर चर्चा हुई। उप समिति चेयरमेन ने विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जो महिलाओं को अपना व्यवसाय स्थापित करने और विस्तार करने में सहायता कर सकते हैं।

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि कुटीर उद्योग से जुड़ी महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद को बेहतर मार्केट मिल सके, इसके लिए प्रत्येक स्तर पर कार्रवाई जारी है। वेंडर मार्केट की तर्ज पर प्रत्येक जिले में महिला मार्केट की स्थापना का भी हम प्रयास कर रहे हैं, जिसके दूरगामी परिणाम आएंगे। डिजिटल युग में साइबर क्राइम की घटनाएं भी बढ़ी हैं, जिसके प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। आइटी के क्षेत्र में राज्य के मेधावी विद्यार्थियों के अन्य राज्यों में पलायन पर भी उन्होंने चिंता जताई और सरकार से राज्य में आइटी हब स्थापित करने की मांग की। झारखंड भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती सिंह ने अपने विचार साझा करते हुए अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे आईटी उन्हें आत्मनिर्भर बनने और देश के विकास में योगदान देने में सक्षम बना सकता है। समावेशी विकास को बढ़ावा देने और कम आय वाली महिला उद्यमियों की प्रगति का समर्थन करने की दिशा में चैंबर के इस प्रयास के लिए उन्होंने आइटी उप समिति के प्रयासों की सराहना की। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे ऐसे प्रयासों को देखकर खुशी होती है, जो हमारी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस प्रयास का निकट भविष्य में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव शैलेश अग्रवाल, अमित शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, उप समिति चेयरमेन मनोज कुमार मिश्रा, सदस्य संतोष अग्रवाल, स्वामी दिव्यज्ञान, नीतू सिंह, प्रीति सिन्हा, सुधा नायक, पुष्पा झा, रीना कुमारी, संजीता कुमारी, मंजू गदयान, आशा सिन्हा, सुभम सिन्हा, धनंजय सिंह, देवनंदन उरांव, विनय सिंह, शिवनारायण सिंह, सुचिता सिंह, सरिता पांडे, निशी जयसवाल समेत कई लोग उपस्थित थे।

# बीओआई प्रदर्शनी में होली-वेडिंग कलेक्शंस के प्रीमियम ब्रांड उपलब्ध : संजय अग्रवाल

- **होटल चाणक्य बीएनआर में दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ**
- **विभिन्न राज्यों के डिजाइनर कपड़े और ज्वेलरी बने आकर्षण का केंद्र**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी के 21वें संस्करण का शुभारंभ मंगलवार को रांची के होटल चाणक्य बीएनआर में हुआ। मुख्य अतिथि ब्रेस्ट कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ नम्रता महंसरिया, विशिष्ट अतिथि मेकअप आर्टिस्ट ईशा मल्होत्रा, लेडीज सर्कल 169 की चेयरपर्सन सीआर स्नेहा जैन व बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं सीईओ संजय अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में 40 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिसमें ग्राहकों के लिए देश के विभिन्न राज्यों की डिजाइनर ज्वेलरी, कपड़े, घरेलू सजावट उत्पाद, फुटवेयर्स आदि उपलब्ध हैं। इस अवसर पर बुटिक्स ऑफ इंडिया (बीओआई) के संस्थापक एवं सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा, हम इस बार ग्राहकों के लिए होली एवं अन्य त्योहारों को ध्यान में रखते हुए प्रदर्शनी को यहां लेकर आए हैं। यहां ग्राहक विभिन्न प्रकार के उत्पादों से अपनी जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। इस प्रदर्शनी में खासकर होली एवं वेडिंग के खास कलेक्शंस को शामिल किया गया है। फैशन में स्थानीय पसंद को ध्यान में रखते हुए देशभर से ब्रांडों को चुनते हुए प्रीमियम ब्रांडों को इस प्रदर्शनी के लिए चयनित किया गया है। उन्होंने कहा कि बुटिक्स ऑफ इंडिया इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में विशेष रूप से अपने क्यूरेटेड शो को पेश करने जा रहा है। इसमें फैशन, ब्राइडल वियर, होम डेकोर, हैंडलूम, ज्वेलरी, एक्सेसरीज, किड्स वियर के साथ मेंस वियर शामिल हैं। यह प्रदर्शनी सभी ग्राहकों के लिए निःशुल्क प्रवेश के साथ दिन में 11:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खुला रहेगा। संजय अग्रवाल ने कहा कि बीओआई न केवल खरीदारी करने का स्थान है, बल्कि यह कई छोटे नवोदित उद्यमी लोगों के लिए एक व्यापार मंच भी है, जो जीवन में कुछ बड़ा करने का सपना देखते हैं।

# रांची में चलाया गया एंटी क्राइम चेकिंग अभियान



रांची में मंगलवार को कई जगहों पर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। रातू के युवराज चौक पर दोपहिया समेत सभी वाहनों की सघन जांच करती रांची पुलिस की टीम।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में आपराधिक घटनाओं पर अकुंश लगाने के लिए मंगलवार को विभिन्न इलाकों में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। कई चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर चलाये गए अभियान के तहत पुलिस ने बाइक और कार की जांच की। कागजात के साथ चालक की भी तलाशी ली गई। पुलिस ने 17 बाइक सवारों को 27,500 रुपये का चालान काटा है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में मेन रोड, रातू रोड, कचहरी चौक, सिटी डीएसपी कुमार वेकटेश रमण के नेतृत्व में कांटा टोली, लालपुर, सदर डीएसपी अमित कुमार के नेतृत्व में डिस्टलरी पुल सहित अन्य जगहों पर अभियान चला। अभियान में पीसीआर के अलावा गश्ती पुलिस की टीम भी शामिल थी।

### ट्रेन से 39 बोतल शराब जब्त

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को 'ऑपरेशन सतर्क' के तहत चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ट्रेन संख्या 18624 हटिया-इस्लामपुर एक्सप्रेस के कोच (संख्या एस-6) में दो बैगों में विभिन्न ब्रांड के 39 बोतल शराब बरामद की गई। इसकी बाजार मूल्य 42 हजार 700 रुपये बताई गई है। जानकारी के अनुसार, आरपीएफ हटिया के सहायक उप निरीक्षक रवि शेखर ने शराब को जब्त कर उत्पाद विभाग को सौंप दिया है।

# सीसीएल ने किया निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गांधीनगर अस्पताल, सीसीएल के जन आरोग्य केंद्र में मंगलवार को निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 120 लोगों की जांच की गई। शिविर में चिकित्सा के दौरान 45 मोतियाबिंद के मरीज मिले। इन मरीजों का इलाज/सर्जरी गांधीनगर अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क किया जाएगा। शिविर में शामिल हुए बाकी सभी मरीजों को भी निःशुल्क दवा दी गई। ज्ञात हो कि सीसीएल सीएमडी डॉ बी. वीरा रेड्डी के मार्गदर्शन एवं निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र के नेतृत्व में सीसीएल अपने हितधारकों के लिए इस तरह का आयोजन समय-समय पर करता रहता है। सीसीएल के कमान क्षेत्र सहित आसपास के लोग इस शिविर का लाभ लेने के लिए शामिल हुए। इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा प्रदान करना था। इस शिविर के सफल आयोजन में डॉ रत्नेश जैन, सीएमएस इंचार्ज, सीसीएल, डॉ प्रीति तिग्गा, सीएमओ, सीएसआर इंचार्ज, डॉ दीपाली, डॉ सत्यप्रकाश रंजन, डॉ रजनी कुजूर, नेत्र विशेषज्ञ, डॉ स्मिता आनंद, डॉ शिल्पी झा, डॉ अंशु, डॉ शाम्भवी एवं पारा मेडिकल स्टाफ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### सकारात्मक नजरिए के साथ जमीन से जुड़ी हैं कविताएं

# 'मीनू' मीना सिन्हा का काव्य संग्रह 'अनुभव के दरख्त' लोकार्पित




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

साहित्यकार 'मीनू' मीना सिन्हा की तीसरी पुस्तक 'अनुभव के दरख्त' का लोकार्पण मंगलवार को झारखंड प्रदेश अंगिका समाज के तत्वावधान में अंगिका समाज के बुद्धिजीवियों एवं साहित्यकारों ने किया। 'अनुभव के दरख्त' काव्य संग्रह है। लोकार्पित पुस्तक में सकारात्मक नजरिए के साथ जमीन से जुड़ी कविताएं हैं। संकलन में 'अपनी बात' की काव्यमय प्रस्तुति दिल को छूती हुई उम्मीद की ऐसी किरण जगाती दिख पड़ती है, जो अंधेरे को मिटा देने के लिए आकुल-व्याकुल है। सामाजिक विसंगतियों पर निर्मम प्रहार है, तो 'प्रेम की रची-पगी चाशनी', 'राजनीति की निर्ममता', 'मतदान की जागरूकता', 'आतंकवादियों को मुख्य धारा में लाने की कारुणिक पुकार', 'तार-तार होते रिश्तों की कथा', 'होली की मस्ती', 'विरहिणी की व्यथा', 'प्रकृति की मनमोहकता-भयावहता', 'सोशल मीडिया पर दिखावा', 'देशभक्ति के ओजपूर्ण स्वर', 'सेवानिवृत्ति का अमृत फल' एवं हास्य-व्यंग्य विधा में समाहित कविताएं, जो हमें रोजमर्रा की जिंदगी से रूबरू कराती हुई इतर अहसास कराती हैं। 'कोरोना कहर' खंड में बारह कविताएं 'फिर सुबह आएगी' को गुनगुनाती-दुहराती हुई हैं। बहुमुखी प्रतिभा से संपन्न 'मीनल' उपनाम से प्रसिद्ध 'मीनू' की प्रथम पुस्तक 'जीवनधारा', 2018 और दूसरी पुस्तक 'बिटिया' 2021 में आई। दो काव्य संग्रह 'पत राखो हे मेरी माता और 'गिरिपथ' शीघ्र प्रकाश्य है। गद्य और पद्य दोनों में समान अधिकार रखने वाली 'मीनू' की रचनाएं प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में छपती रहती हैं। 'महादेवी वर्मा स्मृति सम्मान, 'अंग भूमि महिला गौरव सम्मान' सहित सम्मानों की इन्हें प्राप्ति हो चुकी है।

## न्यूज बॉक्स

### श्री श्याम अमृत महोत्सव में हुआ सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल रांची के स्थापना दिवस पर पांच दिनी रंग रंगीलो श्री श्याम फागण महोत्सव मनाया जा रहा है। मंगलवार को महोत्सव का तीसरा दिन था। श्याम बाबा की आराधना के साथ ही रुद्रावतार हनुमान जी की पूजा के लिए 94वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ किया गया। हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में विनोद अग्रवाल, राजकुमारी अग्रवाल, आदित्य एवं सौम्या अग्रवाल ने हनुमान जी की अखंड ज्योति प्रज्वलित की। साज-बाज के साथ श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा का पाठ शुरू हुआ। पूरा मंदिर परिसर जयकारों से गूंजायमान रहा। धनबाद के पंकज मोदी एवं पंकज सांवरिया के संगीतमय पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। 400 लोगों ने सामूहिक पाठ किया और हनुमान जी की आराधना में लीन रहे। मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी, उप मंत्री अनिल नारनोली एवं संजय सराफ ने विधि-विधान से पूजन अनुष्ठान संपन्न कराया। मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, पहले आचार्य रत्नाकर शर्मा एवं अनूप दाधीच तथा मंदिर के अन्य आचार्यों ने श्याम बाबा हनुमान जी एवं शिव परिवार का अनुपम शृंगार किया। महोत्सव संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि बुधवार (20 मार्च) को महोत्सव के चतुर्थ दिन फाल्गुन की बड़ी एकादशी मनाई जाएगी। 5:00 बजे से मंदिर के पट खुले रहेंगे। सभी देवताओं को नवीन बागा से अलंकरण किया जाएगा। मनमोहन फूलों से विशेष शृंगार होगा। सवामनी भोग एवं महाभोग अर्पित किया जाएगा। प्रथम ज्योत रंजीत गाड़ोदिया परिवार द्वारा 10:00 बजे प्रज्वलित की जाएगी। दूसरी ज्योत एक श्याम भक्त परिवार द्वारा रात्रि 9:30 बजे ली जाएगी। हरियाणा की रेखा सुरभि तथा फरीदाबाद के अंश एवं वंश द्वारा संगीतमय भजन पेश किए जाएंगे।

### श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में आज आमलकी एकादशी व्रतोत्सव



**रांची।** फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी का नाम आमलकी है। इसका पवित्र व्रत विष्णु लोक की प्राप्ति कराने वाला है। आमलकी एकादशी इस वर्ष 20 मार्च (बुधवार) को है। इसे रंगभरी एकादशी भी कहते हैं। पहाड़ी मंदिर के निकट स्थित श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में बुधवार की सुबह नित्याराधन, महाआरती, महास्तुति, नैवेद्य तथा तदियाराधन आदि अनेकों आयोजनों के साथ आमलकी एकादशी व्रतोत्सव मनाया जाएगा।

### अखिल भारतीय दसनाम गोस्वामी समाज ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**रांची।** अखिल भारतीय दसनाम गोस्वामी समाज, झारखंड का होली मिलन समारोह कडरू स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया गया। होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में समाज के लोग सपरिवार शामिल हुए। समाज की महिलाओं एवं युवतियों की संख्या उत्साहित करने वाली थी। अखिल भारतीय दसनाम गोस्वामी समाज के प्रदेश महासचिव एसएन भारती ने मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समाज के विकास के लिए एकजुटता सबसे महत्वपूर्ण है। जिस समाज के लोग बिखरे हैं, उसका विकास तो असंभव है ही, समाज को हाशिए पर खड़े रहने पर विवश होना पड़ेगा। उन्होंने समाज के विकास के लिए चलाई जाने वाली गतिविधियों में महिलाओं एवं युवतियों के रुचि लेने एवं बढ़-चढ़कर भाग लेने पर प्रसन्नता व्यक्त की। महासचिव ने कहा कि किसी भी घर या परिवार की तरह किसी भी समाज को संवारने में मातृशक्ति की सबसे अहम भूमिका होती है। होली मिलन समारोह का संचालन करते हुए अध्यक्ष महेंद्र गिरि ने भी एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया। मिलन समारोह में रांची जिले के ग्राम्य अंचलों एवं अन्य जिलों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उपाध्यक्ष राजकुमार गिरि ने सभी का स्वागत किया। रांची जिला अध्यक्ष कमलेश गिरि के अलावा दामोदर गिरि, अरविंद गिरि, बीरेंद्र गिरि, सतीश गिरि, शिव कुमार गिरि, भूषण भारती, प्रदीप गिरि, कृष्णा गिरि, अंत्येश गिरि, विजय पूरी, नंद किशोर गिरि, डॉ सुधीर गिरि सहित कई पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

### रक्तदान कर जिम्मेदार नागरिक बनें : अतुल गेरा



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची में मंगलवार को आईक्यूएसी व झारखंड थैलेसीमिया फाउंडेशन के सहयोग से थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया जागरूकता और रक्तदान के महत्व पर कॉलेज सभागार में सेमिनार का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर नाबोर लकड़ा के स्वागत संबोधन से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित सवेर्स रांची के संस्थापक अतुल गेरा ने कहा कि थैलेसीमिया बीमारी बहुत कम ही व्यक्तियों में पाई जाती है। इस बीमारी से ग्रसित लोगों को बराबर रक्त की आवश्यकता होती है। इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान से इम्युनिटी में वृद्धि होती है। हमारे शरीर में उपलब्ध रक्त की कोशिकाएं हर चार महीने में शिथिल हो जाती हैं और नए सेल बनने लगते हैं। उन्होंने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि नशे से दूर रहकर स्वस्थ दिनचर्या को अपनाएं और रक्तदान कर एक जिम्मेदार नागरिक बनें। सेमिनार में कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर नबोर लकड़ा, डॉ जयंत सिन्हा, डॉ जेपी पांडेय, डॉ मनोहर लाल, डॉ संजय सिन्हा, डॉ मारकुस बारला, फादर संजय केरकेट्टा सहित अन्य प्राध्यापकगण व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### छात्र आजसू ने रांची विवि में किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की रांची विश्वविद्यालय इकाई ने विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें विश्वविद्यालय के हजारों की संख्या मे छात्र-छात्राएं शामिल हुए। मौके पर छात्र आजसू की रांची विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने सभी छात्र-छात्राओं को होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर दीपक दुबे, विपिन यादव, विक्रम यादव, रोहित चौधरी, विशाल कुमार यादव, बियश महतो, रोशन नायक, डालमनी, मंजीत, अभिषेक साहू भी मौजूद थे।

### झारखंड मॉडल स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

**रांची।** झारखंड के 325 ब्लॉकस्तरीय आदर्श विद्यालयों (मॉडल स्कूल) के 70 हेडमास्टरों के पहले बैच के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची में शुरू हुआ। राज्य भर के प्रतिष्ठित मॉडल स्कूलों से प्रधानाध्यापकों के तीन और बैच होंगे। वे अगले तीन वर्षों में तीन चरणों में नेतृत्व और क्षमता निर्माण प्रशिक्षण से गुजर रहे हैं। यह प्रशिक्षण का प्रथम चरण है। पिछले साल, 80 सीएम उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को पहले ही इसी तरह का प्रशिक्षण प्राप्त हो चुका है। इसे लेकर 27 सितंबर, 2022 को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) और आईआईएम रांची के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले चरण में, मॉडल स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को विभिन्न नेतृत्व और कौशल में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

# ससुर शिबू सोरेन को पीड़ा बता परिवार से भी अलग हुईं सीता



उपेंद्र गुप्ता,रांची। दिशोम गुरु शिबू सोरेन की बड़ी बहू और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन ने झामुमो की प्राथमिक सदस्यता के साथ जामा विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। गुरुजी को लिखे पत्र में सीता ने कहा कि मुझे हाल ही में ज्ञात हुआ है कि मेरे और मेरे निजी परिवार के खिलाफ भी एक गहरी साजिश रची जा रही है। मैं अत्यन्त दुखी हूं। मैंने यह दृढ़निश्चय किया है कि मुझे झामुमो और इस परिवार को छोड़ना होगा। मंगलवार को सुबह इस्तीफा देने के कुछ घंटे बाद ही सीता सोरेन भाजपा में शामिल हो गई। सीता सोरेन के इस फैसले से झामुमो और सोरेन परिवार में हलचल मच गई। सोरेन परिवार में सीता सोरेन के इस बगावती तेवर से राजनीतिक बयानबाजी का दौर शुरू हो गया।

## दुर्गा सोरेन सेना पार्टी चलाती हैं सीता की बेटियां

सीता सोरेन शिबू सोरेन के बड़े बेटे व झामुमो के तत्कालीन महासचिव व विधायक दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं। ओडिशा के मयूरभंज में पैदा हुई सीता सोरेन 12वीं तक की पढ़ाई की हैं। उनके पिता का नाम बोदु नरायण मांझी और मां का नाम मालती मुर्मू हैं। 2009 में पति दुर्गा सोरेन की मौत के बाद राजनीति में आईं और पहली बार जामा विधानसभा क्षेत्र से झामुमो के टिकट पर विधायक बनीं, लगातार तीन बार जामा से वे चुनाव जीत रही हैं। सीता की दो बेटियां हैं राजश्री सोरेन और जयश्री सोरेन। साल 2021 के अक्टूबर में उनकी दोनों बेटियों ने अपने पिता के नाम पर एक पार्टी का गठन किया था। इसका नाम दुर्गा सोरेन सेना रखा गया। राजश्री अध्यक्ष और जयश्री कार्यकारी अध्यक्ष हैं। उनकी बेटी राजश्री ने बिजनेस मैनेजमेंट और जयश्री ने कानून की पढ़ाई की है। सीता सोरेन अपनी बड़ी बेटी को दुमका से लोकसभा चुनाव लड़ना चाहती थी, लेकिन पार्टी में इसको लेकर कोई सुगबुगाहट नहीं थी, जिससे भी सीता सोरेन नाराज थी।

## पति की छत्रछाया में छोटी देवरानी होने लगी थीं 'बड़ी'

परिवार और पार्टी में उपेक्षा से सीता सोरेन पहले से ही नाराज थी, समय-समय पर उन्होंने इसका इजहार भी किया है। लेकिन पारिवारिक दवाब में नरम भी पड़ती रहीं। लेकिन 31 जनवरी 2024 को जब हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी पर उनकी पत्नी कल्पना सोरेन का नाम सीएम पद को लेकर आगे किया गया, तब वह बिफर पड़ीं और जमकर विरोध भी किया। जिसके बाद ही चंपाई सोरेन सीएम बने। फिर उन्हें चंपाई सोरेन सरकार में मंत्री बनाने का भरोसा भी मिला, लेकिन 12वां मंत्री पद खाली रहने के बावजूद सीता सोरेन को मंत्री नहीं बनाया गया। उनकी जगह हेमंत के छोटे भाई बसंत सोरेन को मंत्री पद मिल गया। इसके बावजूद वह शांत रहीं, लेकिन हेमंत की पत्नी कल्पना सोरेन को जैसे ही राजनीतिक पिच पर उतारा गया, उनके अंदर का ज्वाला भभकने लगा, गिरिडीह में लांचिंग, संथाल में सभा में शामिल होने के बाद मुंबई में इंडिया ब्लॉक की सभा में जिस तरह कल्पना सोरेन को प्रोजेक्ट किया गया, यह सीता सोरेन को काफी नागवार लगा और फिर मंगलवार को वह सब कुछ हुआ, जिसकी उम्मीद सोरेन परिवार तो फिलहाल नहीं कर रहा था।



महत्वकांक्षा और उपेक्षा में टुट गया परिवार

## सीता का छलका दर्द, दुखी मन से ससुर को भेजा इस्तीफा

अपने ससुर और गुरूजी को लिखे पत्र में सीता सोरेन का दर्द साफ झलक रहा है। उन्होंने पत्र में लिखा, दुखी मन से मैं पार्टी से इस्तीफा दे रही हूं। मेरे पति स्व. दुर्गा सोरेन ने पार्टी के लिए त्याग और बलिदान किया। पार्टी में मेरा कोई सुनने वाला नहीं है। सीता सोरेन ने पत्र में कहा, मेरे परिवार के खिलाफ गहरी साजिश रची जा रही है। मैं झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय महासचिव और सक्रिय सदस्य हूं। वर्तमान में पार्टी की विधायक हूं, अत्यंत दुखी ह्रदय के साथ अपना इस्तीफा दे रही हूं। सीता सोरेन ने पत्र में कहा, मेरे स्वर्गीय पति झारखंड आंदोलन के अग्रणी योद्धा और महान क्रांतिकारी थे।




### गीता के बाद सीता की भाजपा में इंट्री

झारखण्ड के आदिवासी बहुल क्षेत्र संथाल परगना और कोल्हान में एक बड़े राजनीतिक चेहरे की तलाश भाजपा वर्षों से कर रही थी, उसे अब लगभग पूरा होता दिख रहा है, कुछ दिन पहले ही कोल्हान में गीता कोड़ा के रूप में भाजपा को बड़ा चेहरा मिल चूका है, वहीं मंगलवार को संथाल परगना में भी यह इंतजार खत्म हो गया, जब झारखण्ड के सबसे बड़े राजनीतिक परिवार शिबू सोरेन की बड़ी बहू और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन झामुमो छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गयी है। उल्लेखनीय है कि पूर्व सीएम मधू कोड़ा और उनकी पत्नी गीता कोड़ा का कोल्हान में आदिवासियों के सबसे बड़े चेहरे हैं, तो संथाल में सोरेन परिवार सबसे बड़े आदिवासी चेहरा हैं। मतलब साफ है भाजपा को कोल्हान में गीता और संथाल में सीता मिल गयी है, अब दोनों जगह राजनीतिक फिजां बदलना तय है।

### नोट के बदले वोट केस मामले में आया था नाम

**हाल ही में नोट के बदले वोट केस मामले में सीता सोरेन का नाम तेजी से सामने आया था। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि उन्हें विशेष सीबीआई अदालत के समक्ष मुकदमे का सामना करना होगा, जो पहले से ही 2012 के खरीद-फरोख्त मामले में गवाहों से पूछताछ कर रही है।**

# सीता सोरेन ने कभी अपनी पीड़ा नहीं बताई : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सीता सोरेन के भाजपा में जाने का टिस झामुमो में साफ झलक रहा है, झामुमो के हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि उन्होंने अचानक यह फैसला लिया है। अगर नाराजगी थी तो समय देतीं, बातचीत कर जरूर हल निकाला जाता। झामुमो महासचिव ने कहा कि जो पीड़ा उन्होंने पत्र में लिखा है, वहीं पीड़ा पार्टी की बैठक में कभी नहीं बताई, परिवार में ऐसी कोई बात नहीं थी। पार्टी ने उन्हें विधायक बनाया और पार्टी का महासचिव जैसे अहम पद दिया। जहां तक मंत्री बनाने का सवाल है तो इस तरह का कोई आश्वासन किसी को नहीं दिया जाता है। झामुमो महासचिव ने उन्हें शुभकामना देते हुए जरूर कहा कि वे जहां भी गई हैं, उनकी इच्छाएं पूरी हो। साथ ही यह भी कहा कि उनके भाजपा में जाने का दुमका की राजनीति पर कोई असर नहीं होगा।

# दुखी और परेशान महिला को भाजपा ने दिया सहारा : आरती

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने सीता सोरेन के भाजपा में शामिल होने पर कहा कि भाजपा परिवार में सोरेन परिवार की बड़ी बहू का स्वागत है। भाजपा महिला नेत्री ने झामुमो पर तंज कसते हुए कहा कि झामुमो महिलाओं के सम्मान में बड़ी-बड़ी बातें करती है, लेकिन उनके परिवार में ही महिला को मानसिक यातनाएं दी जाती है, परिवार की सबसे बड़ी बहू होने के नाते उनका अधिकार पहले बनता है, फिर उनके पति के समय निधन से उनके प्रति खास सहानुभूति रखना चाहिए था, लेकिन सीता सोरेन ने अपने ससुर को पत्र लिख कर जो पीड़ा बताई है, वह अब किसी से छुपा नहीं रह गया है। शिबू सोरेन जैसे वरिष्ठ नेता अपनी बहू की पीड़ा ही नहीं समझ पा रहे। यह झामुमो की असली तस्वीर पेश कर रही है। वास्तव में झामुमो में बड़बोले नेताओं की भरमार है जो घर तक की हलचल सर्वोच्च नेता तक नहीं पहुंचने देते।

# परिवार से प्रताड़ित थीं सीता सोरेन : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को सीता सोरेन के झामुमो छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने का स्वागत किया है। मरांडी ने कहा कि झामुमो छोड़ने के फैसले पर सीता सोरेन ने अपने ससुर और झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन के नाम जो मार्मिक पत्र लिखे हैं, उसमें उनकी पीड़ा, दर्द स्पष्ट झलक रहा है। मरांडी ने कहा कि सीता सोरेन अपनी पार्टी और परिवार के सदस्यों से वर्षों से प्रताड़ित हो रही थीं। मरांडी ने कहा कि अपमान सहने की भी एक सीमा होती है। सीता सोरेन शिबू सोरेन की बड़ी बहू और स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं। दुर्गा सोरेन ने छाया की तरह झारखंड आंदोलन में गुरुजी का साथ दिया, संघर्ष किया। यदि दुर्गा सोरेन जीवित होते तो झामुमो में मुख्यमंत्री से उम्मीदवार होते लेकिन सीता सोरेन की पीड़ा यही है कि दुर्गा सोरेन के संघर्ष को भुला दिया गया और जिन्होंने कोई संघर्ष नही किया वे शीर्ष पर पहुंच रहे। इसलिए सीता सोरेन की नाराजगी स्वाभाविक है। मरांडी ने कहा कि सीता पार्टी के कार्य कलापों के अतिरिक्त झामुमो के नेतृत्व में चल रही राज्य सरकार से भी खफा रही। उन्होंने लगातार सड़क से सदन तक झामुमो कांग्रेस राजद के गठबंधन से चल रही राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे जल, जंगल, जमीन, खान खनिज, बालू, पत्थर की लूट पर मुखर होकर सवाल खड़ा किए।

उन्होंने खुलकर अत्याचार और भ्रष्टाचार का विरोध किया। उन्होंने कहा कि सरकार के रवैए में कोई सुधार की गुंजाइश नहीं देखते हुए उन्होंने अपने लिए अलग राह चुनी। सीता सोरेन को मोदी की गरीब कल्याण योजनाओं, भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी लड़ाई का संकल्प प्रभावित किया।

# सीता के पत्र पर झामुमो निरुत्तर उनके मुद्दों का जवाब दे पार्टी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता के प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कहा की सीता सोरेन ने खुद पत्र में ये स्वीकार किया है कि पार्टी के भीतर उनको हमेशा अपमानित किया जाता रहा है। उनकी और उनके बेटियों की हमेशा अनदेखी की जाती रही है। प्रतुल ने कहा वह भी तब हुआ जब सीता सोरेन झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पत्नी है और सोरेन परिवार की बड़ी बहू। प्रतुल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में बड़ी बहू को मां का दर्जा प्राप्त होता है। लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपनी मां समान बड़ी बहू को ही अपमानित किया। प्रतुल ने कहा कि झामुमो के प्रवक्ता ने सीता सोरेन के द्वारा उठाए गए मुद्दों का कोई जवाब दिया। जवाब भी कैसे देंगे, कोई जवाब ही नहीं है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सीता सोरेन जी सत्ताधारी गठबंधन में रहने के बावजूद भी भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम चलाया करती थीं। झामुमो के शहंशाह को यह बात शुरू से पसंद नहीं आती थी।

# कांग्रेस सोशल मीडिया के संयोजकों और सह-संयोजकों की हुई नियुक्ति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया विभाग के जिलावार संयोजकों और सह-संयोजको की नियुक्ति कर दी गई है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने मंगलवार को बताया कि सोशल मीडिया के लिए रांची जिला से विकास कुमार यादव, गढ़वा से मोहम्मद मुशाहिद हुसैन, धनबाद से ओम शर्मा, पलामू से मुकेश कुमार सिंह, हजारीबाग से उदय केसरी, रामगढ़ से कमलेश कुमार महतो, चतरा से विक्रम कुमार सिंह, बोकारो से जियाउल अंसारी, देवघर से अमित कुमार पांडेय, पाकुड़ से पियारूल इस्लाम, साहिबगंज से निहाल, गोड्डा से अभिनव कुमार सिंह, जामताड़ा से जियाउल अंसारी, गिरिडीह से हिमांशु गुप्ता, कोडरमा से चांद आलम, दुमका से निश्चय झा, लोहरदगा से असलम अंसारी, लातेहार से शुभम कुमार दुबे, पूर्वी सिंहभूम से राजकुमार वर्मा पश्चिमी सिंहभूम से अमित मुखी, सिमडेगा से रणधीर रंजन, गुमला से संजय गोप, सरायकेला खरसावां से अभिषेक शास्त्री, खूंटी से सुनीता गोप को संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा प्रत्येक जिले में सह- संयोजकों का भी मनोनयन किया गया है। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया विभाग के अनुमोदन के बाद यह नियुक्ति की गयी है।

# प्रिंट मीडिया में विज्ञापन देने के लिए एमसीएमसी की अनुमति अनिवार्य

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संचालन के लिए जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति का गठन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में किया गया है। मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति आदर्श आचार संहिता के प्रभावी रहने के दौरान किसी राजनीतिक दल-अभ्यर्थी द्वारा अपने पक्ष में मतदान के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और अन्य मामलों की गतिविधियों के संचालन एवं निगरानी का कार्य करेगी। इसे लेकर मंगलवार को आयोजित बैठक के दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों की कार्य प्रणाली एवं कार्य दायित्वों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। एमसीएमसी सूचना भवन, जिला जनसंपर्क कार्यालय, खूंटी में कार्यरत है। इस दौरान बताया गया कि निर्वाचन के दौरान चुनाव प्रचार से संबंधित प्रकाशित विज्ञापन की छानबीन तथा वल्क एसएमएस, आवाज संदेशो, टीवी चौनलो, केबल नेटवर्क, रेडियो, निजी एफएम चौनल, सिनेमा हॉल, सार्वजनिक स्थानों पर एवी में प्रदर्शित या सोशल मीडिया, समाचार पत्र एवं किसी अन्य प्रकार के प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रचारित करना पेड न्यूज की श्रेणी में रखा गया है। प्रिंट मीडिया में मतदान दिवस एवं मतदान दिवस से एक दिन पूर्व विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए एमसीएमसी का अनुमति अनिवार्य है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की सामग्री का प्रसारण करने से पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) से पूवार्नुमति आवश्यक होगी। राष्ट्रीय, राजकीयकृत राजनीतिक दल, प्रत्याशी को किसी भी सामग्री के विज्ञापन प्रसारण की तिथि से तीन दिन पूर्व, जबकि अनरजिस्टर्ड राजनीतिक दल या अन्य व्यक्ति को विज्ञापन प्रसारण की तिथि के सात दिन पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

## न्यूज बॉक्स

### कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक भाजपा में शामिल



**रांची ।** कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक और गढ़वा जिला निवासी हरिशंकर प्रसाद के साथ मेट्रो गली रांची निवासी और झामुमो के पूर्व नेता महेश प्रसाद सोनी ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा से ईडी की पूछताछ

**रांची।** हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे। इसके बाद ईडी के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी। ईडी डीएसपी से साहिबगंज में हुए अवैध पत्थर खनन मामले सहित अन्य मामलों में पूछताछ करेगी। मिश्रा पर आरोप है कि उन्होंने साहिबगंज में पोस्टिंग के दौरान पंकज मिश्रा के इशारे पर अवैध पत्थर खनन और परिवहन को बढ़ावा दिया था।

### चर्चित पेट्रोल हत्याकांड में दो आरोपित दोषी करार, सजा 28 मार्च को

**दुमका।** चर्चित पेट्रोल हत्याकांड में अभियुक्त शारूख हुसैन एवं नईम अंसारी उर्फ छोटू दोषी सिद्ध पाया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम रमेश चंद्रा की कोर्ट में सजा के बिन्दु पर 28 मार्च को सुनवाई होगी। घटना 23 अगस्त, 2022 को नगर थाना क्षेत्र के जरुवाडीह की है। युवती पर पेट्रोल डालकर मारने का प्रयास किया था। इलाज के दौरान पीड़िता की 27 अगस्त को रांची में मौत हो गई थी। न्यायालय ने दोनों आरोपितों को हत्या एवं हत्या का साजिश करने का दोषी पाया। सुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से न्यायालय के समक्ष अभियुक्तों की पेशी हुई।

### झारखंड हाई कोर्ट में संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के रिक्त पदों पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका समेत राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की जनहित याचिका की भी सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से बताया गया कि सूचना आयुक्त, लोकायुक्त एवं अन्य संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली गई है लेकिन अभी राज्य में लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसे में इन पदों पर नियुक्ति की जा सकती है या नहीं इस पर वह राज्य सरकार से दिशा-निर्देश लेकर बताएंगे। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता राजकुमार की ओर से वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने कोर्ट को बताया कि यदि सूचना आयुक्त समेत अन्य ने संवैधानिक पदों पर नियुक्ति के लिए कोर्ट आदेश देती है तो ये नियुक्ति हो सकती है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 10 अप्रैल निर्धारित की है। राजकुमार की अवमानना याचिका में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था।

# हिंदी का प्रयोग बेहद सरल, सरकारी कामकाज में बढ़ावा दें : शशि शंकर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने एवं हिंदी को कार्यालय के कामकाज में ज्यादा से ज्यादा उपयोग में लाने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय रांची में मंगलवार को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला की शुरूआत उप महानिरीक्षक (वन) शशि शंकर ने राजभाषा हिंदी कार्यालय की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं कार्यालय में हिंदी में हो रहे कामकाज के बारे में जानकारी दी। शशि शंकर ने कहा कि राजभाषा हिंदी का प्रयोग सरल है और यह जन-जन की भाषा भी है। कार्यशाला के मुख्य वक्ता केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान ने सरकारी कार्यालयों में हिंदी की शत-प्रतिशत प्रयोग पर बल दिया। साथ ही कहा कि इस बात का प्रयास निरंतर किया जाए कि सरकारी कार्यालयों में सभी टिप्पणी, आदेश एवं पत्र इत्यादि हिंदी में ही जारी हों। केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची के आकाश कुमार ने ऑनलाइन उपलब्ध टूल्स का इस्तेमाल कर हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के समापन में वैज्ञानिक सी, क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के एम. राजेश्वर प्रसाद ने मुख्य अतिथि का आभार जताया एवं आगे भी राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने की कामना की।

# डीआईजी ने इंटरस्टेट चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

**रांची ।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं भयमुक्त कराने के लिए पुलिस प्रशासन कई स्तरों पर तैयारी कर रहा है। इसी क्रम में सोमवार की रात डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा झारखंड बंगाल के इंटरस्टेट चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। बोकारो रेंज के डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा सोमवार रात को अचानक चंदनकियारी प्रखंड स्थित इंटरस्टेट सीमाओं पर स्थित चेकनाका में पहुंचकर निरीक्षण किया। डीआईजी चंदनकियारी, भोजूडीह और बरमसिया चेकनाका का जायजा लिया और वहां मौजूद दंडाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने, अवैध सामग्रियों के परिवहन पर रोकथाम लगाने के लिए कई दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि चेक पोस्ट पर 24 घंटे पुलिस तैनात रहेगी, हर आने जाने वाले वाहनों को गहनता से जांच की जाएगी। खास तौर पर शराब, नगदी व आर्म्स मतदाताओं को प्रभावित करने वाली अन्य सामग्री पर नजर रखी जाएगी। निरीक्षण के दौरान डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा ने चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मियों का हौसला भी बढ़ाया और बेहतर कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित भी किया।

# शिकायतकर्ता पंकज ने एसीबी को पत्र लिखकर मांगी सुरक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रघुवर दास सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, अमर बाउरी, नीरा यादव, लुइस मरांडी और रणधीर कुमार सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) आय से अधिक संपत्ति की जांच कर रही है। इस कड़ी में एसीबी ने शिकायतकर्ता पंकज यादव को बयान दर्ज करने के लिए बुलाया था। लेकिन बयान दर्ज करवाने से पहले पंकज यादव ने एसीबी को मंगलवार को पत्र लिखकर अपनी सुरक्षा की चिंता जाहिर की है। पंकज यादव ने एसीबी को लिखे पत्र में कहा है कि उन्होंने जिन लोगों के खिलाफ शिकायत की है, वह काफी प्रभावशाली और भ्रष्ट है। अगर वह पांचों पूर्व मंत्रियों के खिलाफ गवाही देते हैं तो उनके और उनके परिवार के सदस्यों को जान का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए उनकी सुरक्षा बढ़ायी जाये। अपने पत्र के साथ पंकज ने स्पेशल ब्रांच की एक रिपोर्ट भी एसीबी को दी है। इसमें यह कहा गया है कि पंकज यादव की मौजूदा सुरक्षा पर्याप्त नहीं है, इसलिए उनकी सुरक्षा बढ़ायी जानी चाहिए। पिछले वर्ष हेमंत सरकार की कैबिनेट ने पांच पूर्व मंत्रियों के खिलाफ एसीबी को जांच की मंजूरी दे दी थी। झारखंड हाईकोर्ट में वर्ष 2020 में पंकज कुमार यादव ने रघुवर सरकार में मंत्री रहे नीलकंठ सिंह मुंडा, नीरा यादव, अमर बाउरी, लुईस मरांडी और रणधीर सिंह की संपत्ति की जांच के लिए एक जनहित याचिका दाखिल की थी। याचिका में कहा गया कि रघुवर सरकार के पूर्व मंत्रियों ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है।

**पांचों पूर्व मंत्रियों के खिलाफ गवाही देते हैं तो उनके और उनके परिवार के सदस्यों को जान का खतरा बढ़ सकता है**

## लोकतंत्र के महापर्व में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : रवि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



**चुनाव-2024 के मद्देनजर सभी मतदान केंद्रों पर आयोग द्वारा दिए गए न्यूनतम सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करें**

राज्य में स्वच्छ और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में मंगलवार को मीडिया के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें चुनाव में मीडिया की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों और निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य संबंधित पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। लोकतंत्र और चुनाव में मीडिया की भूमिका को बेहद अहम बताते हुए के रवि कुमार ने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के साथ ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान के इस महापर्व का हिस्सा बनें इसके लिए मीडिया की भूमिका बेहद खास हो जाती है। रविकुमार ने कार्यशाला के दौरान कहा कि मतदाताओं को बिना किसी प्रलोभन के और नैतिक मतदान के लिए उन्हें मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक करने में मीडिया अपनी महती भूमिका निभा सकता है। रवि कुमार ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी को यह निर्देश दिया है कि वह लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर सभी मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के तहत न्यूनतम सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी अपने क्षेत्राधीन सभी मतदान केंद्रों में इन उपलब्ध सुविधाओं का भौतिक निरीक्षण करें। रविकुमार ने कहा कि निर्वाचन के कार्य में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों और कर्मियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करना जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुनिश्चित करें और उसकी जानकारी दें। मीडिया कार्यशाला में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने इलेक्शन खर्च मॉनिटरिंग के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की और भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा इस संबंध में जारी दिशा-निर्देशों से मीडिया प्रतिनिधियों को अवगत कराया। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह ने कहा कि आदर्श आचार संहिता अनुपालन कराने में भी मीडिया अपनी भूमिका निभा सकता है। सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता ने निर्वाचन से संबंधित विभिन्न मामलों को लेकर चर्चा की तो उप निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय) संजय कुमार ने मीडिया से संबंधित फेक न्यूज, पेड न्यूज जैसे विभिन्न विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सिस्टम एनालिस्ट एसएन जमील ने निर्वाचन आयोग के विभिन्न आईटी एप्लीकेशन के उपयोग के बारे में जानकारी मीडियाकर्मियों को दी।

## एक नजर

### नकली खोवा व घी से बने मिलावटी मिठाइयों से भर जाता है बाजार

**रामगढ़।** होली के दौरान घरों में बाजार से कोई भी मिठाई जरूर आती है। होली से पूर्व ही बाजारों के सभी होटलों व दुकानों में मिठाइयां सजा दी जाती हैं। सजी तरह-तरह की रंग बिरंगी मिठाइयां लोगों को खूब आकर्षित करती है। कोई सफेद खोवे से सजे हुए, कोई ड्राई फ्रूट्स से भरपूर तो किसी में चांदी की कोटिंग जैसे अनेक मिठाईयां बाजार में मिलना अब शुरू हो चुका है। लजीज मिठाइयों को देखकर हर कोई खरीदना चाहता है। लेकिन मिलावटखोरों ने मिठाइयों को भी पीछे नहीं छोड़ा है। त्योहार में मिठाइयों की बिक्री बढ़ाने के लिए और अलग-अलग मिठाइयों की वैरायटी बनाने के चक्कर मे अब बाजरों में हानिकारक आर्टिफिशियल रंग व मिलावट वाली मिठाईयां देखने को मिल रही है।

### वोटरों के अनुपात में बूथों की संख्या घटी

**मांडू।** आगामी लोकसभा चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद प्रखंड प्रशासन निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर पूरी तरह तैयार है। इस बार प्रखंड के एक लाख 88 हजार 708 मतदाता अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 98520 और महिला मतदाताओं की संख्या 90179 हैं। जबकि थर्ड जेंडर मतदाता की संख्या 9 है। निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने को लेकर प्रखंड में कुल 229 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 2024 लोकसभा चुनाव में करीब 20 हजार नए मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### उड़नदस्ता की टीम ने सार्वजनिक स्थल से बैनर-पोस्टर हटाए

**दुलमी।** आदर्श आचार संहिता की घोषणा होने के 48 घंटे के बाद से उड़नदस्ता की टीम ने दुलमी बाजार टांड़ के सार्वजनिक संपत्ति व सार्वजनिक स्थलों से सभी प्रकार के अनाधिकृत राजनीतिक विज्ञापन दीवार लेखन, पोस्टर, कटआउट, बैनर, झंडे, होर्डिंग को बिजली के पोल, सरकारी भवन सहित सरकारी स्थलों से हटाया गया। इस दौरान उड़नदस्ता की टीम ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव की घोषणा के साथ ही सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को सूचित कर दिया गया है कि जल्द से जल्द दीवार लेखन और सावर्जनिक स्थलों में लगे बैनर पोस्टर हटा लें।

### भुरकुंडा में अभावि समन्वय समिति की बैठक

**भुरकुंडा।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा समन्वय समिति की बैठक सोमवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में हुई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखंड नव फाउंडेशन के संरक्षक किशोरी राणा उपस्थित थे। बैठक में समाज के सशक्तिकरण, शिक्षा और संस्कार पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि किशोरी राणा ने कहा कि अपना वाजिब हक-अधिकार पाने के लिए समाज को एक मंच पर आना होगा। वहीं शिक्षा पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि यह समाज की रीढ़ है, जिसे और मजबूत बनाने के लिए जमीनी स्तर पर काम करना होगा।

### राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को चुनावी नियम से कराया अवगत

**रामगढ़।** अधिसूचना जारी होने के उपरांत सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार की उपस्थिति में विभिन्न राजनीतिक दालों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया। इस दौरान सभी को जानकारी देते हुए उपायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के लोकसभा आम निर्वाचन की अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। साथ ही लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ जिले में 22 बड़कागांव, 23 रामगढ़ एवं 24 मांडू विधानसभा अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों की जानकारी दी गयी। वहीं इस बार के निर्वाचन में कुल 728632, 374759 पुरुष व 353852 महिलाएं अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी। लोकसभा आम निर्वाचन से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी देते हुए उपायुक्त ने बताया कि 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन हेतु 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी।

### गोला में जमकर हुई बारिश, बढ़ी ठंड

**गोला।** गोला प्रखंड क्षेत्र में सोमवार की शाम को जमकर हुई बारिश, जिससे लोगों को ठंड का एहसास हुआ। दिन भर मौसम साफ रहा दो पहर चार बजे के करीब अचानक मौसम में बदलाव हुआ और देखते ही देखते बारिश शुरू हो गई। दिन भर धूप निकलने से लोगों को सर्दी से राहत मिली है। लेकिन देर शाम तक बारिश होने से ठंड में बढ़ोतरी हो गई है। जानकारों का कहना है कि दो दिनों तक बारिश होने की संभावना है। इस दौरान दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी और रात के तापमान में गिरावट होगी। गोला के लगभग गांवों में मुसलाधार बारिश होने जानकारी मिली है। राज्य कृषक सलाहकार विजय कुमार ओझा व रचिया महतो ने बताया कि किसानों के लिए यह मौसम काफी अच्छा है। इससे गेहूं और सरसों की फसल को फायदा होगा। जबकि कई किसानों ने बताया कि गेंहू फसल पकने को है।

# कार और टेंपो की भीड़ंत में एक महिला की मौत, प्राचार्य व शिक्षकों ने की सहायता



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** एनएच 33 देवचंदा मोड के करीब श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के समीप अज्ञात ट्रक की टक्कर से एक अर्टिगा और टेंपो में भीड़ंत हो गई. जिसमे दोनो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए. ऑटो में सवार सोनपुरा (पदमा) निवासी महिला संगीता देवी 30 वर्ष पति दिलीप मेहता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. वहीं उसी गांव के 52 वर्षीय दशरथ महतो पिता झमन महतो घायल हो गए. गाड़ियों की टक्कर सुनकर श्रीदस के प्राचार्य रोहित सिंह अपने शिक्षको के साथ घटना स्थल पर पहुंचे. दुर्घटनाग्रस्त लोगो की मदद करते हुए घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल भेजने का काम किया. जानकारी होते ही पुलिस अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी प्राप्त कर मृतिका की शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजने का काम किया. जानकारी के अनुसार तीनो गाड़ियां हजारीबाग से बरही की ओर जा रही थी. तेज गति से आ रही ट्रक अर्टिगा को टक्कर मारा, जिससे अर्टिगा असंतुलित होकर बाईं ओर चल रहे ऑटो से टकराया. ऑटो असंतुलित होकर पलट गया, जिससे महिला दब गई और घटना स्थल पर ही मौत हो गया. घटना पूर्वाहन साढ़े ग्यारह बजे की बताई जा रही है.

### संवेदनशील पदों से हटाने को लेकर विजिलेंस को लिखा पत्र

**रामगढ़।** श्रमिक संगठन कोल फील्ड मजदूर यूनियन के परेज परियोजना शाखा सचिव सुरेंद्र कुमार शर्मा ने मुख्य सतर्कता अधिकारी सीसीएल दरभंगा हाउस रांची को पत्र लिखा है। पत्र में सुरेंद्र ने कहा है कि सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र की परेज पूर्वी उत्खनन परियोजना में वर्षों से सभी संवेदनशील पद जैसे कार्यशाला, डिस्पैच, कार्मिक विभाग, स्टोर एवं अन्य पदों पर से वर्षों से कर्मचारियों का स्थानांतरण नहीं हुआ है। कुछ लोगों का टेबल ट्रांसफर किया गया है लेकिन वह सिर्फ एक कागजी खाना पूर्ती है। कागज पर उन्हें ट्रांसफर दिखाया गया है जबकि वो ड्यूटी उसी टेबल पर कर रहे हैं जहां वह करते थे। जिसके कारण परियोजना में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। जबकि सतर्कता विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि प्रत्येक तीन वर्षों में सभी संवेदनशील पदों पर आसीन कर्मचारियों का स्थानांतरण क्षेत्रीय या परियोजना स्तर पर होनी चाहिए। वर्षों से संवेदनशील पदों पर जमे कर्मचारियों का स्थानांतरण क्षेत्रीय या परियोजना स्तर पर किया जाए ताकि यहां के कर्मचारियों को भ्रष्टाचार से मुक्ति मिल सके।

**लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर उपायुक्त ने की पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग**

# मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने की दी हिदायत

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन के मद्देनजर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों से निर्वाचन को लेकर उनके किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी ली गई। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मतदान केन्द्रों पर मूलभूत




सुविधाओं आदि की समीक्षा के क्रम में सभी अधिकारियों को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं मतदान केंद्र पर सभी तरह की आवश्यक मूलभूत सुविधाएं यथा पेयजल, विद्युत आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में मतदाता जागरूकता को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा भी अधिकारियों को निर्वाचन संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई वहीं निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन संबंधित विभिन्न कार्यों को लेकर जारी दिशा निदेशों की भी जानकारी उनके द्वारा दी गई।

### सीपीआई करेगी उम्मीदवार की घोषणा

**रामगढ़।** सीपीआई के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र पाठक ने कहा कि हम दमखम के साथ चुनाव लड़ेंगे। 1991 में यदुनाथ पांडेय को हराया था। 2004 चुनाव में भी सीपीआई ने बीजेपी को 1.6 लाख से हराया था। 2009 और 2014 में कांग्रेस सीपीआई से बहुत पीछे रहा था। इसलिए हजारीबाग में कांग्रेस के पास कोई चेहरा नहीं बचा है। किसी भी परिस्थिति में यहां उम्मीदवार देंगे। कांग्रेस उम्मीदवार की घोषणा के बाद वे अपना उम्मीदवार की घोषणा करेंगे।

## होली मिलन समारोह में भारी संख्या में जुटे लोग



**हजारीबाग।** शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा शहर के स्टेशन क्लब में भव्य होली मिलन समारोह 2024 का आयोजन मंगलवार को किया गया इस भव्य आयोजन में क्षेत्र के सैकड़ो लोगों का जन सैलाब उमड़ पड़ा।क्षेत्र के के कई प्रखंड,पंचायत एवं हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के हजारों महिलाएं पुरुष बच्चे बूढ़े और नौजवानो ने कार्यक्रम का आनंद लिया। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। समारोह में पारंपरिक व्यंजन पुवा धुस्का,कचरी, बरां,आलूचोप जैसी पारंपरिक व्यंजनों का भी लोगों ने जमकर आनंद उठाया। समारोह में स्थानीय कलाकारों के साथ राष्ट्रीय कलाकार के रूप में निशा उपाध्याय, उनके साथ सतीश दास,मनिता श्री,सुधीर पांडे के साथ कई स्थानीय कलाकारों ने उपस्थित लोगों के बीच होली के दर्जनों गीत प्रस्तुत किए।समारोह में हजारीबाग क्षेत्र की सैकड़ो महिलाओं ने शिरकत की।नुक्कड़ नाटकों ने भी उपस्थित समुदाय का व्यापक मनोरंजन किया।मौके पर श्री अजमेरा ने भव्य होली मिलन समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी का आभार जताया कहा कि आने वाले दिनों में और भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंच संचालन मनोज सिन्हा एवं प्रहलाद सिंह ने किया।

**श्री श्री रामनवमी महासमिति की बैठक आयोजित**

# निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए दीपक

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** शहर के किला मंदिर प्रांगण में मंगलवार को श्री श्री रामनवमी महासमिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं मंच संचालन समिति के महासचिव तुलेश्वर पासवान ने किया। मौके पर दर्जनों रामभक्तों की उपस्थिति में भव्यता के साथ रामनवमी जुलूस निकाले जाने सहित शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी मनाए जाने पर चर्चा किया। कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिसोदिया द्वारा इस बैठक में नए कमिटी के चयन पर विचार के साथ नए अध्यक्ष हेतु दीपक मिश्रा के नाम का घोषणा की गई। जिसका बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने जय श्री राम की ध्वनि से समर्थन किया। महासमिति के अध्यक्ष चुने जाने के बाद दीपक मिश्रा ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों का आभार



प्रकट करते हुए कहा की इस बार बिलकुल अनुशासित ढंग से एवं धूमधाम से रामनवमी मनाया जायेगा। जिसमें पुलिस प्रशासन से सहयोग की भी अपेक्षा रहेगी।
बैठक में मुख्य रूप से समिति के कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिसोदिया, संरक्षक छोटू सिंह, मुखिया ओरला पंचायत बुच बाबा,रमेश महतो, बिनोद मिश्रा, राजेश ठाकुर, प्रभात अग्रवाल विशाल जयसवाल, मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, पावन पासवान, गोलू पासवान, रोहित, प्रियांशु गोस्वामी, सुनील कुमार, आकाश यादव, सोनू कुमार, पब्बी बजरंगी, रवि चंद्रवंशी, संतोष बेदिया, कुणाल राम, आनंद राम, राहुल मालाकार, चंदन सिंह,सागर श्रीवास्तव, राहुल सिंह, कांतेश्वर मिश्र, नवनीत कुमार, लालबाबू आदि मौजूद थे।

**वोटर अवेयरनेस को लेकर कैंपस ब्रांड एंबेसडर के साथ हुई बैठक**

# शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को रचनात्मक तरीके से विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की की अध्यक्षता में फ्यूचर मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न महाविद्यालयों के स्वीप नोडल पदाधिकारियों व स्वीप के तहत बनाए



गए कॉलेज कैंपस ब्रांड एंबेसडर के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान स्वीप नोडल पदाधिकारी कनक तिर्की ने बताया की रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ से मुन्ना कुमार व शहजादी, इंटर महिला महाविद्यालय रामगढ़ से रिया कुमारी व खुशी कुमारी, राधा गोविंद इंटर कॉलेज रामगढ़ से अनुरोन चौधरी व पूजा पटेल, गोला पॉलिटेक्निक कॉलेज गोला से शुभांशु शुभम व रानी कुमारी, सीपीसी इंटर कॉलेज कामता गोला से आशीष कुमार व मनीष कुमार, रिजु नाथ चौधरी मेमोरियल इंटर कॉलेज दुलमी से रोशन कुमार व मालती कुमारी, डॉ एस राधाकृष्णन टीचर ट्रेनिंग कॉलेज चितरपुर से विवेक कुमार एवं मुस्कान कुमारी, जीएम कॉलेज भुरकुंडा पतरातू से शत्रुघ्न गिरी, जुबली कॉलेज भुरकुंडा पतरातू से अजय कुमार व कुमकुम कुमारी को स्वीप के तहत कॉलेज कैंपस ब्रांड एंबेसडर के लिए चयन किया गया है।

### पुलिस के अभियान से पांच घंटे हलकान रहे बाइक सवार

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा पुलिस ने सोमवार को विशेष टॉस्क पर जांच अभियान चलाया। इस क्रम में करीब दो दर्जन बाइक व स्कूटी पकड़े गए, जिन्हे जब्त कर थाना परिसर में लाया गया। किसी सवार के पास हेलमेट नहीं था तो किसी के पास बाइक-स्कूटी से जुड़े कागजात नहीं थे। पहले राउंड में सभीको थाना परिसर में ही रहने की सख्त हिदायत दी गई, मगर इस दौरान किसी को फाइन से संबंधित कोई जानकारी दी गई। करीब पांच घंटे बाद पुलिस ने एक-एक कर सारे बाइक का डिटेल नोट किया, फिर चालान कटवाने की बात कह कर थाना परिसर से बाहर निकाल दिया गया। पुलिस के इस व्यवहार से बाइक सवार बहुत परेशान हुए। उनका कहना था कि चालान के बावत यदि पुलिस ने उन्हें पहले जानकारी दी होती वे भरने की जुगाड़ में लग जाते, लेकिन मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के लिए पुलिस ने उनके साथ अपराधियों जैसा सलूक किया। यही नहीं, देरशाम उन्हें रामगढ़ से चालान कटवाने की बात कही गई।

**खाता 751 प्लॉट 9156 पर अतिक्रमण का मामला**

## जीएम भूमि पर शौचालय निर्माण की मांग को लेकर एसडीओ को आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
मल्लाह टोली निवासी संतोष निषाद ने खाता 751 प्लॉट 9156 के 0.01 डिसमिल खाली पड़े जमीन पर शौचालय निर्माण की मांग को लेकर एसडीओ बरही को आवेदन दिया है. आवेदन में उक्त भूमि के कुछ भूभाग पर अतिक्रमण की जानकारी दी गई है. साथ ही यह बताया गया है कि उक्त जमीन के अतिक्रमित क्षेत्र का अंचल अमीन ने भी सत्यापित करते हुए



आम जीएम भूमि करार किया था. साथ ही तत्कालीन अंचलाधिकारी को अग्रेतर कारवाई हेतु पत्र भी समर्पित किया था. करीब छः महीनों बाद भी उक्त अतिक्रमित स्थल पर कोई कारवाई नही होने से स्थानीय लोगो में रोष है. इस संबंध में सीओ बरही को भी आवेदन दिया गया है, परंतु अबतक कोई कारवाई नही हुई है. श्री निषाद ने एसडीओ से उक्त क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करते हुए सार्वजनिक शौचालय निर्माण की मांग किया है. जिससे यात्रियों सहित स्थानीय फुटकर दुकानदारों को लाभ मिल सके.

## न्यूज बॉक्स

### विद्यालय को प्लस टू का दर्जा प्राप्त होने पर लोगों में हर्ष, विधायक के प्रति जताया आभार



**बरकट्ठा।** कलहाबाद उच्च विद्यालय को प्लस टू स्कूल का दर्जा प्राप्त होने और आदर्श स्कूल बनाए जाने को लेकर लोगों में हर्ष व्याप्त है। इसके लिए लोगों ने बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव को बधाई दिया है। कहा है कि विधायक के प्रयास से कलहाबाद स्कूल को प्लस टू का दर्जा मिला है। गयपहाड़ी पंचायत क्षेत्र के अलावे आस पास के इलाको के छात्र-छात्राओ को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में सहुलियत होगी। विधायक अमित यादव को बधाई देने वालों में प्रखंड शिक्षक संघ अध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद,मुखिया कलावती देवी, विधायक प्रतिनिधि अनील कुमार आजाद, पूर्व मुखिया रामचंद्र राम, भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, छोटेलाल प्रसाद, उपेन्द्र ठाकुर, राजकुमार प्रसाद, जागेश्वर प्रसाद, लीलधारी प्रसाद, बादल राम, तुलसी प्रसाद, हीरालाल प्रसाद, मुन्नालाल मंडल, राजकुमार दास, लालमणि प्रसाद, रामेश्वर पंडित, लक्ष्मण प्रसाद, रूपलाल प्रसाद, नेमीचंद प्रसाद, सुरेश पंडित, द्वारिका प्रसाद, विजय राम समेत अन्य लोग शामिल है।

### रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बने अनीश और अंकित बने महासचिव



**बरही ।** श्री चैत्र रामनवमी पूजा हर्षोल्लास मनाने को लेकर नया दुर्गा मंडप परिसर में रामभक्तों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया छोटन ठाकुर ने किया. महापर्व शांति और सौहार्द से मनाने के लिए समिति का गठन किया गया. जिसमें सर्वसम्मति से अनीष साहू को अध्यक्ष, अंकित कुमार को महासचिव, मनीतोष यादव को सचिव, विकास गुप्ता, सागर केशरी, संतोष गुप्ता, पिंटू कुमार, सुमन प्रसाद, सतीश कुमार गुप्ता उर्फ बमबम को उपाध्यक्ष और अनिल केशरी ऊर्फ डब्बू को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया. इसके साथ ही लव कुमार, छोटू कुमार, सागर गुप्ता, पिंटू पहलवान, राजू गुप्ता, आनंद कुमार, सन्नी कुमार, जितु गुप्ता, सेतू कुमार, राजा, छोटू, राहुल को कार्यकारिणी समिति का सदस्य बनाया गया. सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, गुरुदेव गुप्ता, शैलेंद्र सिन्हा, छोटन ठाकुर, राजेश साव, मनोज केशरी, जयप्रकाश केशरी, संतोष ठाकुर, विनय साव, अनुज साव, मंटू केशरी, रमेश कुमार, मुनेश केशरी, संतोष केशरी, संजय केशरी, मुकेश गुप्ता, विनोद साव, दिलीप गुप्ता, अमित केशरी, अरुण वर्णवाल आदि मौजूद थे।

### होली को लेकर गोरहर थाना में शांति समिति की बैठक



**बरकट्ठा।** रंगों व हर्षोल्लास का पर्व होली को लेकर गोरहर थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता डीएसपी सुरजीत कुमार तथा संचालन बेलकपी मुखिया प्रतिनिधि धीरेन्द्र पाण्डेय ने किया।वहीं उपस्थित लोगों ने पर्व को शांति पूर्वक मनाने की एक दुसरे से अपील की।उपस्थित लोगों ने कहा कि थाना क्षेत्र में पर्व को लेकर हमेशा से शांति बनी रहती है।मौके पर बीस सुत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने होली व रमजान की हार्दिक बधाई दी तथा पर्व को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की।थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने कहा कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना मेरे न0 पर अवश्य दे ताकि समाधान तत्काल हो सके।मौके पर इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी,पंसस प्रतिनिधि समीम अंसारी, जोधन मोदी रामतीर्थ पांडेय, सुदामा ठाकुर,शेर मोहम्मद ,लखन कुमार,लोकनाथ राणा समेत दर्जनो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेस नेता डॉ. आरसी मेहता ने कई गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान



**हजारीबाग।** कांग्रेस प्रमंडलीय हेल्थ अध्यक्ष डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने कांग्रेस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत खैरा, सिझुवा,चामोदोहर, लोडया ,पचफेडी,नवाडीह, चिमनिया, कलहाबाद, गैपहाडी पंचायत ,मुक्तमा एवं करियातपुर में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान डॉ मेहता ने कहा 35 वर्षों से सेवक हूं हजारीबाग जिले के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर हूं। उद्योग के अभाव में बेरोजगार नौजवान अन्य राज्यों में पलायन कर रहे है। पलायन रोकने के लिए उद्योग धंधा लाने का प्रयास करूंगा। जिले को पर्यटन के क्षेत्र में विश्व पटल पर लाने के लिए प्रयासरत हूं। प्रो ब्रजकिशोर मेहता ने कहा कि प्रमंडलीय मुख्यालय होने के नाते जिले में एयरपोर्ट की नितांत आवश्यकता है। जनसंपर्क कार्यक्रम में एडवोकेट संजय कुमार दास ,कांग्रेस 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप मंडल, कोपरेटिव अध्यक्ष राजकुमार मेहता, लाल मोहन रविदास,मंडल अध्यक्ष चंद्रदेव मेहता, जलेश्वर यादव, मुरली मेहता,कुलदीप राम, नजीर मियां,बसंत राम अशोक राम,अजय एवं मुकेश राम समेत दर्जनों लोग सम्मिलित रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं के लिए छह दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**मांडू।** रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर मांडू प्रखंड में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के बेहतर संचालन एवं केंद्र के माध्यम से बच्चों व आमजनों को विभिन्न सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर प्रखंड मुख्यालय के सभागार में सोमवार को छह दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन से संबंधित विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। आंगनबाड़ी सेविकाओं को तितली फाउंडेशन के मीरा ठक्कर और पिंटू कुमार ने प्रखंड के सभी सेविकाओं को केंद्र में उनकी परेशानियों पर चार्ट बनाकर चर्चा की। साथ ही बच्चों के साथ डेमो और खेल खेला गया। इस दौरान सेविकाओं ने प्रशिक्षण को खूब सराहा। लोकसभा निर्वाचन को लेकर एनफोर्समेंट एजेंसी सह डीएलबीसी की बैठक में बैंकर्स को दिया गया प्रशिक्षण।

## एक नजर

### मॉर्निंग वॉक के लिए निकला 73 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति लापता



**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर थाना के सियारटोली गांव निवासी 73 वर्षीय वृद्ध एरनेस्ट केरकेटा 8 फरवरी को मॉर्निंग वॉक में निकलने के बाद से लापता है ।परिवार वालों ने काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं नहीं पता चला ,तब जाकर परिवार वालों ने इस मामले की जानकारी ठेठईटांगर पुलिस को दी ।वहीं पुलिस के द्वारा इस मामले में सन्हा दर्ज करते हुए छानबीन कर रही है। परिवार वालों का कहना है कि जिस किसी को भी लापता व्यक्ति दिखे तो मोबाइल नंबर 6200453943 पर संपर्क कर जानकारी दें उन्हें उचित इनाम दिया जाएगा।

### अनुमंडल पदाधिकारी ने अंतरराज्यीय चेक पोस्ट का किया निरीक्षण



**सिमडेगा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त वरीय पदाधिकारी, आदर्श आचार संहिता एवं विधि व्यवस्था कोषांग-सह-अनुमंडल पदाधिकारी सुमन्त तिर्की के द्वारा सिमडेगा जिला अंतर्गत बांसजोर एवं जोराम स्थित अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के क्रम में वाहनों के परिचालन से संबंधित पंजी की जांच करते हुए चेकपोस्ट पर मौजूद पुलिस पदाधिकारी एवं मजिस्ट्रेट को वाहनों के आवागमन से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिला के सीमावर्ती क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ऐसे में किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत प्रशासन को सूचना करें ताकि समय रहते उसे समस्या को हल किया जा सके।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स ने मनाया होली मिलन समारोह



**हजारीबाग।** होली में अब गिनती के दिन रह गए है, होलियाना खुमार अब शहर की फिजाओं में घुलने लगा है।इसी कड़ी में फाउंडेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा अग्रसेन भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जहां चेंबर के लगभग दो सौ पदाधिकारी एवं सदस्यों ने एक दूसरे को गीत गौनई की थाप पर रंग गुलाल लगा कर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। साथ हीं होली के पारंपरिक व्यंजनों का भी आनंद लिया। देर शाम तक चले इस यादगार कार्यक्रम का समापन सचिव राकेश ठाकुर द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों को बधाई देने के साथ संपन्न हुआ।

# लोकसभा चुनाव के दौरान पेड न्यूज पर रखी जाएगी विशेष नजर : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

लोकसभा चुनाव को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक हुई बैठक के दौरान गठित समिति एवं मीडिया कोषांग के सुचारू संचालन के लिए संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों की कार्य प्रणाली एवं कार्य दायित्वों से संबंधित दिशा -निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, सोशल मीडिया, केबल नेटवर्क एवं अन्य मामलों की गतिविधियों के संचालन एवं निगरानी का कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने ने कहा कि प्रत्याशी जो लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक होंगे, उन्हें किसी भी तरह के प्रचार सामग्री के प्रकाशन या प्रसारण के लिए जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति कोषांग से



परमिशन लेना होगा। इस हेतु उपायुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को एमसीएमसी/ मीडिया प्रमाणन एवं सर्टिफिकेशन से संबंधित प्रावधानों से अवगत कराने के लिए जिले के सभी पॉलीटिकल पार्टी एवं मीडिया कर्मी के साथ बैठक कर अवश्य जानकारी देते हुए मीडिया सर्टिफिकेशन लेने अवश्य निर्देश दे। नॉमिनेशन के बाद कोई भी पॉलीटिकल पार्टी कैंडिडेट द्वारा मीडिया में प्रचार-प्रसार उसका चल रहा होगा तो मीडिया सर्टिफिकेशन लिया है या नहीं इसकी जांच करने की बात कहीं। एकाउंटिंग टीम को प्रतिदिन का रिपोर्ट प्रपत्र में भरकर भेजने का निर्देश दिया। साथ ही पेड न्यूज की पहचान से संबंधित बिंदुओं पर दिशा-निर्देश दिए।बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## लोस चुनाव को लेकर कंट्रोल रूम का डीसी व एसपी ने किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला कंट्रोल रूम का उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं एसपी सौरभ कुमार ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान जिले के चुनावी गतिविधि के साथ-साथ जिले की हरेक हलचल में नजर रखने के लिए जिला कंट्रोल रूम को 24 घण्टे एक्टिव कर दिया गया है। सिमडेगा उपायुक्त एवं एसपी ने जिला कंट्रोल रूम पहुंच इसका निरीक्षण किया। चुनाव के मद्देनजर कंट्रोल रूम को सुव्यवस्थित करने की दिशा में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम में चुनाव के दौरान 24 घंटे कर्मी कार्यरत रहेंगे। इसके लिए कुछ कमियां है, जिसे जल्द दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा समाहरणालय में भी 24 घण्टे कंट्रोल रूम एक्टिव किया जा रहे हैं। जिसमें चुनाव के अनुसार कई तरह की व्यवस्था की जा रही है।

### महिला सशक्तिकरण पर एक दिवसीय विधिक जागरुकता शिविर

**कोलेबिरा।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार राँची के निदेर्शानुसार मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के तत्वाधान में कस्तुरबा गांधी बालिका विधालय, कोलेबिरा में महिला सशक्तिकरण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से अपर जिला न्यायाधीश-क्क सिमडेगा, उपस्थित थे। विधालय में उपस्थित छात्राओं एवं शिक्षकगण को महिला सशक्तिकरण एवं लैंगिक अपराधों से बालकों को संरक्षण अधिनियम, 2012 की कानून की मुख्य कानूनी जानकारी दी गई। अधिवक्ता सुकोमल द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा द्वारा प्रदान की जाने वाली कानुनी सहायता एवं कानून से संबंधित जानकारी दी गई एवं चंदन डे, स्थायी लोक अदालत सदस्य, बीडीओ कोलेबिरा द्वारा बालिकाओं को डायन प्रथा की कुरितियों की कानूनी बाध्यता एवं उनके दण्ड के प्रवधानों को बताया गया अथवा बालिकाओं के अधिकार एवं मुख्य रूप से सुरक्षा से संबंधित कानूनी बातों से अवगत कराया गया।

**राधा कृष्ण मंदिर के स्थापना दिवस पर कलशयात्रा का हुआ आयोजन**

# आज अखंड हरि कीर्तन कार्यक्रम होगा आरंभ



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

प्रखंड मुख्यालय स्थित राधा कृष्णा मंदिर का 10 वां स्थापना दिवस सह अखंड हरी कीर्तन यज्ञ कार्यक्रम के पहले दिन मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गयी।कलश यात्रा में 501 महिलाओं ने भाग लिया, कलश यात्रा राधाकृष्ण परिसर से आरंभ होकर जलाशय पहुंची । जहां पर कलश में जल भर गया वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा पाठ किया गया ।पंडित भरतु दुबे, प्रदीप मिश्रा, मनोहर द्विवेदी ,संतोष द्विवेदी में पूजा संपन्न कराया। इसके बाद कलश यात्रा राधा कृष्ण मंदिर स्थित यज्ञ स्थल पहुंची जहां कलश का स्थापना किया गया ।बताया गया कि 20 मार्च को नामकरण अधिवास के बाद वही 21 मार्च को पूर्णहुति और नगर भ्रमण कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा ।इस अवसर पर कलश यात्रियों के बीच शरबत का भी वितरण किया गया ।यजमान की भुमिका गोपाल सिंह सह ? पत्नी अलोमनी देवी शामिल हुए ।वही कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपाल सिंह,महावीर सिंह,दुर्गा जयसवाल,सुकेश सिंह,पलटन राम,उमेश राम,पलटु सिंह,श्रवण राम,रिंकु सिंह,जीतन राम,महेश सिंह,राजु सिंह,राजन राम,कृष्णा सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

### यूपीजी मध्य विद्यालय बड़काडुईल में 8वीं के बच्चों को दी गई विदाई

**बानो।** प्रखण्ड के यूपीजी मध्य विद्यालय बड़काडुईल में आठवीं कक्षा का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस साल वर्ग आठ में कुल 22 छात्र- छात्राओं को बोर्ड परीक्षा में शामिल किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बच्चे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिए। बच्चों ने एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत एवम डांस प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में शुरूआत आठवीं के छात्रों को स्वागत किया गया। उन्हें माला पहनाया गया तथा पुष्प गुच्छ दिया गया तथा तिलक लगाकर तथा पेन कॉपी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक बंधु, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य गण, ग्रामीण तथा बीआरसी बानो से रिसोर्स शिक्षक बृजमोहन पाल, प्रधान शिक्षक केदारनाथ सिंह, द्रौपदी कुमारी, सुशील बेग, कजमिल होरो, अशोक सिंह, एवम कौशल्या देवी उपस्थित थे।

## वृद्धा पर मधुमक्खियों के झुंड ने किया हमला, हालत गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**

थाना क्षेत्र के बनजोगा नीचे टोली निवासी चोरंग तोपनो पिता स्व तोड़े तोपनो, उम्र लगभग 75 वर्ष मंगलवार दोपहर मधुमक्खियों के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार चोरंग अपने भेड़ को चराने के लिए घर से कुछ दूर जंगल की ओर गया था और एक पेड़ के नीचे बैठा था। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने चोरंग पर हमला बोल दिया।एकाएक हुए मधुमक्खियों के हमले से वृद्ध चोरंग भाग भी नहीं पाया और देखते ही देखते मधुमक्खियों का झुंड चोरैंग के पूरे शरीर पर बैठ गया। आस के लोगों को इसकी जानकारी होने के बाद गांव के कुछ नवजवानों और परिजनों ने मौके पर पहुंच कर वृद्ध के शरीर से मधुमक्खियों को हटाकर उनके डंक को भी निकला दिया और अपने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जलडेगा में प्राथमिक इलाज के लिए लेकर पहुंच गए।

## फागुन कीर्तन महोत्सव का हुआ आयोजन, जुटे शहर के गणमान्य



**नवीन मेन संवाददाता। हजारीबाग**

फाल्गुन माह में बाबा श्याम की आराधना पूरे विश्व भर में की जाती है ।एक ओर जहां राजस्थान के खाटू श्याम जी में विराजमान बाबा श्याम के भव्य मंदिर में 10 दिवसीय लक्खी मेला चल रहा है वहीं दूसरी ओर देश के विभिन्न शहरों में बाबा श्याम की आराधना को लेकर अनेको कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ।हजारीबाग शहर में श्याम भक्त परिवार के द्वारा दो दिवसीय श्री श्याम फाल्गुन निशान ध्वज यात्रा एवं फाल्गुन कीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया ।सर्वप्रथम मुख्य यजमान खंडेलवाल समाज के संरक्षक नरेश खंडेलवाल एवं उनकी धर्मपत्नी संगीता खंडेलवाल के द्वारा प्रभु श्री श्याम की पूजा अर्चना की गई पूजा अर्चना रानी सती मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक सह लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल, समाजसेवी मुन्ना सिंह, समाजसेविका निशी पांडे एवं सीसीएल के सेवानिवृत्त जीएम नीरज कुमार सिन्हा सहित कई गणमान्य लोगों ने बाबा का ज्योत लेकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्याम भक्त परिवार के द्वारा सभी को प्रभु श्री श्याम का स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया गया। कीर्तन महोत्सव में बाबा श्याम को सवामणि का भोग एवं छप्पन भोग चढ़ाया गया। कार्यक्रम के अंत में बाबा श्याम की भव्य आरती की गई साथ हीं बाबा श्याम का प्रसाद स्वरूप भंडारा भी आयोजित किया गया। आयोजन में उत्तर प्रदेश की धरती बनारस से पायल बनारसी, सरोज लक्खा, पिंटू शर्मा, 8 वर्षीय स्नेहल सोनी क्यूट साचु एवं विनय शर्मा ने अपने अनेकों भजनों से श्याम प्रेमियों को देर रात तक झुमाया।

**आईसेक्ट विवि की ओर से वेबिनार का किया गया आयोजन**

# तनावमुक्त जीवन सफल जीवन का आधार : डॉ मुनीष गोविंद

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस में विश्वविद्यालय के विज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी के सहयोग से तनाव मुक्त जीवन जीने की कला विकसित करने की वाधि विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य संरक्षक आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे और संरक्षक के तौर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक व कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद थे। वहीं मुख्य वक्ता के तौर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कैमेस्ट्री विभाग के एचओडी प्रोफेसर अनिल मिश्रा थे। वेबिनार की शुरूआत में आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने इस वेबिनार के लिए विज्ञान विभाग को बधाई दी और




कहा कि वाकई आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में तनाव साये की तरह हो गया है, जिसे कम कर या इससे मुक्ति पाकर ही बेहतर जीवन जीने की उम्मीद की जा सकती है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने तनाव मुक्त जीवन को हर किसी के लिए अहम बताया और कहा कि वर्तमान समय की युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा मानसिक रूप से ग्रस्त हैं। कई छोटे-बड़े वजहों से मानसिक तनाव में चले जाते हैं। ऐसे में व्यक्ति को खुश रहने के साथ साथ अपने लक्ष्य लेकर जीवन में चलना चाहिए और ध्यान केंद्रित कर आगे बढ़ने के साथ साथ दिनचर्या में भी अनुकूल बदलाव किये जाने की आवश्यकता है। बतौर मुख्य वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने जीवन को अनमोल रत्न बताया। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि व्यक्ति मरणशील है पर जब तक जीवन है उसे कैसे तनाव मुक्त वातावरण में जिया जाए, यह जानना जरूरी है। उन्होंने वेबिनार का उद्देश्य बताते हुए कहा कि दरअसल इस वेबिनार का उद्देश्य ही यही है कि तनाव मुक्त जीवन बनाने के लिए वैज्ञानिक तरीकों को अपनाकर कैसे जीवन को खुशहाल और सफल बनाया जाए।

### गौरांग सेवा फाउंडेशन में मनाया जाएगा तीन दिवसीय गौर पूर्णिमा महोत्सव

**हजारीबाग।** भगवान श्री कृष्ण चैतन्य महाप्रभु का आविर्भाव दिवस गौर पूर्णिमा का तीन दिवसीय महोत्सव आगामी 21 से 23 मार्च तक मटवारी गांधी मैदान दुर्गा मंडप के प्रांगण में मनाया जाएगा।कार्यक्रम में शास्त्रोक्त विधानों के साथ भगवान श्री श्री गौर निताई कृष्ण बलराम का पुष्पाभिषेक तथा महाआरती होगी ।इस बाबत गौरांग सेवा फाउंडेशन के निदेशक श्याम ब्रज विलास दास ने मंगलवार को स्थानीय गाँधी मैदान के निकट गुरनानी पैलेस में प्रेस वार्ता कर कहा की भक्त अपने घर से भगवान के 1008 भोगों के लिए अलग अलग व्यंजन बनाकर लाते है। भगवान के संतुष्टि हेतु यहां पर वृन्दावन की भाँति होली मिलन इक्कीस सौ किलो पुष्पों के पंखुड़ियां,अबीर, कीर्तन,नृसिंह महायज्ञ, महाभण्डारा, नृत्य के साथ मनाया जाता है ।श्री श्याम प्रभु ने कहा कि पिछले आठ वर्षों से लगातार यह कार्यक्रम हजारीबाग में वृहद पैमाने पर किया जा रहा है ।श्री कृष्ण भक्तो का सहयोग सदैव मिलता रहा है। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से गुरुकुल के बच्चे शामिल होंगे।

## चुनाव को लेकर सिमडेगा में चर्चाओं का बाजार गर्म, हर कोई जीत का भर रहा दम

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

लोकसभा चुनाव का विगुल बन चुका है जहां झारखंड में 11 सीटों पर भाजपा ने अपने उम्मीदवार उतार दिया है, तो वहीं दूसरी ओर महागठबंधन की ओर से अभी तक अपनी उम्मीदवार का नाम सूची जारी नहीं की है हालांकि कालीचरण मुंडा प्रदीप बालमुचू दयामणि बरला सहित कई लोगों के नाम चल रहे हैं।, इधर भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को एक बार फिर से खूंटी लोकसभा क्षेत्र में मौका मिला है जिसको लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। सिमडेगा की गली चौक चौराहा पर लोकसभा चुनाव के चर्चे शुरू हो गए हैं हर जगह पर चर्चा हो रहा है कि इस बार किस उम्मीदवार का पाला भारी रहेगा, वहीं कई जगहों पर कयासों का बाजार भी गर्म है। कई लोग जाति समीकरण के आधार पर वोट की तुलना कर रहे हैं तो वहीं कई लोग विकास को आधार मानते हुए इस चुनाव को विशेष तवज्जो दे रहे हैं। भाजपा की ओर से अगर हम बात करें तो केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के कार्यों को एवं मोदी जी के चेहरे के साथ इस बार चुनावी मैदान में वेतन नदी पार करने के लिए सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र में सभी कार्यकर्ता जी तोड़ मेहनत करने के लिए तैयार हैं, तो वहीं दूसरी ओर झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार ईडी ,सीबीआई एवं इलेक्टरल बॉन्ड आदि मुद्दों तथा महंगाई बेरोजगारी सहित कई प्रकार की समस्याओं को जोर-जोर से आवाज बुलंद करते हुए इस चुनाव में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अपने पक्ष में वोट देने की बात कह रहे हैं। सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र की अगर बात करें तो यहां पर मुंडा और खड़िया बहुत समुदाय के वोट का बिखराव ना हो इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जा रहा है ताकि लोकसभा में बड़े अंतर के साथ जीत दर्ज हो। इधर झारखंड पार्टी की ओर से भी कांग्रेस और भाजपा जैसे राष्ट्रीय पार्टियों को लोगों को ना करते हुए स्थानीय क्षेत्रीय पार्टियों को सहयोग करने का लेकर लगातार कैंपेन किया है जिसका कुछ ना कुछ असर देखने को मिलेगा।

## न्यूज बॉक्स

### लोकसभा निर्वाचन के लिए प्रथम मतदान पदाधिकारी को दिया गया प्रशिक्षण



**हजारीबाग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर मंगलवार को इंटर साइंस कॉलेज,जबरा में प्रथम मतदान पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने सभी प्रशिक्षुओं से प्रशिक्षण के दौरान चुनाव में होने वाली सावधानियों एवं विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। साथ ही समय समय पर दिए जाने वाले प्रशिक्षण को पूरी तरह आत्मसात करने का निर्देश दिया। उन्होंने पदाधिकारियों को चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटि रहित संपन्न कराने के लिए ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने, मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बिंदुओं पर बारीकी से अध्ययन करने एवं उसका पालन करने का निर्देश दिया। इसमें प्रशिक्षण प्रभारी निर्भय कुमार जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया एवं जिला मास्टर प्रशिक्षक के रूप में धीरज कुमार, अनिल कुमार पांडे एवं देवकांत शर्मा सहित कई अन्य उपस्थित थें।

### ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने लगाया रक्तदान शिविर



**हजारीबाग।** होली के पूर्व थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से जूझ रहे व्यक्तियों के लिए वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने किया। शुभारंभ नियमित रक्तदाता राजेश जैन पिंटू ने रक्तदान कर किया। तत्पश्चात प्रणय सहाय ,उमंग सोनी, गोपेश कुमार, पवन कुमार शर्मा, शशिकांत गिरी, कलाम अंसारी, हासीब खान ,दीपक मंडल और सुरेश राम ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया।रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की? कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद देते हुए उन्हें सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। शिविर की सफलता में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन कार्यकारिणी सदस्य रजत जैन, राजेश जैन, कमाल कुरैशी, हासिब खान, कैसर जमाल ,मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन आ खैरी,शीला कुमारी,मुरली प्रजापति, शमशाद , निहाल राज एवं मधु कुमारी का विशेष योगदान रहा ।

### नॉन स्टॉप बसों की टिकट बुकिंग का स्थान बदला



**सिमडेगा।** वीर शहीद तेलंगा खड़िया बस पड़ाव में मंगलवार से नॉन स्टॉप बसों के टिकट काउंटर का स्थान बदल दिया गया है। जानकारी देते हुए बस ओनर्स एसोसिएशन के द्वारा बताया गया कि परिवहन विभाग के निर्देश पर बस स्टैंड स्थित नॉन स्टॉप बसों के टिकट बुकिंग काउंटर का स्थान बदल दिया गया है ।बताते चलें कि पूर्व में टिकट बुकिंग बस स्टैंड में इधर उधर काउंटर लगा कर किया जाता था ।परंतु अब परिवहन विभाग के निर्देश के पश्चात टिकट बुकिंग काउंटर का स्थान बस स्टैंड परिषर के टिकट बुकिंग काउंटर के समीप कर दिया गया है ।ऑनर्स एसोसिएशन के द्वारा बताया गया कि यह टिकट बुकिंग काउंटर स्थायी तौर पर स्थापित कर दिया गया है ।उन्होंने यात्रियों से आग्रह किया है कि यात्री टिकट की बुकिंग निर्धारित स्थान पर कराएं।

### लोकसभा चुनाव के समय पर वाहनों को जमा कराने का डीटीओ ने दिया निर्देश



**सिमडेगा।** डीटीओ ओमप्रकाश यादव की अध्यक्षता में बस एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए वाहनों की आवश्यकता की जानकारी देते हुए डीटीओ ने सहयोग की अपील की। डीटीओ ने बताया कि जिले में 13 मई को मतदान होना है। मतदान के लिए काफी संख्या में वाहनों की आवश्यकता होती है। उन्होंने सभी बस संचालकों से समय पर चुनाव कार्य हेतु वाहन जमा करने की बात कही। डीटीओ ने बताया कि निर्वाचन विभाग के द्वारा सभी अधिग्रहित वाहनों का किराया भी दिया जाएगा। इसके अलावे बस स्टैंड में विधि व्यवस्था को लेकर भी डीटीओ ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इधर डीटीओ ने पेट्रोल पंप संचालकों के साथ भी बैठक की। सभी पेट्रोल पंप संचालकों को चुनाव को लेकर इंधन सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया। बैठक में रमेश महतो,बॉबी खान राजेश सिंह,सुधीर साहू सहित बस एसोसिएशन ट्रक ,कार एवं टेम्पो चालक संघ के कई लोग उपस्थित थे।

### जलडेगा के कोलोमडेगा पपरापानी गांव में हाथी पीड़ित से मिले सन्देश एक्का



**जलडेगा।** प्रखंड क्षेत्र में इन दोनों जंगली हाथियों का आतंक एक बार फिर से शुरू हो गया है ,हाथियों के झुंड के द्वारा घरों को तोड़ने के साथ घर में रखे सामानों को नष्ट कर अनाज को भी पूरी तरह से चट कर जा रहे हैं, जिससे कि लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीती रात जंगली हाथी के द्वारा कोलोमडेगा पपरापानी गांव में गांव के किस मनु समद एवं प्रदीप डांग के घर को तोड़कर घर में रखे अनाज को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। किसी तरह किसानों ने दूसरे घर में भाग कर अपनी जान बचाई। मामले की जानकारी मिलने पर झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का पीड़ित परिवार से मुलाकात करते हुए उन्होंने तत्काल मदद स्वरूप आर्थिक सहायता के रूप में राशन दिया एवं कुछ सहायता राशि दी। मौके पर उन्होंने वन विभाग के माध्यम से मिलने वाला सरकारी मुआवजा दिलाने की बात कही।मौके पर आशीष सिंह,रवि बड़ाइक,नोमल हेरेंज,चिराग बाड़ा उपस्थित थे।

## एक नजर

### गिरिडीह में तीन टन अवैध कोयला जब्त तीन गिरफ्तार

**गिरिडीह।** जिले की सरिया थाना पुलिस ने एसडीपीओ धनंजय राम के नेतृत्व में मंगलवार को केशवारी माधवाडीह रोड पर तीन टन अवैध कोयला लदे मालवाहक वाहन को जब्त किया। साथ ही राजकिशोर साहू समेत तीन आरोपितों को भी दबोचा है। बताया गया कि गिरफ्तार राजकिशोर साहू हजारीबाग के विष्णुगढ़ थाना इलाके के ब्रायन गांव का रहने वाला है। वाहन के चालक दुर्गेश सिंह और मुकेश बंगाली को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ धनंजय राम ने बताया कि राजकिशोर साहू हजारीबाग का चर्चित कोयला तस्कर है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

### छापेमारी में 4 लाख की नकली अंग्रेजी शराब बरामद

**धनबाद।** धनबाद उत्पाद विभाग ने मंगलवार को धनसार थाना क्षेत्र के जोड़ाफाटक रोड स्थित चांदमारी में एक आवास पर छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी विदेशी शराब जब्त किया है। इसके साथ ही कई विभिन्न शराब कंपनियों के कैप, स्टिकर आदि समान भी बरामद किया गया है। जबकि छापेमारी के दौरान नकली शराब का अवैध धंधेबाज मौके से फरार होने में सफल रहा। धनबाद उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त संजय मेहता ने बताया कि धनबाद उपायुक्त के निर्देश पर जोड़ाफाटक स्थित मनोज साहू के आवास पर छापेमारी की गई। उत्पाद विभाग की टीम ने उक्त आवास से नाइट गर्ल नामक अंग्रेजी शराब की कुल 96 पेटी यानि 864 लीटर नकली शराब जब्त किया। जिसकी कीमत चार लाख रुपये बताई जा रही है। इसके साथ ही कई विभिन्न शराब कंपनियों के कैप, स्टिकर आदि समान भी बरामद किया गया है। जब्त शराब की बोतलों पर अरुणाचल प्रदेश का मुहर लगा है।

### नगर आयुक्त ने की मीडिया कोषांग की समीक्षा

**धनबाद।** नगर आयुक्त सह मीडिया कोषांग के वरीय पदाधिकारी रवि राज शर्मा ने मंगलवार को अपने कार्यालय में मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह के साथ मीडिया कोषांग की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक व प्रेरित करने के लिए स्वीप गतिविधियों को बढ़ाया जाएगा। इसके तहत सभी ऑटो रिक्शा, बस, टैक्सी सहित अन्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट में स्टीकर लगाना, नगर निगम के 5 एयर क्वालिटी इंडेक्स स्क्रीन पर जागरूकता संबंधी वीडियो का प्रसारण करना, साइकिल रैली निकालना, वॉकथोन का आयोजन करना, पेट्रोलियम डीलर, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, चेंबर ऑफ कॉमर्स, रेसिडेंशियल सोसाइटी, बैंक इत्यादि के साथ बैठक कर मतदान करने के लिए जागरूक करने का निर्णय लिया गया।

### बाजार समिति के प्रयास से जगमग हुई बेड़ो सब्जी मंडी

**बेड़ो।** शंकर कच्छप हत्याकांड से सुर्खियों में आया बेड़ो का प्रसिद्ध सब्जी मंडी में व्यापक सुधार का पहल शुरू हुआ। रांची गुमला मुख्य मार्ग पर स्थित झारखंड की प्रसिद्ध सब्जी मंडी व सोमवार, गुरुवार और शनिवार को लगने वाली साप्ताहिक बाजार में मंगलवार को बाजार समिति के खद्दी उरांव की देखरेख में सब्जी मंडी व पूरे बाजार में जगह-जगह लाइट लगाई गई। वही लाइट लगाने लगने से पूरा परिसर रोशनी से जगमग हो उठा। समिति के लोगों ने कहा है कि पूरे बाजार समिति में धीरे-धीरे सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। इसके बाद सीसीटीवी कैमरा व ध्वनि विस्तारक यंत्र भी बाजार परिसर में लगाई जाएगी। बाजार में खुलेआम शराब बेचने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। वहीं पिछले 25 वर्षों से बंद बेड़ो का ऐतिहासिक होली मेला इस वर्ष से गुरुवार 21 मार्च से होली मेला की शुरूआत की जाएगी।

# जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी ने स्वीप एक्टिविटी को ले की बैठक

## सोशल मीडिया पर विशेष मतदाता जागरूकता कैंपेन चलाने पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, श्रीमती स्नेह कश्यप ने स्वीप एक्टिविटी को लेकर डिस्ट्रिक्ट आइकॉन व सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स के साथ अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक किया गया। इस दौरान चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गिरिडीह जिले में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर विशेष बल दिया गया। इसमें मुख्य रूप से स्वीप के तहत संचालित मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी- सह-नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग ने बताया कि जिला अंतर्गत विभिन्न प्रभावशाली माध्यमों से मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। वर्तमान समय में सोशल मीडिया आमजनों तक पहुंचने का एक प्रभावशाली माध्यम है, ऐसे में जिले के सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स की भूमिका अहम है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म यथा फेसबुक, , यूट्यूब एवं इंस्टाग्राम माध्यमों से मतदाताओं से सम्पर्क स्थापित कर उन्हें अपने मताधिकार के पूर्ण प्रयोग हेतु प्रेरित किया जाएगा ताकि हर एक मतदाता जागरूक दृष्टिकोण अपनाकर अपने मत का दान करें। साथ ही मतदाता जागरूकता से संबंधित वीडियो, रील्स, पोस्टर एवं गीत के माध्यम से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

इस दौरान डिस्ट्रिक्ट आइकॉन, श्री मनोज केड़िया, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर, श्री सुमन कुमार, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, श्री जीतू कुमार, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर, श्री आशुतोष कुमार तिवारी, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर, मैरी टुडू, कार्यक्रम प्रबंधक, मोना प्रेरणा सुरीन, प्रधान लिपिक, स्वीप कोषांग, वरीय लेखा लिपिक, स्वीप कोषांग व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### भाकपा माले ने सरिया में चलाया घर चलो अभियान

**गिरीडीह।** सरिया प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में भकपा माले के अभियान घर घर चलो, हर घर चलो के तहत जनसंपर्क चलाया जा रहा है इसी कड़ी में पावापुर पंचायत के गड़या( दलित टोला ) में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आरवाईए जिलाध्यक्ष सोनु पांडेय एवम आरवाईए राज्य कमिटी सदस्य दिव्या भगत के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया व चुनाव में भागीदारी हेतु हर चूल्हे से बिस- बिस रुपया का सहयोग राशी लेकर कोष संग्रह किया गया।आरवाईए जिलाध्यक्ष सोनु पांडेय ने कहा कि जनता इस बार पूरी तरीके से बदलाव के मूड में है अबकी कोडरमा से भाजपा को चलता करने के लिए तैयार है जनता चाहती है कि इस बार लाल झंडे का प्रतिनिधित्व कोडरमा को मिलेगा और काफी उत्साह से लोग हर घर से भाकपा माले की मदद को आगे आ रहे हैं।

# मूक-बधिर स्कूल के बच्चों संग मनाया होली उत्सव



मूक बधिर स्कूल में मनाया गया होली मिलन समारोह

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

कायस्थों की अग्रणी संस्था राष्ट्रीय कायस्थवृन्द द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संस्था द्वारा इस वर्ष होली मिलन समारोह अजीडीह स्थित मूक बधिर स्कूल में स्कूली बच्चों के बीच मनाया गया।

इस दौरान संस्था की ओर से सभी बच्चों को अल्पाहार व उपहार भेंट किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक भजनों का गायन कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय कायस्थवृन्द के जिलाध्यक्ष एमके वर्मा और जिला सचिव संजीव सिन्हा सज्जन की अगुवाई में आयोजित हुआ। जिसमें संस्था के त्रिपुरारी प्रसाद बक्सी, राजेश कुमार, संजीव रंजन सिन्हा, शिवेन्द्र सिन्हा, उत्तम लाला, नवीन कुमार सिन्हा, कुमार राकेश, विकास सिन्हा, मधुबाला वर्मा, अभय सिन्हा, रंजीत सिन्हा, चंदन सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, अभय वर्मा, राजेश सिन्हा, आकाश कुमार सिन्हा, प्रांजल, पीहू के अलावे स्कूल के शिक्षक- शिक्षिका, शिक्षकेत्तर कर्मचारी समेत स्कूल के सभी बच्चे मौजूद थे।

# गरीबों से गद्दारी का दिया जाएगा माकूल जवाब : राजेश यादव

## भाकपा माले ने चलाया जन संपर्क और घर-घर से सहयोग अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

आसन्न चुनाव को लेकर भाकपा माले का 'गांव चलो, जन संपर्क करो' अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज सदर प्रखंड के करहरबारी गांव में लोगों से संपर्क कर उनसे चुनाव के मुद्दों पर बातचीत की गई तथा माले के चुनाव संघर्ष कोष के लिए घर-घर से 20 रुपया सहयोग इकट्ठा किया गया।

जन संपर्क के दौरान माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, अब यह बात लोगों के सामने है कि, मोदी सरकार ने बेशुमार चंदा लेने के लिए कंपनियों से दोस्ती कर देश की गरीब जनता को महंगाई, टैक्स का बोझ और बेरोजगारी की सौगात दी है। यह सरकार किसान आंदोलन को दबाने में लगी रही और इसने मजदूरों के भी वाजिब अधिकार छीन लिए। इसलिए सरकार अपनी नाकामी छिपाने में लगी है, लेकिन देश की गरीब जनता अपने साथ हुई गद्दारी का माकूल जवाब देगी।

उन्होंने स्थानीय समस्याओं पर भी बात कर लोगों को संगठित होकर भविष्य में संघर्ष में उतरने की बात कही। साथ ही, चुनाव को भी संघर्ष का हिस्सा मानकर घर-घर से सहयोग करते हुए चुनाव में भागेदारी निभाने की अपील की। श्री यादव की अपील पर मौजूद लोगों ने माले के चुनावी संघर्ष कोष के लिए प्रति घर 20 रुपया का सहयोग देना शुरू किया और चुनाव में लाल झंडे के साथ खड़ा होने का संकल्प लिया।

मौके पर संजय चौधरी, मनोज यादव, कन्हैया सिंह, राकेश मिस्त्री, संतोष मिस्त्री, फुटही राय, रामदेव राय, समीर राय, मुनिया देवी, सुमा देवी, फुलिया देवी, खुशबू देवी, हेमा देवी, देवकी देवी, कुंती देवी, सुनीता देवी, मंजू देवी, सुनीता देवी, रोशनी देवी, गायत्री देवी, मुन्नी देवी, सोनिया देवी, तनुजा देवी, कुसुम देवी, रुक्मिणी देवी, प्रमिला देवी, उषा देवी सहित अन्य मौजूद थे।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

सुभाष शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय गिरिडीह में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आइक्यूएसी के बैनर तले रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस अवसर पर संस्थान के निदेशक सह चेयरमैन संजय कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के प्रतियोगिताओं से प्रशिक्षणार्थियों में छुपे हुए प्रतिभा में निखार आता है। प्राचार्य डॉक्टर अनुज कुमार ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन मतदाताओं को जागरूक करने की एक अच्छी पहल है।

इस प्रतियोगिता में प्रशिक्षुओं को सात अलग-अलग सनफ्लावर ग्रुप, लोटस ग्रुप, मेरीगोल्ड ग्रुप, जैस्मिन ग्रुप, लिली ग्रुप, ट्यूलिप ग्रुप और रोज ग्रुप में बांटा गया। सभी ग्रुप ने सुंदर-सुंदर आकृतियों का निर्माण किया। यह रंगोली प्रतियोगिता,'चुनाव का पर्व देश का गर्व ' थीम पर आयोजित किया गया। इस रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सनफ्लावर ग्रुप, द्वितीय स्थान मेरीगोल्ड ग्रुप तथा तृतीय स्थान लिली ग्रुप और लोटस ग्रुप को प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अनुज कुमार, प्रो. कौशल राज , डॉ ओम प्रकाश राय, डॉ शमा परवीन, प्रो.राजकिशोर प्रसाद, प्रो.संदीप चौधरी, प्रो.सोमा सूत्रधार, प्रो. पोरस कुमार, प्रो. बृजमोहन कुमार, राजेश, मिंकल , उदय आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

तिसरी गांधी मैदान में तीन दिवसीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ को लेकर ऐतिहासिक भव्य 551 कलश यात्रा महिला व कन्याओं द्वारा निकाली गई। इस कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में कामेश्वर सिंह, लखन प्रजापति, रामचंद्र यादव, हरी यादव, रामबिलास मोदी, पूनम बरनवाल उपस्थित थे। कलश यात्रा के साथ राम सीता लक्ष्मण, भारत माता, सात सप्त ऋषि हवन करते काफी आकर्षक लग रहा था।

गायत्री माता, वेद माता, सावित्री, यज्ञ भगवान की नारा से पूरा वातावरण गूंज उठा। वातावरण भक्तिमय हो गया। बता दें कि गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम स्थल से सैकडो महिला और कन्या कलश लेकर निकली और गम्हरिया से चौक होते हुए तिसरी सीएमआई तालाब में विधिवत पूजा अर्चना कर कलश में जल भरा गया। कलश में जल भरने के बाद वापस गांधी मैदान यज्ञ स्थल पर रखा गया। कलश यात्रा में तिसरी देवरी, गांवा, जमुआ गिरिडीह आदि कई प्रखंड से गायत्री परिवार के लोग और श्रद्धालुओ ने भाग लिया। कलश यात्रा के बाद श्रद्धालुओ के बीच यज्ञशाला में मां गायत्री का आरती किया गया उसके बाद प्रसाद वितरण की गई। शाम को प्रवचन शांतिकुंज से आए रामतपस्वी आचार्य के द्वारा किया जायेगा।

# इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन का जिला अध्यक्ष विजिट कार्यक्रम चंदनडीह में संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन का जिला अध्यक्ष विजित चंदनडीह में संपन्न हुआ। यहां बच्चों के लिए आर्ट एंड क्राफ्ट ट्रेनिंग सेंटर हुनर का उद्घाटन भी किया गया। इनर व्हील जिला 325 की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ रागिनी रानी द्वारा उद्घाटन संपन्न हुवा। इस सेंटर में करीबन 3 महीने से क्लब के फाउंडर पीडीसी पूनम सहाय बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट सिखा रही है।

उद्घाटन के बाद बच्चों के बीच हुनर के बच्चों को टी-शर्ट बांटा गया साथ ही चॉकलेट्स एवं स्टेशनरीज बाटा गया । ट्रेजरर राखी झुनझुनवाला ने सेंटर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बच्चे काफी उल्लास से डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रागिनी जी को अपने द्वारा बनाए गए पेंटिंग्स और क्राफ्ट्स दिखाएं। जिला अध्यक्ष रागिनी रानी जी द्वारा एग्जीक्यूटिव मीटिंग के बाद होटल अशोका इंटरनेशनल में कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रचलन एवं आइसो स्मृति आनंद द्वारा इनर व्हील प्रेयर से की गई। मेंबर्स द्वारा वेलकम गीत प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में आई डॉ रागनी रानी का वेलकम प्रेसिडेंट सुमन गौरीसरिया द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में आए हुए गानमान्य व्यक्तियों का वेलकम मेंबर्स द्वारा किया गया।

सेक्रेटरी कविता राजगढ़िया द्वारा बनाए गए क्लब के बुलेटिन एवं ई -बुलेटिन का विमोचन डॉ. रागिनी रानी द्वारा किया गया। मंच संचालन एवं वोट आफ थैंक्स वाइस प्रेसिडेंट सोनाली तरवे द्वारा किया गया। नेशनल एंथम के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। यहां ब्लाइंड स्कूल के बच्चों को पांच स्मार्ट स्टिक दिया गया और जरूरतमंद औरतों को दो सिलाई मशीन दी गई। कार्यक्रम के दौरान क्लब के सभी मेंबर्स उपस्थित रहे।

### भरकट्ठा में टाइल्स मार्बल दुकान का उद्घाटन

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के भरकट्ठा पानी टंकी के पास टाईल्स मार्बल दुकान का उद्धघाटन मंगलवार को किया गया। उद्धघाटन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उप प्रमुख शेखर सुमन, स्थानीय मुखिया निरंजन वर्मा, मुस्तकीम अन्सारी बलगो पंचायत समिति अली असगर पंचायत समिति प्रतिनिधि सोनू मलिक, बलगो पंचायत मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास, कमालुद्दीन अंसारी, कलीम अंसारी संचालन मिनहाज अन्सारी सौकत अन्सारी, अब्दुल रउफ, समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे। इससे पहले संचालक मिनहाज अंसारी अन्सारी ने मिलाद करके फातिहा पढ़ा गया। संचालक मिनहाज अंसारी ने कहा कि भरकट्ठा पानी टंकी के पास मंगलवार को टाईल्स मार्बल दुकान का उद्धघाटन किया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### ताराटांड़ थाना क्षेत्र के पिंडरिया में हेमलाल मंडल के घर में भीषण डकैती



**गिरिडीह।** ताराटांड़ थाना क्षेत्र के पिंडरिया में हेमलाल मंडल के घर में सोमवार की देर रात दर्जनाधिक डकैतों द्वारा डकैती की घटना को अंजाम दिया गया है। इस संबंध में घर की सदस्य पिंकी देवी ने बताया कि लगभग एक दर्जन से अधिक डकैत लोग अपने चेहरे पर गमछा लपेट कर सोमवार को करीब बारह बजे मध्य रात्रि को घर के पीछे वाली दीवार को फांदकर घर में घुसे। सभी के हाथों में रड, लाठी व चाकु से लैस थे। जहां हम सबों को एक कमरे में बंद कर करीब दो घंटे तक सभी घरों में रखे अलमारी, बक्शा समेत अन्य जगहों को खंगाल कर उसमें रखा मेरी सास व मेरा जेवरात के अलावा मेरे पास रखा नगदी लेकर चलते बने। इसके साथ मोबाइल व कुछ बर्तन भी साथ ले गए। बहुत मशक्कत के बाद घर के दरवाजे जिसमें हम सभी बंद थे खोल कर बाहर निकल कर ताराटांड़ थाने को सूचना दी गई। सूचना पाकर ताराटांड़ थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची व जांच में जुट गई। बताते चलें कि डकैती के समय घर पर हेमलाल मंडल, पत्नी छबिया देवी , पुत्र वधु पिंकी देवी घर पर मौजूद थे। इधर सूचना पाकर डीएसपी बिनोद रवानी घटनास्थल पहुंचे व पुलिस जांच में जुट गई है। कहा गया कि दो संदिग्ध को हिरासत में ले पुछताछ की जा रही है और जल्द ही मामले का उद्भेदन किया जायेगा। इधर ताराटांड़ थाना प्रभारी मुकेश कुमार पंडित ने बताया कि डकैती हुई है। सूचना पाकर ताराटांड़ थाने की पुलिस , गांडेय इन्स्पेक्टर कमाल खान अपने दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे व छानबीन में जुट गए हैं।

### गिरिडीह के चिरैयाघाट के शिव मंदिर प्रांगण में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आयोजित



**गिरिडीह।** श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सह एकादशी ब्रतौद्धयापन त्रिदिवसीय ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम , चिरैयाघाट स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया गया। यह कथा 18/03/24 से 21/03/24 तक त्रिदिवसीय ज्ञान यज्ञ के यज्ञाचार्य प. शिवनंदन पाण्डेय, आयोजक बृंदावन पांडेय, यजमान दीपक कुमार पांडेय, सोनी देवी, संजोजक कपिलदेव पांडेय, प्रमोद पांडेय, गोपाल पांडेय, मयंकराज पांडेय, पंचानंद पांडेय की अहम भूमिका रही। प्रथम दिवस प्रातः जल यात्रा,पंचांग पूजन, संध्या प्रवचन कथावाचक प. मणिकांत शास्त्री द्वारा किया गया। यह कथा प्रतिदिन संध्या 7 बजे से 11 बजे तक रात्रि तक किया गया। तत्पश्चात अगले दिन प्रातः पूजन पारायण,संध्या प्रवचन किया जायेगा।कथा वाचक प. मणिकांत शास्त्री द्वारा श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के भक्ति रस में सभी पुरुष, महिलाए, बच्चे सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हो कर भक्ति रस का आनंद लिया।

### प्रेसिजन मेडिसिन पर कार्यशाला का समापन



**जमशेदपुर।** सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर की ओर से आयोजित फेनोम इंडिया हेल्थ कोहॉर्ट नॉलेज बेस (पीआई-सीएचके) कार्यक्रम का समापन मंगलवार हुआ। सात दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य लॉगीट्यूडिनल मोलेक्यूलर, बायोकेमिकल, और अवयव स्कैनिंग डेटा को कैप्चर करना था। यह कार्यक्रम इन डेटा को कटिंग-एज एआई/एमएल मॉडल्स के साथ एकीकृत करके लक्षित नैदानिक और पूवार्नुमानित प्रौद्योगिकियों के विकास का लक्ष्य रखता है, जिससे भारत में और शायद वैश्विक रूप से प्रेसिजन मेडिसिन का मार्ग खुल सके। इस परियोजना के समन्वयक डॉ. अंसु जे कैलाथ, सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट सीएसआईआर-एनएमएल, और उनकी टीम डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. कृष्ण कुमार, कोगपु सुधाकर राव, डॉ. नवनीत सिंह रंधावा और रोशन कुमार ने इस कार्यक्रम के दौरान प्राप्त अनुभव को साझा किया तथा धन्यवाद दिया और आगे आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम का मार्ग प्रशस्त किया।

### मधुबन मोड़ के पास चलती कार में लगी आग बाल-बाल बचे सवार

**गिरिडीह।** डुमरी मुख्य मार्ग पर पीरटांड़ थाना क्षेत्र के हरलाडीह के पास चलती कार में अचानक आग लग गई। आग की लपटें काफी भयावह थीं। हालांकि इस घटना में किसी व्यक्ति की हताहत होने की सूचना नहीं है। बताया जा रहा है कि हरलाडीह के पास देर शाम चलती गाड़ी में अचानक आग लग गई जिसके बाद सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार कार में सवार लोग सही समय पर कार से उतर गए जिससे बड़ी घटना होने से टल गई कहादसे के बाद घटनास्थल पर काफी लोगों की भीड़ जमा हो गई । किन्तु कार को आग की लपटों से नहीं बचाया जा सका। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पीरटांड़ थाना प्रभारी गौतम कुमार ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी लेने में जुट गए। उन्होंने बताया कि घटना में किसी की हाथ होने की खबर नहीं है। सभी लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है।


**कार्यालय जिला परिषद, खूँटी**

कार्यालय आदेश सं०.............../2023–24 दिनांक..........................

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का आदेश संख्या 32/2023-24, Date 13.03.2024- PR No- 322691 (District) 23-24D द्वारा निकाली गई Recreation Park Karra के आवंटन हेतु अति अल्पकालीन बंदोबस्ती सूचना को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, खूँटी

PR 323150 District(23-24)#D

# बंगाल की एकला चलो नीति

*संदेशखाली* मामले पर पूरे देश में शर्मसार बंगाल के चुनावी अखाड़े में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एकला चलो रे का ही रास्ता अपनाया। ममता की प्रधानमंत्री पद की महत्वाकांक्षाएं जब-तब पोस्टरों में दिखती रही हैं जब उनके उत्तराधिकारी अभिषेक तो आज भी जनसभाओं में 71 साल की बुआ को पीएम पद के लिए योग्य उम्मीदवार बता रहे हैं।

**लोकसभा चुनाव में तृणमूल को 43.7 और भाजपा को 40.6 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस का पिछला वोट प्रतिशत भले ही मामूली हो, पर राज्य में लंबी उड़ान भरती दिख रही भाजपा को रोकने की कोशिश या प्रयोग वे कर सकती थीं। वामपंथी दल, खासकर सीपीएम का भी अब तक कांग्रेस से कोई चुनावी तालमेल नहीं हो पाया है।**

दीदी ने गठबंधन के लिए कांग्रेस की पुकार को अनसुना करते हुए अपने 42 प्रत्याशियों की घोषणा करवा दी। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी से गठबंधन की बात को अप्राकृतिक था पर उनका उदय तो कांग्रेस से ही हुआ है। तृणमूल को लगता है कि वह अकेले ही पीएम मोदी का अश्वमेध का घोड़ा बांध लेगी। 2019 के चुनाव में कांग्रेस को 5.7 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि 2021 के चुनावों में उसे लगभग तीन प्रतिशत मत मिले। लोकसभा चुनाव में तृणमूल को 43.7 और भाजपा को 40.6 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस का पिछला वोट प्रतिशत भले ही मामूली हो, पर राज्य में लंबी उड़ान भरती दिख रही भाजपा को रोकने की कोशिश या प्रयोग वे कर सकती थीं। वामपंथी दल, खासकर सीपीएम का भी अब तक कांग्रेस से कोई चुनावी तालमेल नहीं हो पाया है। वहां भी यही सवाल बाधा बना हुआ है कि वाम वोट तो कांग्रेस को मिल जाते हैं, पर 35 साल तक विपक्ष में रहकर कामरेडों का चाबुक खाने वाले कांग्रेसी अपने घाव नहीं भुला पाते। मुस्लिमों व दलितों में तेजी से जनाधार बढ़ा रहे इंडियन सेक्युलर फ्रंट और वाम दलों से तालमेल की बात चल रही है। ममता को सबसे ज्यादा भरोसा नकदी बांटने वाली सरकारी योजनाओं पर है। हालांकि संदेशखाली कांड के बाद महिलाओं ने मुखर होकर कहा कि अपनी इज्जत और स्वाभिमान के बदले उन्हें यह राशि नहीं चाहिए। बताया जाता है कि सागरदीघी विधानसभा सीट पर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के जीतने के बाद क्षेत्र में लक्ष्मी भंडार सुविधा बंद कर दी गई थी और दोबारा यह सुविधा तब चालू हुई, जब वहां से जीते कांग्रेस प्रत्याशी बायरन विश्वास तृणमूल में लौटे। सीएए लागू होने के बाद और घायल होने से पहले ममता ने घुमा-फिराकर मंचों से ही ऐलान किया कि नागरिकता के लिए आवेदन करते ही वे अवैध नागरिक हो जाएंगे और राज्य सरकार की सारी सुविधाएं बंद हो जायेंगी। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद सत्ता में आने पर हर महिला को 3-3 हजार रुपये देने का वादा कर रहे हैं। ममता ने केंद्र की ओर से जनकल्याण की योजनाओं का धन रोक देने को चुनावी मुद्दा बनाया है। हालांकि भाजपा इन योजनाओं में भ्रष्टाचार के मामलों को उछाल रही है। प्रधानमंत्री ने अपनी आरामबाग रैली में साफ कहा कि लूटने वालों को लौटाना ही पड़ेगा। भाजपा पूछ रही है कि बंगाल सरकार अदालत क्यों नहीं जाती? हम देख चुके हैं कि केंद्र से पावना के मामले पर केरल हाल ही में सुप्रीम कोर्ट गया और उसे इस मसले का हल मिला। ममता अपनी दूसरी ताकत बहुचर्चित धर्मनिरपेक्षता को मानती हैं। लेकिन बदले माहौल में यह ताकत कमजोरी के तौर पर देखी जा रही है। संदेशखाली मामले में ईडी टीम पर जानलेवा हमला करवाने वाले शेख शाहजहां को 55 दिन तक पकड़ा नहीं गया, उससे तुष्टीकरण की अवधारणा ही बलवती हुई। वैसे कुछ साल पहले ईद मिलन समारोह में सीएम ममता ने जब मंच से कह दिया कि दुधारू गाय की लात भी सही जाती है, तो इसमें छिपाने लायक कुछ रह नहीं जाता। इसके मुकाबले में राज्य की 70 फीसदी हिंदू आबादी के ध्रुवीकरण की भी संभावना बन सकती है।

इन दिनों

# सीता सोरेन के इस्तीफे से झामुमो की बढ़ी मुश्किलें



विजय केसरी

*झारखंड* मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन की बड़ी पुत्र वधू सीता सोरेन के इस्तीफे के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा की मुश्किलें बढ़ा दी है। दिल्ली में मंगलवार को सीता सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली । सदस्यता ग्रहण करने से पूर्व उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इस आशय का एक पत्र उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू शरण को प्रेषित कर दिया है। सीता सोरेन के इस्तीफा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की राजनीति में एक भूचाल खड़ा कर दिया है । सीता सोरेन के इस्तीफे से झारखंड मुक्ति मोर्चा की जमीन की खिसकती नजर आ रही है । सीता सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा की राजनीति में एक प्रमुख नेता के रूप में गिनी जाती रही हैं। सीता सोरेन तीन-तीन बार झारखंड मुक्ति मोर्चा के टिकट पर चुनाव लड़ी और विधानसभा में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करती रहीं। सीता सोरेन अपने पति दुर्गा सोरेन के जीवित रहते झारखंड मुक्ति मोर्चा की राजनीति में सक्रिय हो गईं थीं। सीता सोरेन इस बात से खास नाराज रहती थी कि उनके पति दुर्गा सोरेन को झारखंड मुक्ति मोर्चा की राजनीति में जो सम्मान मिलना चाहिए था । दुर्गा सोरेन को वह सम्मान कभी भी नहीं दिया गया था। यह बात सच है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन ने जिस प्रकार हेमंत सोरेन को झारखंड की राजनीति में अपना नैतिक समर्थन दिया था, ऐसा दुर्गा सोरेन को कभी प्राप्त नहीं हो पाया था। इस बात को लेकर सोरेन परिवार के बीच बराबर विवाद होते रहते थे। पिछले दिनों जब मनी लॉन्ड्रिंग और जमीन घोटाले के मामले में हेमंत सोरेन को जेल जाना पड़ा था, तब झारखंड के अगले मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का नाम आया था। जब इस बात की जानकारी सीता स्वयं को हुई थी तब उन्होंने अंदर ही अंदर इसका विरोध करना शुरू कर दिया था। चंपाई सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सीता सोरेन को उम्मीद थी कि मंत्रिमंडल में जगह दिया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। जिस कारण भी सीता सोरेन काफी नाराज चल रही थी । अपनी इस नाराजगी को उन्होंने खुले रूप से प्रेस के समक्ष भी रखा था। जब बात काफी बढ़ गई तब झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन के हस्तक्षेप के बाद मामला ठंडा पड़ा था । लेकिन बाहर से सीता सोरेन शांत जरूर दिख रही थी, लेकिन अंदर ही अंदर उनकी राजनीतिक खिचड़ी कहीं और पक रही थी । राजनीतिक के गलियारे में सीता सोरेन का भाजपा के नेताओं से बातचीत हो रही है, इसकी भनक तक ना लगी थी।



हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थिति दिन ब दिन गिरती चली जा रही है । हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की कमान अपने हाथों में जरूर ले ली हैं। वह मंच से बड़ी-बड़ी बातें भी कर रही हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं का उन्हें समर्थन भी मिल रहा है । वहीं दूसरी ओर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई विधायक भी चंपाई सोरेन सरकार से खासे नाराज भी चल रहे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई विधायकों के नाराजगी का बयान का अखबारों में आ चुके हैं। राजनीतिक गलियारे में यह भी चल रही है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई विधायक भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के संपर्क में हैं । अगर यह बात सच साबित होती है, तब यह झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए एक बड़ी ही बुरी खबर साबित होगी। सीता सोरेन के इस्तीफे के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा की जमीन की खिसकती नजर आ रही है। यह झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए शुभ संकेत नहीं है। फिलहाल झारखंड मुख्य मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन बीमार चल रहे हैं। स्वास्थ्य कारणों के चलते शिबू सोरेन की पकड़ झारखंड मुक्ति मोर्चा पर ढीली पड़ती जा रही हैं । ऐसे में अगर हेमंत सोरेन लंबे समय तक जेल में रह जाते हैं, तब झारखंड मुक्ति मोर्चा जी की स्थिति और भी कमजोर पड़ती चली जाएगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा को अपनी स्थिति को मजबूत बनाए रखने के लिए एक बड़े संघर्ष के दौर से गुजरना पड़ रहा है। लोकसभा चुनाव का बिगुल बच चुका है। झारखंड के 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव होना है। झारखंड मुक्ति मोर्चा को लोकसभा का यह चुनाव शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन के बिना ही लड़ना पड़ेगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा में शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन के अलावा दूसरा कोई ऐसा नेता उभर कर सामने नहीं आ पाया है, जो इन दोनों नेताओं के समक्ष नेतृत्व दे सके। आज झारखंड मुक्ति मोर्चा नेतृत्व के अभाव का भी दंश झेल रही है। वहीं एनडीए ने झारखंड की 14 लोकसभा जीत की तैयारी में जुट गई हैं। झारखंड के चौदहों सीट पर एनडीए का तालमेल भी बहुत ही बेहतर रूप में सामने आया है । झारखंड में भाजपा, आजसू के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी । नरेंद्र मोदी की गारंटी की हवा भी बह रही है। भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं में जो उत्साह देखने को मिल रहा है, ऐसी उत्साह यूपीए गठबंधन के कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच नहीं दिख रही है बल्कि सीट के बंटवारे को लेकर यूपीए में अंदर ही अंदर काफी घमासान भी दिख रहा है। झारखंड की सियासत में झारखंड मुक्ति मोर्चा की मुसीबत कम होने का नाम नहीं ले रही है। मनी लांड्रिंग जमीन घोटाला और लाभ के पद मामले में जेल में बंद हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता पर पहले से ही खतरा मंडरा रहा है। अब उनकी भाभी सीता सोरेन ने भाजपा का दामन थाम लिया है। राजनीतिक गलियारे में ऐसी भी चर्चा है कि सीता सोरेन भाजपा के टिकट पर लोकसभा का चुनाव भी लड़ेंगी । कल तक यही सीता सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं को जीताने के लिए सभाएं करती रही थीं । अब सीता सोरेन मुखर होकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं का ही पोल खोलती नजर आएंगीं। सीता सोरेन के खुले रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा के खिलाफ में आने से झारखंड मुक्ति मोर्चा के संगठन पर इसका बहुत ही प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। सीता सोरेन ने यह पहली बार नहीं किया है बल्कि अक्सर अपनी मांगों को लेकर वो सरकार को असहज करती रही हैं । हेमंत सोरेन के सीता सोरेन के सियासी रिश्ते जगजाहिर हैं। सीता सोरेन के तेवर और बगावती रुख को देखर सवाल उठ रहे थे कि क्या वो झारखंड की 'अपर्णा यादव' तो नहीं बनेंगी? सीता सोरेन अब अपर्णा यादव की राह पर चल पड़ी हैं। सीता सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के पुत्र दिवंगत दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं। सीता सोरेन जेएमएम के टिकट पर तीसरी बार झारखंड विधानसभा में पहुंचीं । झारखंड की सियासत में वो मजबूत पकड़ भी रखती हैं, लेकिन हेमंत कैबिनेट में उन्हें जगह नहीं मिल सकी। सीता सोरेन की राजनीतिक महत्वाकांक्षा भी जगजाहिर है। ध्यातव्य है कि सीता सोरेन ने अपनी ही सरकार के अधिकारियों के कामकाज और रवैये पर सवाल उठाती रही थीं । पिछले दिनों सीता सोरेन यह आरोप लगाया था कि धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कोयले का अवैध खनन और परिवहन करा रहे हैं। इससे प्रतिदिन करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। सीता सोरेन के मुताबिक धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक की मौन सहमति और अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन के कारण अवैध खनन किए जा रहे हैं। सीता सोरेन ने इस मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय, तत्कालीन पूर्व मुख्यमंत्री सीएम हेमंत सोरेन, ईडी और सीआईएसएफ मुख्यालय से कार्रवाई की मांग की थीं। सीता सोरेन अब भारतीय जनता पार्टी की सदस्य बन चुकी हैं। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा भी दे दिया है । इस आशय का एक पत्र सीता स्वयं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष शिबू सोरेन को प्रेषित कर दिया है। अपने पत्र में सीता सोरेन ने कई आरोप भी दर्ज कर दिया है। लोकसभा के चुनाव में सीता सोरेन एक भाजपा के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने जा रही है। ऐसी राजनीतिक आशंका व्यक्त की जा रही है। जब 2024 का लोकसभा का चुनाव का विगुल बच चुका है, ऐसे में सीता सोरेन का भाजपा का दामन थामना, झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए महंगा ही साबिर होगा। 2024 का लोकसभा चुनाव समाप्त होते ही झारखंड में भी विधानसभा चुनाव के बिगुल भी बज जाएंगे। सीता सोरेन के झारखंड मुक्ति मोर्चा छोड़ने से कई और झारखंड मुख्य मोर्चा के नेता भी भाजपा का दमन थाम सकते हैं। इसकी आशंका व्यक्ति जा रही है। सच्चे अर्थों में सीता सोरेन के इस्तीफे ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

**ये लेखक के निजी विचार हैं।**

**(कथाकार/ स्तंभकार ) पंच मंदिर चौक, हजारीबाग - 825 301,**

## आपकी बात

### अवश्य करें मतदान



दिलीप कुमार

भारत एक लोकतान्त्रिक देश है। लोकतंत्र में मतदान का विशेष महत्व है। इसलिए हर एक मतदाता को मतदान अवश्य करना चाहिए। एक एक मत कीमती है। उदाहरण बताते हैं कि प्रत्याशियों में हार जीत का अंतर कभी- कभी मात्र एक वोट रहा है। इसलिए वोटर को अपना वोट अवश्य डालना चाहिए। यह उसका अधिकार एवं कर्तव्य है कि स्वविवेक से वह अपने क्षेत्र के लिए योग्य एवं कर्मठ प्रत्याशी को अपना मत दे। चुनाव प्रायः पांच वर्षों के अंतराल में ही होते हैं। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि जितना ज्यादा मतदान होगा हमारा लोकतंत्र भी उतना ही मजबूत होगा। और इससे योग्य प्रत्याशी का चयन भी सुनिश्चित होगा। लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा हो चुकी है। हम सभी मतदाता संकल्प लें कि हम अपने मत का प्रयोग अवश्य करेंगे। निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर उस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करें जो आपके क्षेत्र की समस्याओ को दूर करे, क्षेत्र का विकास करे, और आपकी बातों को सुने। अंत में स्वरचित कविता के माध्यम से कहना चाहूंगा -



हो गई अब घोषणा,
देखो चुनाव आ गया।
नेताजी के रंग- ढंग देख,
वोटर भी चक्कर खा गया।
वादे लुभावन सुन,
मन में वह इतरा रहा।
किसको दे वोट अपना,
सोचकर घबरा रहा।
क्षेत्र का विकास करे और,
जनता का रखे जो ध्यान।
सबसे उपयुक्त को ही,
हे वोटर! करना मतदान।

**(ग्राम - पोटमा, पोस्ट -लगमा,
जिला -गढ़वा -822114
(झारखण्ड )**

# ‘बस्तरः द नक्सल स्टारी’ और पीड़ित महिलाओं की टीस



मृत्युंजय दीक्षित

‘द केरल स्टोरी’ से सुर्खियों में आये सुदीप्तो सेन निर्देशित और विपुल शाह के प्रोडक्शन की फिल्म ‘बस्तरः द नक्सल स्टोरी’ छत्तीसगढ़ में नक्सली हिंसा तथा बस्तर के वास्तविक जीवन की घटनाओं पर आधारित और एक ‘मां’ की शक्ति को समर्पित शानदार फिल्म है। फिल्म के आरम्भ में नक्सल प्रभावित क्षेत्र का एक परिवार राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत होकर 15 अगस्त को एक विद्यालय में तिरंगा फहराता है और ‘जन गण मन’ का गायन करता है। नक्सलियों को इसका पता चलता है तो वह उस परिवार को अपनी अदालत में उठा ले जाते हैं। तिरंगा फहराने वाले व्यक्ति के शरीर के 32 टुकड़े कर दिये जाते हैं। मारे गये व्यक्ति की पत्नी कहती है,’ मैं रत्ना कश्यप, मेरे पति मिलन कश्यप को नक्सलियों ने मार दिया। पूरे गांव के सामने 32 टुकड़े कर दिये और उसके खून से अपने शहीद स्तंभ को मेरे हाथों से रंगवाया। क्या गलती थी उसकी, बस यही कि उसने 15 अगस्त को अपने गांव के स्कूल में भारत का झंडा लहराया। बस्तर में भारत का झंडा लहराना एक जुर्म है जिसकी सजा दर्दनाक मौत है।’’ मेरे बेटे को भी उठाकर ले गये उसे भी नक्सली बनायेंगे। हर परिवार से एक बच्चा उनको देना पड़ता है। नहीं देते तो पूरे परिवार को मार देते हैं। अरे हम बस्तर की मांएं करें तो

**फिल्म के आरम्भ में नक्सल प्रभावित क्षेत्र का एक परिवार राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत होकर 15 अगस्त को एक विद्यालय में तिरंगा फहराता है और ‘जन गण मन’ का गायन करता है।**

करें क्या, मैं पति का बदला और अपने बेटे को वापस लाने के लिए जिंदा हूं। ‘‘मैने हथियार उठा लिए हैं बस्तर से इन नक्सलियों को समाप्त करके रहूंगी।’’ यही फिल्म की पार्श्व भूमि है। आगे बढ़ते हुए फिल्म बताती है कि किस प्रकार नक्सली देश को कम से कम 30 टुकड़ों में बांटने का खतरनाक षड़यंत्र रचते रहते हैं। भारत के मजबूत लोकतंत्र को कमजोर दिखाने के लिए वामपंथी तत्व किस प्रकार अपना नैरेटिव चलाते हैं और इस भारत विरोधी अभियान के लिए विदेशी फंडिंग आती है। इनकी घुसपैठ देश के सामाजिक और राजनीतिक ताने - बाने को प्रभावित करने वाली सभी संस्थाओं यथा विश्वविद्यालयों, न्यायपालिका व मीडिया जगत में है। निहित स्वार्थां की पूर्ति करने व छत्तीसगढ़ की अकूत सम्पदा पर कब्जा करने के लिए कुछ लोग नक्सली हिंसा को बढ़ावा दे रहे थे और बस्तर के गांवों में विकास नहीं हो पा रहा था।

## फेसबुक वॉल से




## X- से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# भारत दे रहा है चीन को मात



किशन भावनानी

*वैश्विक* स्तर पर भारत हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है, जिसकी रिपोर्ट उन हर क्षेत्र से आ रही है। अभी हाल ही में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में जानकारी आई कि भारत खिलौना बाजार क्षेत्र में चीन को मार देने के करीब पहुंच गया है, जिसमें जानकारी आई है कि 2015 से 2023 वित्त वर्ष के बीच करीब 239 प्रतिशत की निर्यात में भारी वृद्धि हुई है तथा आयात में 52 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है जो रेखांकित करने वाली बात है। असल में अभी भारत में खिलौने बनाने के बाद भारतीय मानक ब्यूरो की अनुमति लेना अनिवार्य हो गया है, जिसका परिणाम यह हुआ है कि खिलौनो की गुणवत्ता पर नजर रखी जा सके जिसका परिणाम यह हुआ है कि भारतीय खिलौनो की गुणवत्ता चीन सहित दुनियां के अन्य देशों से अति उत्तम पाई गई है जिससे भारत का निर्यात बढ़ गया है और आयात में भी भारी कमी आई है, जिसका सीधा असर खिलौना क्षेत्र के विकास पर पड़ा है नतीजा यह है कि विश्व की अनेक खिलौना कंपनियों की नजर अब भारत पर आन पड़ी है। चुंकि भारत दे रहा है चीन को मात,वैश्विक खिलौना कंपनियां चीन को छोड़ भारत पर ध्यान दे रही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, खिलौनों के लिए भारत की चीन पर निर्भरता बहुत कम होकर निर्यात बाजारों में जाना परिवर्तनकारी बदलाव और आशाजनक संभावना को रेखांकित करता है। साथियों बात अगर हम दिनांक 17 मार्च 2024 को आई एक रिपोर्ट की करें तो, वैश्विकखिलौना उद्योग में चीन से भारत की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा जा रहा है, जिसके लिए प्रमुख खिलाड़ियों द्वारा नियामक आवश्यकताओं संरक्षणवाद और रणनीतिक व्यापार निर्णयों सहित विभिन्न कारक जिम्मेदार हैं। खिलौना विनिर्माण क्षेत्र में चीन के लिए जो बात नुकसान वाली हो सकती है, वह भारत के लिए फायदे का सौदा साबित हो रही है। भारत के खिलौना उद्योग ने वित्त वर्ष 15 और वित्त वर्ष 23 के बीच तेजी से प्रगति की है और निर्यात में 239 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई तथा आयात में 52 प्रतिशत तक की गिरावट आई। इसके परिणामस्वरूप देश शुद्ध निर्यातक बन गया। भारत में खिलौनों की बिक्री के लिए भारतीय मानक ब्यूरो की मंजूरी जरूरी होना, संरक्षणवाद, चीन-प्लस-वन रणनीति और मूल सीमा शुल्क बढ़ाकर 70 प्रतिशत किये जाने से भारत के खिलौना उद्योग में तेजी आई है। उद्योग के भागीदारों के अनुसार हालांकि हैस्ब्रो, मैटल, स्पिन मास्टर और अर्ली लर्निंग सेंटर जैसे वैश्विक ब्रांड आपूर्ति के लिए देश पर अधिक निर्भर हैं, लेकिन इटली की दिग्गज कंपनी ड्रीम प्लास्ट, माइक्रोप्लास्ट और इंकास जैसी प्रमुख विनिर्माता अपना ध्यान धीरे-धीरे चीन से भारत पर केंद्रित कर रहीं हैं। बीआईएस के नियमन से पहले खिलौनों के लिए भारत की चीन पर 80 प्रतिशत निर्भरता थी, जो अब कम हो गई है।



बोधि वृक्ष

## दुनिया का इकलौता ब्रह्मा मंदिर

52 घाटों से सजी पवित्र झील और ब्रह्मा जी के मंदिर के लिए पुष्कर पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। सैंकड़ों मंदिरों की घंटियां शाम के समय यहां एक साथ बजती हैं तो शहर का पवित्र वातावरण गुंजायमान हो उठता है। धार्मिक नगरी के नाम से पहचान रखने वाला पुष्कर गुलाब के फूलों, गुलाब के इत्र की महक के साथ गुलकंद का स्वाद भी पूरे विश्व के लोगों तक पहुंचाता है। यहां से सबसे ज्यादा गुलाब के फूल अरब देशों में भेजे जाते हैं। इसके अलावा भी पुष्कर की कई ऐसी खासियत हैं जो आपको जाननी चाहिए। आज हम आपको यहां के 10 प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में बतायेंगे, आइये जानते हैं...



**पुष्कर सरोवर :** तीर्थराज के नाम से प्रसिद्ध पुष्कर सरोवर को सभी तीर्थस्थलों का राजा कहा जाता हैं। ऐसी मान्यता है कि इस सरोवर में डुबकी लगाने पर तीर्थयात्रा संपन्न हो जाती है। अर्द्ध गोलाकार रूप में लगभग 10 मीटर गहरी यह झील 500 से अधिक मंदिरों और 52 घाटों से घिरी हुई है।

**ब्रह्मा मंदिर :** पूरे विश्व का एक मात्र ब्रह्मा मंदिर पुष्कर में स्थित है। संगमरमर से बना यह मंदिर चांदी के सिक्कों से जड़ा हुआ है। यहां ब्रह्मा जी की चतुमुर्खी प्रतिमा गर्भगृह में स्थापित है। इसी मंदिर में सूर्य भगवान की संगमरमर की मूर्ति भी है जो एक प्रहरी की तरह खड़ी है। इस मूर्ति खासियत यह है कि भगवान सूर्य जूते पहने हुए हैं।

(क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

### सरकार का नया ट्रूकॉलर ऐप

कॉल करने वाले का नाम जो उसने अपने मोबाइल कनेक्शन सत्यापन के लिए प्रदान किया था, स्क्रीन पर दिखाई देगा। फर्जी कॉल्स को ब्लॉक करने की क्षमता बेहद फायदेमंद होगी। इस एप्लिकेशन का लॉन्च होने के बाद, उम्मीद है कि अधिक लोग इसका उपयोग करेंगे और फर्जी कॉल्स के खिलाफ एक जुदी लड़ाई लड़ेंगे। यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो भारतीय समाज को डिजिटल युग में सुरक्षित और सुरक्षित रखने के लिए उठाया गया है। सरकारी ट्रू कॉलर एप्लिकेशन का लॉन्च एक प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह एक साधारण नागरिक को अपने दिनचर्या के दौरान सक्रिय रहने की स्वतंत्रता प्रदान करेगा और उसे फर्जी कॉल्स के खिलाफ एक मजबूत प्रतिक्रिया मिलेगी। इसे लॉन्च किया जाना चाहिए और उसके उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए ताकि हम सभी एक सुरक्षित और सुरक्षित डिजिटल जीवन जी सकें।



**यह भी जानें कि स्पैम कॉल्स को कैसे ब्लॉक करें :** यदि आपके पास भी बहुत सारी स्पैम कॉल आ रही हैं तो उन्हें ब्लॉक करना एक सरल प्रक्रिया है।

- इसके लिए आपको अपने फोन के गूगल डायलर का उपयोग करना होगा।

गूगल डायलर लॉन्च करें और दिखाई देने वाले तीन बिंदुओं पर क्लिक करें।

- फिर डायलर सेटिंग्स उपलब्ध हो जागी। आप यहां कॉलर आईडी और स्पैम विकल्प खोलना चुन सकते हैं। - उसके बाद, आपके पास तीन विकल्प होंगेः बस ‘पहचानें,’ ‘स्पैम कॉल फिल्टर करें,’ और ‘सत्यापित कॉल’ चुनें। - स्पैम कॉल्स का अब आप पर नहीं पड़ेगा असर। **(समाप्त)**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह ‘बादल’*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)**

## एक नजर

### कमलेश दाजी को राष्ट्रमंडल में शांति निर्माण का सम्मान

**हैदराबाद।** हार्टफुलनेस के मार्गदर्शक और रामचंद्र मिशन के अध्यक्ष कमलेश डी पटेल दाजी को राष्ट्रमंडल सचिवालय द्वारा राष्ट्रमंडल में शांति निर्माण और विश्वास के वैश्विक राजदूत के सम्मान से सम्मानित किया गया। राष्ट्रमंडल महासचिव पेट्रीसिया स्कॉटलैंड ने वैश्विक आध्यात्मिकता शिखर सम्मेलन के दौरान कान्हा शांति वनम में दाजी को प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया। यह सम्मान पेट्रीसिया स्कॉटलैंड और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की ओर से कान्हा शांति वनम में संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। दाजी को राष्ट्रमंडल में शांति निर्माण और आस्था के वैश्विक राजदूत की उपाधि प्रदान करते हुए पेट्रीसिया स्कॉटलैंड ने उस परिवर्तन की सराहना की जो दाजी ने हरियाली परियोजनाओं के साथ कान्हा शांति वनम में लाया और बताया कि कैसे दुनिया भर में अरबों लोग उनसे प्रेरणा लेते हैं।

### वीजा रिश्वत मामले में कार्ति चिदंबरम 5 को कोर्ट में तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने चीनी नागरिकों को वीजा दिलवाने में रिश्वत लेने के मामले में पी चिदंबरम के पुत्र कार्ति चिदंबरम के खिलाफ ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने कार्ति चिदंबरम को 5 अप्रैल को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया। कोर्ट ने 26 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में ईडी ने कार्ति चिदंबरम, उनके पूर्व चार्टर्ड अकाउंटेंट एस भास्कर रमन, पदम दुगार, दुगार हाउसिंग लिमिटेड, विकास मखरिया, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और मंसूर सिद्दीकी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने 25 जनवरी को चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले में सीबीआई ने मई 2022 में पी चिदंबरम के आवास पर छापा मारा था। सीबीआई के केस दर्ज करने के बाद ईडी ने केस दर्ज किया था।

### एमपी नगर के मैकेनिक मार्केट में लगी आग

**भोपाल ।** राजधानी के एमपी नगर में चेतक ब्रिज के समीप स्थित मैकेनिक मार्केट में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात आग लग गई। हादसे में दो दुकानें और तीन कारें जल गईं। आग से जली एक कार मैकेनिक के यहां सुधरने के लिए रखी गई थी। आग की सूचना पर पहुंची नगर निगम की फायर ब्रिगेड टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग को काबू किया, जो सुबह 6 बजे तक पूरी तरह से बुझ सकी। पुल बोगदा स्थित फायर कंट्रोल रूम के फायरमैन फिरोज खान द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सोमवार-मंगलवार रात करीब 2 बजे एमपीनगर स्थित चेतक ब्रिज के नजदीक दुकानों में आग लगने की सूचना मिली थी।

### पेड़ पर मिले जीजा साली के शव, प्रेम संबंध में आत्महत्या की आशंका

**शिवहर।** बिहार के शिवहर जिले के श्यामपुर भटहा थाना क्षेत्र के एक पेड़ से पुलिस ने युवक-युवती के शव बरामद किए हैं। दोनों रिश्ते में जीजा-साली बताए जा रहे हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना के बाद मगंलवार को जहांगीरपुर गांव में लीची के पेड़ से लटकता एक युवक और युवती का शव बरामद किया गया। युवक की पहचान मोतिहारी के ताजपुर सरैया गांव निवासी राकेश पटेल तथा युवती की पहचान जहांगीरपुर निवासी रानी कुमारी के रूप में की गई है। घटना की सूचना के बाद शिवहर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भी घटनास्थल पहुंचे। पुलिस के मुताबिक, प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग में आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। बताया जा रहा है कि राकेश पटेल अपने ससुराल आया था। रात को खाना खाने के बाद सभी लोग अपने कमरे में सोने चले गए थे। सुबह हुई तो राकेश और उसकी साली रानी घर में नहीं थे। खोजबीन की गई तो पेड़ से लटकते दोनों के शव बरामद किए गए।

# तमिलनाडु ने भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को वोट देने का मन बना लिया : प्रधानमंत्री

**इंडी गठबंधन ने 'शक्ति' को नष्ट करने की घोषणा करके अपने गलत इरादे जाहिर कर दिए**

**हिंदू धर्म में, शक्ति का अर्थ मातृ शक्ति, नारी शक्ति इसका सम्मान करना हमारी संस्कृति**

**एजेंसी। नई दिल्ली।**

**सेलम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि तमिलनाडु ने भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को वोट देने का मन बना लिया है।

लोकसभा चुनाव के लिए तमिलनाडु के सेलम में भाजपा की एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अब तमिलनाडु ये तय कर चुका है कि 19 अप्रैल को एक-एक वोट भाजपा-एनडीए को जाएगा। अब तमिलनाडु ये तय कर चुका है कि अबकी बार 400 पार। तमिलनाडु में भाजपा को जो जन समर्थन मिल रहा है, उसे पूरे भारत में देखा और चर्चा की जा रही है। उन्होंने कहा, 'कल मैं कोयंबटूर में रोड शो के दौरान लोगों के बीच था और एनडीए और मोदी को जो समर्थन और आशीर्वाद मिला है, उससे डीएमके की नींद उड़ गई है।

इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय के.एन. लक्ष्मणन को याद करके भावुक हो गए और राज्य में भाजपा के विस्तार में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि वह आपातकाल के दौरान संघर्ष में भी शामिल थे। उन्होंने तमिलनाडु में कई स्कूल भी खोले।

### तमिलनाडु का विकास हमारी प्राथमिकता



प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार तमिलनाडु के विकास और समृद्धि को सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। निःशुल्क चिकित्सा उपचार से लेकर घरों में नल के पानी के कनेक्शन प्रदान करने तक निःशुल्क राशन सुविधाओं से लेकर मुद्रा योजना के माध्यम से तमिलनाडु की महिलाओं को लाभान्वित करने तक, हमने सर्वोत्तम देना, सर्वोत्तम सेवा देना सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि मोदी, देश की नारीशक्ति की हर परेशानी के आगे ढाल बनकर खड़ा है। महिलाओं को धुआं मुक्त जीवन देने के लिए हमने उज्ज्वला एलपीजी गैस कनेक्शन दिए, हमने फ्री मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए आयुष्मान योजना शुरू की। इन सभी योजनाओं के केंद्र में नारीशक्ति ही है।

### पीएमके के आने से एनडीए को मिली नई ऊजा

तमिलनाडु में डॉ. एस रामदास के नेतृत्व वाली पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के साथ सीट शेयरिंग समझौते पर मोदी ने कहा कि पीएमके के साथ सीट बंटवारे के समझौते के बाद एनडीए को नई ऊर्जा मिली है। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए पीएमके को 10 सीटें दी हैं। डीएमके और कांग्रेस का मतलब बड़ा भ्रष्टाचार और एक परिवार का शासन है। उन्होंने कहा कि जब देश को कांग्रेस से मुक्ति मिली तो देश 5जी तकनीक तक पहुंच गया। लेकिन तमिलनाडु में डीएमके अपना खुद का 5जी अर्थात तमिलनाडु पर नियंत्रण रखने वाली एक परिवार की पांचवीं पीढ़ी चला रही है। उन्होंने कहा कि डीएमके ने दिवंगत जयललिता के साथ कैसा व्यवहार किया, यह सर्वविदित है। प्रधानमंत्री ने इंडी गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि मुंबई बैठक में इंडी गठबंधन ने 'शक्ति' को नष्ट करने की घोषणा करके अपने गलत इरादे जाहिर कर दिए है।

## तृणमूल का मोदी की गारंटी पर तंज संस्थाओं पर कब्जा कर रहा केंद्र



**एजेंसी। कोलकाता।**

तृणमूल कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से इस्तेमाल हो रहे 'मोदी की गारंटी' वाक्य को लेकर निशाना साधा। भाजपा पर हमला बोलते हुए टीएमसी ने मंगलवार को सवाल उठाया कि क्या मोदी की गारंटी वाले नारे का मतलब भाजपा का संवैधानिक संस्थानों पर कब्जा जमाना है। देश की राजधानी दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में तृणमूल की सागरिका घोष और बाबुल सुप्रियो ने अधिकारियों को हटाने के निर्वाचन आयोग के आदेश पर भी सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी दलों को समान अवसर मिले।

बाबुल सुप्रियो ने कहा, जिस तरह से चुनाव हो रहे हैं, पुलिस महानिदेशक का तबादला किया गया, ये क्या दशार्ता है ? देखा गया है कि जब मतदान लंबे समय तक चलता है तो लोगों की दिलचस्पी कम हो जाती है और बाद के चरणों में कम मतदान होता है। अगर आप चुनाव कार्यक्रम पर गौर करेंगे तो पाएंगे यह कार्यक्रम भी इसी आधार पर तय किया गया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को सभी दलों को समान अवसर देना चाहिए। सागरिका घोष ने कहा, मोदी की गारंटी पूरी तरह खोखली है और इसमें कुछ भी वास्तविक नहीं है। उन्होंने कहा, मोदी प्रधानमंत्री नहीं, चुनाव मंत्री हैं। वह चुनाव के समय वादे तो करते हैं,लेकिन उन्हें पूरा कभी नहीं करते। मोदी की गारंटी क्या है ? बंगाल में जिस तरह से अधिकारी बदले जा रहे हैं, संस्थाओं पर कब्जा जमाया जा रहा है, क्या यह मोदी की गारंटी है?

## पूर्व केंद्रीय मंत्री मो. अली अशरफ फातमी ने जदयू का साथ छोड़ा




**एजेंसी। पटना।**

पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहम्मद अली अशरफ फातिमा ने मंगलवार को जदयू से नाता तोड़ लिया। फातमी ने पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से इस्तीफा दे दिया है। राजधानी पटना में उन्होंने पत्रकार वार्ता कर इसकी घोषणा की। मोहम्मद अली अशरफ फातमी का जन्म 01 जनवरी, 1956 को बिहार के दरभंगा में हुआ। उन्होंने 13 वर्षों तक चार बार बिहार के दरभंगा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) राजनीतिक दल के सदस्य थे। बीते 29 जुलाई, 2019 को फातमी ने राजद का दामन छोड़कर जदयू में शामिल हो गए। फातमी 10वीं, 11वीं, 12वीं और 14वीं लोकसभा में विजयी हुए थे। साल 2009 से 2014 तक मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री की हैसियत से सेवा दी। फातमी के बेटे फराज फातमी 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में पहली बार विधायक बने थे।

## आतंकवाद से निपटने को भारत प्रतिबद्ध : प्रधानमंत्री



**एजेंसी। नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने और हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैतों और आतंकवाद से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने यह बात बल्गेरियाई राष्ट्रपति रुमेन राडेव के एक्स पोस्ट के जवाब में कही। राडेव ने बुल्गारियाई अपहृत जहाज को बचाने के लिए भारतीय नौसेना के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही प्रधानमंत्री का भी धन्यवाद दिया और बताया कि इसमें सात बल्गेरियाई नागरिक भी थे।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया और कहा कि वे राष्ट्रपति के संदेश की सराहना करते हैं। हमें खुशी है कि 7 बुल्गारियाई नागरिक सुरक्षित हैं और जल्द ही घर लौट आएंगे। रूएन जहाज को पिछले साल दिसंबर में अरब सागर में समुद्री डकैतों ने पकड़ लिया था। इसमें बुल्गारियाई, म्यांमारी और अंगोलन नागरिक थे।

### पीएमके व भाजपा के बीच सीटों का बंटवारा, 10 सीटों पर लड़ेगी पीएमके

**नई दिल्ली ।** भारतीय जनता पार्टी और तमिलनाडु की पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के बीच मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए राज्य स्तर पर सीटों के बंटवारे पर समझौता हो गया। डॉ. एस रामदॉस के नेतृत्व वाली पीएमके राज्य की 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई और पीएमके संस्थापक रामदॉस ने यहां थाइलापुरम स्थित आवास पर समझौते पर हस्ताक्षर किए। पीएमके वन्नियार समुदाय को अपील करने वाली पार्टी है। इसका उत्तर तमिलनाडु के जिलों में खासा प्रभाव है। सीट बंटवारे के समझौते के बाद पत्रकारों से बातचीत में के अन्नामलाई ने कहा कि पीएमके के भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल होने से राज्य का राजनीतिक परिदृश्य बदल गया है। अब दोनों नेता डॉ. एस रामदॉस और अंबुमणि रामदॉस आज सेलम में प्रधानमंत्री की सार्वजनिक सभा में हिस्सा लेंगे। वहीं, पीएमके अध्यक्ष अंबुमणि रामदॉस ने कहा कि आज पार्टी ने तमिलनाडु में एनडीए में शामिल होने का फैसला किया है। पिछले 57-58 वर्षों में राज्य पर शासन करने वाली पार्टियों ने तमिलनाडु को बर्बाद कर दिया है। लोग बदलाव चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निश्चित रूप से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। पीएमके को तमिलनाडु में 10 सीटें मिली हैं और उन्हें विश्वास है कि तमिलनाडु के साथ-साथ पूरे देश में एनडीए को बड़ी जीत मिलेगी।

## दिल्ली शराब घोटाला : मनीष सिसोदिया व संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 6 तक बढ़ी



**एक अन्य आरोपी सर्वेश मिश्रा ने ईडी पर सरकारी गवाह बनने का ऑफर देने का लगाया आरोप**

**एजेंसी। नई दिल्ली।**

राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉड्रिंग मामले में आरोपित दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 6 अप्रैल तक बढ़ा दी है। मंगलवार को स्पेशल जज एमके नागपाल ने यह आदेश दिया। दरअसल, इससे पहले कोर्ट ने 17 फरवरी को आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 7 मार्च तक बढ़ाई थी। कोर्ट ने आरोपितों के वकील से नाराजगी जताते हुए कहा था कि दस्तावेजों के मिलान के लिए एक साल दिया था, वो अभी तक नहीं किया गया। सुनवाई के दौरान सर्वेश मिश्रा के वकील ने कहा था कि ईडी ने सर्वेश मिश्रा को मामले में सरकारी गवाह बनने का ऑफर दिया था। आरोपितों की ओर से पेश वकील ने कहा था कि संजय सिंह के मामले में चार्जशीट दाखिल की गई। उसके बाद ईडी ने नए दस्तावेज जोड़ दिए। उन्होंने कहा था कि ईडी के हिसाब से कानून नहीं चलेगा। 3 फरवरी को ही कोर्ट ने संजय सिंह को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए राज्यसभा जाने की अनुमति दी थी। कोर्ट ने 24 जनवरी को आरोपित सर्वेश मिश्रा को नियमित जमानत दी थी।

### महागठबंधन में कई सीटों को लेकर नहीं बन रही बात

**पटना ।** बिहार में एनडीए ने सीट बंटवारा कर बढ़त बना ली है, लेकिन महागठबंधन में गणित अब तक उलझा हुआ है। घटक दलों की दावेदारी के कारण बात बन नहीं पा रही है। पहले चरण में प्रदेश में जिन चार सीटों पर चुनाव होने हैं, उसमें अब सिर्फ एक महीने का समय रह गया है। ऐसे में उन सीटों पर दावेदारी कर रही पार्टियों की परेशानी और बढ़ी हुई है। महागठबंधन के नेता भले ही एक-दो दिनों में सबकुछ तय होने का दावा कर रहे हैं, लेकिन सूत्रों का कहना है अभी कई सीटों को लेकर पेंच फंसा हुआ है।

### बेंगलुरु में मेघना फूड्स चेन के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने बेंगलुरु स्थित मेघना फूड्स रेस्तरां से जुड़े विभिन्न ठिकानों पर मंगलवार को छापेमारी की। यह छापेमारी कोरमंगला, इंदिरानगर और जयनगर सहित कंपनी के कार्यालय सहित कई ठिकानों पर हुई है। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि आयकर विभाग ने बेंगलुरू में मेघना फूड्स भोजनालय पर छापेमारी की है। इस खानपान श्रृंखला का स्वामित्व हैदराबाद स्थित एक कारोबारी समूह के पास है। इसके कोरमंगला और इंदिरा नगर समेत बेंगलुरू में कुल नौ रेस्तरां हैं। ये फूड चेन परिवारों और युवा पेशेवरों के लिए पसंदीदा जगह है। हालांकि, आयकर अधिकारियों ने फिलहाल छापेमारी को लेकर विस्तृत जानकारी नहीं दी है।

## जमुई में पिकअप वैन के गड्ढे में गिरने से 25 लोग हुए घायल, 13 की हालत गंभीर

**बिहार : मुंडन से लौट रहा पिकअप वैन गड्ढे में गिरा**

**तेज गति व घुमावदार मोड़ के कारण हुई दुर्घटना**



**घटना में गंभीर रूप से घायलों की संख्या**

रागिनी कुमारी (07), साक्षी कुमारी (08), नीलम कुमारी (45), ऋषि कुमार (09), रिशू कुमार (05), नीतीश कुमार (12), रामनरेश तांती (50), कविता देवी (45), सुदामा देवी (50), बबलू तांती (35), रामशरण तांती (50), आशा देवी (40) और दिव्यांशु (03) हैं, जिन्हें देवघर रेफर किया गया है।

**एजेंसी। पटना।**

राज्य के जमुई जिले के चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बटिया घाटी के पास मंगलवार को एक पिकअप वैन 10 फीट गड्ढे में गिर गई। घटना में पिकअप वैन पर सवार 25 लोग घायल हो गये। घायलों में 13 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। पिकअप वैन देवघर से पांच बच्चों का मुंडन संस्कार कर मंगलवार को वापस जा रही थी। पिकअप वाहन में बांस-बल्ले से डबल छत बना हुआ था, जिसमें 40 लोग सवार थे। गति तेज और बटिया घाटी के चिरण पुल के पास घुमावदार मोड़ होने के कारण पिकअप का आगे का एक चक्का खुल गया, जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर चार बार पलटी मारते हुए लगभग 10 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। घटना में पिकअप में सवार 25 महिला-पुरुष और बच्चे घायल हो गए, जिसमें 13 की गंभीर हालत को देखते हुए देवघर रेफर कर दिया गया। घायलों में मुंडन कराने वाले बच्चे भी शामिल हैं।

## कोलकाता के गार्डनरीच हादसे में मरने वालों की संख्या हुई नौ



**एजेंसी। कोलकाता।**

महानगर कोलकाता के गार्डनरीच इलाके में एक निमार्णाधीन पांच मंजिला इमारत गिरने से उसमें दबकर मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। सात लोगों के मरने की पुष्टि सोमवार रात तक हो गई थी। और बाकी दो लोगों ने देररात अस्पताल में दम तोड़ा। फिलहाल मृतकों के नामों का खुलासा नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि रविवार आधीरात को निर्माणाधीन बिल्डिंग पास की बस्ती पर गिर गई थी जिसमें 21 लोग दब गए थे।

नौ लोगों की मौत के बाद बाकी 12 लोग कोलकाता के एसएसकेएम और अन्य अस्पतालों में इलाजरत हैं। इनमें से पांच अन्य लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घटनास्थल का दौरा कर पीड़ित परिजनों और घायलों को वित्तीय मदद का ऐलान किया था। मेयर फिरहाद हकीम ने घोषणा की थी कि मरने वालों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये और घायलों को एक-एक लाख रुपये की राशि दी जाएगी। आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण इस पर भाजपा ने सवाल खड़ा किया है। भाजपा ने चुनाव आयोग से शिकायत करने की चेतावनी दी है।

## बंगाल के छह लोकसभा क्षेत्र संवेदनशील घोषित

**एजेंसी। कोलकाता।**

चुनाव आयोग ने राज्य के छह लोकसभा क्षेत्रों को "आर्थिक रूप से संवेदनशील" घोषित किया है। आयोग ने केंद्र और राज्यों की 22 जांच एजेंसियों को उन इलाकों पर निगरानी रखने को कहा है। आयोग की "वित्तीय रूप से संवेदनशील" केंद्रों की सूची में दार्जिलिंग, मालदा उत्तर और दक्षिण, आसनसोल, बनगांव और कोलकाता उत्तर शामिल हैं। आयोग सूत्रों के मुताबिक पिछले चुनाव में उन केंद्रों से भारी मात्रा में रुपये और शराब की बरामदगी हुई थी। इसी वजह से उन इलाकों को आर्थिक दृष्टि से संवेदनशील घोषित किया गया है। ऐसे केंद्रों पर अतिरिक्त ध्यान देने की बात कही गयी है। 22 जांच एजेंसियों के लिए 22 पर्यवेक्षक नियुक्त हैं। यह एजेंसी पर्यवेक्षकों को रिपोर्ट करती है जहां से आयोग पर्यवेक्षकों से प्रतिदिन रिपोर्ट लेता है।

### आईएएस दीपक कुमार उत्तर प्रदेश के अपर प्रमुख सचिव गृह बने

**लखनऊ।** शासन ने मंगलवार को 1990 बैच के आईएएस अधिकारी दीपक कुमार को प्रमुख सचिव (गृह) की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके पहले प्रमुख सचिव (गृह) रहे संजय प्रसाद प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, सूचना और प्रोटोकाल के पदों पर बने रहेंगे। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए छह राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार, गुजरात, झारखंड और हिमांचल प्रदेश के गृह सचिवों को हटाने के निर्देश दिए थे।

## बीआरएस की कविता ने ईडी के समन को चुनौती देने वाली याचिका वापस ली



**एजेंसी। नई दिल्ली।**

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेत्री के. कविता ने ईडी के समन को चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट से वापस ले ली है। कविता ने ये याचिका 2023 में अपनी गिरफ्तारी से पहले दायर की थी। ईडी द्वारा गिरफ्तारी होने के बाद अब इस याचिका का कोई औचित्य नहीं रह गया था। कोर्ट ने कहा कि इस याचिका के निष्प्रभावी होने के बाद कविता कानूनी राहत के दूसरे विकल्प का सहारा ले सकती हैं।

कविता ने गिरफ्तारी के बाद सुप्रीम कोर्ट में नई याचिका दायर की है। कविता ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड पर भेजे जाने के आदेश को भी चुनौती दी है। पर ये नई अर्जी आज सुनवाई के लिए नहीं लगी। उल्लेखनीय है कि 16 मार्च को दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कविता को 23 मार्च तक की ईडी हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। कविता को 15 मार्च को हैदराबाद से छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया था।

## आज का राशिफल

**मेष :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**वृष :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है।

**मिथुन :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा।

**कर्क :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा।

**सिंह :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कन्या :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**तुला :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**वृश्चिक :** आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**धनु :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**कुंभ :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**मीन :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

# स्विस ओपन 2024 में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे लक्ष्य सेन एवं पीवी सिंधु



**एजेंसी। नई दिल्ली**

शटलर पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन स्विस ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 इवेंट स्विट्जरलैंड के बेसल में सेंट जैकबशेल एरेना में शुरू हो चुका है। सभी की निगाहें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु पर होंगी, जिन्हें महिला एकल वर्ग में चौथी वरीयता दी गई है। वह हाल ही में ऑल इंग्लैंड ओपन में प्रतिस्पर्धा कर रही थी, जहां वह दूसरे दौर में विश्व नंबर 1 कोरिया गणराज्य की एन से-यंग से हार गई थीं। सिंधु ने इससे पहले फ्रेंच ओपन में भाग लेकर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में अपनी वापसी की थी, जहां क्वार्टर फाइनल में उन्हें चीन की चेन युफेई से हार का सामना करना पड़ा था।

28 वर्षीय भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अपने स्विस ओपन अभियान की शुरूआत जर्मन बैडमिंटन खिलाड़ी यवोन ली के खिलाफ करेंगी। सिंधु ने ऑल इंग्लैंड ओपन के पहले दौर में भी ली का सामना किया था, जहां दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी ने पहला गेम हारने के बाद रिटायर होने का फैसला किया था। महिला एकल के मुख्य ड्रा में आकर्षी कश्यप भी शामिल होंगी जबकि मालविका बंसोड़ क्वालीफायर से शुरूआत करेंगी।

पुरुष एकल में, लक्ष्य सेन फ्रेंच ओपन और ऑल-इंग्लैंड ओपन में अपने लगातार सेमीफाइनल के प्रदर्शन को जारी रखना चाहेंगे। बर्मिंघम में, सेन को इंडोनेशिया के अंतिम विजेता जोनाटन क्रिस्टी ने सेमीफाइनल से बाहर कर दिया था।

विश्व नंबर 18 सेन हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और मलेशिया के लियोंग जून हाओ के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। सेन का अपने वर्ल्ड नंबर 36 प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 2-1 का सकारात्मक रिकॉर्ड है।

**स्विस ओपन 2024 के लिए भारतीय टीम**

- **पुरुष एकल :** किदांबी श्रीकांत, लक्ष्य सेन, किरण जॉर्ज, प्रियांशु
- **पुरुष एकल क्वालीफायर :** समीर वर्मा, सतीश कुमार करुणाकरण
- **महिला एकल :** पीवी सिंधु, आकर्षी कश्यप
- **महिला एकल क्वालीफायर :** मालविका बंसोड़
- **पुरुष युगल क्वालीफायर :** हरिहरन अम्सकरुणन और रुबन कुमार रेथिनासाबापति
- **महिला युगल :** रुतपर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा, तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा, ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद, अश्विनी भट्ट और शिखा गौतम, प्रिया कोन्जेंगबम और श्रुति मिश्रा
- **महिला युगल क्वालीफायर :** सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर
- **मिश्रित युगल क्वालीफायर :** सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वारियथ, रेड्डी बी. सुमीथ और रेड्डी सिक्की।

# अपना सर्वश्रेष्ठ दिखाने को उत्सुक हैं दिल्ली कैपिटल्स के नए खिलाड़ी

**एजेंसी। विशाखापत्तनम**



जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल मिनी-नीलामी 2024 में ऑलराउंडर सुमित कुमार, विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार कुशाग्र और बल्लेबाज रिकी भुई के रूप में तीन रोमांचक प्रतिभाओं को चुना। ये खिलाड़ी वर्तमान में हेड कोच रिकी पोंटिंग और डीसी क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली की निगरानी में विशाखापत्तनम में आईपीएल 2024 प्री-सीजन कैंप में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। 19 प्रथम श्रेणी मैचों में 1245 रन बनाने वाले कुमार कुशाग्र ने पहली बार किसी आईपीएल टीम का हिस्सा बनने को लेकर कहा, मैं पहली बार आईपीएल का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मुझे इतने सारे बड़े अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिलेगा, जिन्हें देखकर मैं बड़ा हुआ हूं। हालांकि, मेरा मुख्य उद्देश्य दिल्ली कैपिटल्स के लिए मैच जीतना होगा। कुशाग्र ने प्रशिक्षण सत्र के दौरान सुपरस्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के साथ बल्लेबाजी का भी अनुभव लिया, उन्होंने कहा, मैंने पहली बार ऋषभ पंत के साथ बल्लेबाजी की और उन्होंने मुझे मेरे खेल के बारे में काफी जानकारी दी। वह अकेले ही शॉट खेल रहे थे और छक्के लगा रहे थे। वह गेंद अच्छी तरह से मार रहे हैं और उम्मीद है कि हम साथ मिलकर दिल्ली कैपिटल्स के लिए मैच जीतेंगे।

**ऑलराउंडर सुमित कुमार, विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार कुशाग्र और बल्लेबाज रिकी भुई आईपीएल 2024 में नए खिलाड़ी के रूप में दिल्ली कैपिटल्स में हुए हैं शामिल**

# पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी की करेंगे मेजबानी : पीसीबी अध्यक्ष

**एजेंसी। कराची**

चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की भागीदारी को लेकर चल रही अटकलों के बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि वह अगले साल होने वाली इस प्रतियोगिता के देश से बाहर आयोजन के बारे में नहीं सोच रहे हैं। पाकिस्तान सुपर लीग के फाइनल के दौरान बात करते हुए नकवी ने पुष्टि की कि उन्होंने पिछले सप्ताह दुबई में आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की बैठक के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह से बात की थी। नकवी ने कहा, हमने थोड़ी देर के लिए बातचीत की थी लेकिन उसका ब्योरा देना बुद्धिमानी पूर्ण नहीं होगा।' नकवी से पूछा गया कि अगर भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं करती है तो क्या यह टूर्नामेंट किसी अन्य देश में आयोजित किया जाएगा, उन्होंने कहा, मैं अभी टूर्नामेंट को किसी अन्य देश में आयोजित करने के बारे में सोच भी नहीं रहा हूं। हमें पूरा विश्वास है कि हम पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेंगे।'आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने हाल में कहा था कि वह भारत को पाकिस्तान का दौरा नहीं करने की सरकारी नीति का उल्लंघन करने के लिए नहीं कहेगा।

**कराची, लाहौर और रावलपिंडी के स्टेडियमों का किया जाएगा नवीनीकरण : नकवी**



# ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान के साथ टी20 श्रृंखला को किया स्थगित



**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अफगानिस्तान के साथ होने वाली तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला स्थगित कर दी है। सीए के बयान के अनुसार अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के मानवाधिकारों स्थिति में गिरावट के मद्देनजर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने ऑस्ट्रेलिया सरकार के साथ परामर्श के बाद अफगानिस्तान के साथ निर्धारित तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला को स्थगित करने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अगस्त में तटस्थ स्थान पर अफगानिस्तान के खिलाफ तीन टी-20 मैच खेलने थे। लेकिन सीए ने मानवाधिकार मुद्दों के कारण श्रृंखला को स्थगित करने का विकल्प चुना। बयान में कहा गया है कि सीए ने दुनिया भर में क्रिकेट में महिलाओं और लड़कियों की भागीदारी का समर्थन करने के लिए अपनी मजबूत प्रतिबद्धता जारी रखी है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को सक्रिय रूप से शामिल करना जारी रखेगा।

# अर्जेंटीना के आगामी मैत्री मैचों में हिस्सा नहीं लेंगे मेसी



**नई दिल्ली।** लियोनेल मेसी संयुक्त राज्य अमेरिका में अर्जेंटीना के आगामी मैत्री मैचों में हिस्सा नहीं लेंगे, इसकी पुष्टि सोमवार को अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने की। मेसी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण अर्जेंटीना के मैचों में नहीं खेलेंगे। अर्जेंटीना को 26 मार्च को लॉस एंजिल्स में कोस्टा रिका का सामना करने से पहले शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में अल साल्वाडोर के खिलाफ दोस्ताना मैच खेलना है। पिछले हफ्ते सीओएनसीएसीएएफ चैंपियंस कप में नैशविले पर मियामी की 3-1 की जीत के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद मेसी ठीक नहीं हुए हैं और अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों में नहीं खेल पाएंगे। मेसी, नैशविले पर जीत में आधे समय के बाद स्थानापन्न किया गया था, वाशिंगटन में डी.सी. यूनाइटेड पर मियामी की जीत से चूक गए। अर्जेंटीना महासंघ ने एक्स पर ट्वीट किया, अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी नैशविले एससी के खिलाफ अपनी टीम के मैच में अपने दाहिने पैर की हैमस्ट्रिंग में लगी मामूली चोट के कारण संयुक्त अमेरिका में होने वाले मैत्री मैचों के लिए टीम में शामिल नहीं हो पाएंगे।

# काउंटी क्रिकेट में फिर खेलेंगे जयदेव उनादकट

**नई दिल्ली।** भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट इस साल काउंटी चैंपियनशिप में इंग्लैंड के क्लब ससेक्स की तरफ से अंतिम पांच मैचों में खेलेंगे। भारत की तरफ से चार टेस्ट खेलने वाले 32 वर्षीय उनादकट ने पिछले सत्र में ससेक्स की तरफ से काउंटी चैंपियनशिप में चार मैच में 11 विकेट लिए थे। उनकी टीम तब डिवीजन दो में तीसरे स्थान पर रही थी। उनादकट ने भारत की तरफ से अपना आखिरी मैच पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच के रूप में खेला था।

# सिद्धू की हुई क्रिकेट जगत में वापसी



**नई दिल्ली।** नवजोत सिंह सिद्धू ने कमेंट्री में वापसी कर ली है और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के दौरान नजर आएंगे, जो 23 मार्च को चेन्नई के एमए चिदम्बरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बीच से शुरू होगा। स्टार्स स्पोर्ट्स ने अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर कैप्शन के साथ एक पोस्ट डाला, 'एक बुद्धिमान व्यक्ति ने एक बार कहा था, 'आशा सबसे बड़ी 'कैप' है। और यह बुद्धिमान व्यक्ति, महान नवजोर सिंह सिद्धू स्वयं, हमारे अतुल्य स्टारकास्ट में शामिल हो गए हैं! आईपीएल ऑनस्टार में उनकी अविश्वसनीय कमेंटरी (और गजब वन-लाइनर्स) को मिस न करें - 22 मार्च से शुरू होगा, शाम 6:30 बजे से, स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर लाइव! 60 वर्षीय सिद्धू भारतीय क्रिकेट की प्रतिष्ठित व्यक्तियों में से एक रहे हैं जिन्होंने दुनिया भर में अपना नाम बनाया है।

# मियामी ओपन 2024 : अंतिम क्वालीफाइंग दौर में पहुंचे सुमित नागल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मियामी ओपन में अपने पदार्पण पर शानदार शुरूआत करते हुए कनाडा के गैब्रियल डायलो पर सीधे सेटों में जीत हासिल की। पहले दौर का क्वालीफायर मैच खेल रहे 26 वर्षीय खिलाड़ी ने 6 फीट 8 इंच लंबे कनाडाई डायलो को 7-6(3) 6-2 से हराया। नागल, जो पिछले महीने चेन्नई ओपन जीतकर दुनिया के शीर्ष-100 में शामिल हुए थे, उनका अगला मुकाबला कोलमैन वोंग से होगा। नागल ने सातवें गेम में ब्रेक प्वाइंट बचाने के बाद पहले सेट में टाई-ब्रेकर जीता, जबकि उन्होंने दूसरे सेट में दबदबा बनाया और पहले और सातवें गेम में डायलो की सर्विस तोड़ दी। इस जीत के बाद उनके करियर की नई सर्वोच्च रैंकिंग विश्व नंबर 92 पर पहुंचने की संभावना है। अपने आखिरी टूर्नामेंट में, राफेल नडाल के आखिरी मिनट में हटने के बाद मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई करने के बाद नागल इंडियन वेल्स में मिलोस राओनिक से हार गए थे। नागल ने जनवरी में काफी हलचल मचा दी थी जब वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे। उस प्रयास ने उन्हें एटीपी रैंकिंग के शीर्ष -100 में लाने में बड़ी भूमिका निभाई थी।



# सूर्यकुमार यादव एनसीए में फिटनेस टेस्ट में फेल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत और मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 संस्करण के शुरूआती मैचों में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि वह फिटनेस टेस्ट पास करने में असफल रहे और उन्हें बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से मंजूरी नहीं मिली। एनसीए में सूर्यकुमार यादव के मामले से जुड़े एक सूत्र ने आईएएनएस को बताया, वह मंगलवार को फिटनेस टेस्ट पास करने में असफल रहे। हम गुरुवार को उसके लिए एक और फिटनेस टेस्ट करेंगे और अगर वह पास हो जाता है, मुंबई इंडियंस अपना पहला मैच 24 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी और सूर्यकुमार के उस मैच में शामिल होने की संभावना नहीं है। 33 वर्षीय सूर्यकुमार दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टखने की चोट के बाद से एक्शन से बाहर हैं। मुंबई इंडियंस का बल्लेबाज जनवरी में सर्जरी के लिए जर्मनी के म्यूनिख गया था। सोमवार को मुंबई में आयोजित मुंबई इंडियंस की प्री-सीजन प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य कोच मार्क बाउचर ने कहा कि उन्हें अभी भी भारतीय टीम प्रबंधन से सूर्यकुमार यादव की फिटनेस पर अपडेट का इंतजार है।

# पूरे साल की मेहनत का नतीजा था खिताब : मंधाना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आरसीबी की महिला टीम ने फैंस का 16 साल का इंतजार खत्म किया और डब्ल्यूपीएल 2024 ट्रॉफी अपने नाम की। टीम की खिताबी जीत के बाद कप्तान स्मृति मंधाना ने सपने को हकीकत में बदलने के लिए की गई कड़ी तैयारियों का खुलासा किया। ड्रेसिंग रूम से लेकर ऑफ-सीजन में भारतीय घरेलू खिलाड़ियों के साथ कैम्प में समय बिताने तक, आरसीबी की टीम ने ट्रॉफी जीतने के सपने को पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी, जो आखिरकार रविवार को डब्ल्यूपीएल फाइनल मुकाबले में दिल्ली को हराकर पूरा हुआ।



# स्कूली बच्चों के लिए किया गया गोल्फ कैंप का आयोजन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उत्तराखंड गोल्फ फेडरेशन ने भारतीय गोल्फ संघ के सहयोग से स्कूली बच्चों के लिए 18-24 मार्च तक एईपीटीए पिथौरागढ़ गोल्फ कोर्स में पहला गोल्फ कैंप आयोजित किया है। इसका उद्घाटन 18 मार्च को मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर समर प्रताप सिंह चौहान ने किया था। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य उत्तराखंड की मनोरम पहाड़ियों में गोल्फ को बढ़ावा देना और स्कूली बच्चों को गोल्फ के प्रति प्रोत्साहित करना है। इस शिविर में सात से अधिक विद्यालयों के 80 से अधिक बच्चों को दो पालियों में पिथौरागढ से अनुभवी गोल्फ प्रशिक्षक प्रेम सिंह एवं नैनीताल से टीकम कुमार, राहुल वाल्मीकि एवं पंकज पालीवाल द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट युसूफ सैफी, कर्नल करम सिंह बिष्ट, गोल्फ कैप्टन एईपीटीए पिथौरागढ एवं उत्तराखंड गोल्फ फेडरेशन के सचिव हरीश कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। जिन स्कूलों के बच्चे गोल्फ कैंप में भाग ले रहे हैं उनमें पिथौरागढ़ से जनरल बी.सी. जोशी आर्मी पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, मानस अकादमी, विश्व भारती पब्लिक स्कूल, दयानंद विद्या मंदिर, आइकन इंटरनेशनल स्कूल, और आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज, मूनाकोट शामिल हैं।



# सीनियर नेशनल एयरोबिक्स जिमनास्टिक में भाग लेने के लिए झारखंड की टीम रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिम्नास्टिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की आगामी 22 से 25 मार्च तक जम्मू में आयोजित होने वाली सीनियर नेशनल एयरोबिक्स जिमनास्टिक चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए झारखंड की 23 सदस्यीय टीम मंगलवार को रवाना हो गई। टीम में सभी वर्गों के कुल 22 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में अमित गोप, राजवीर केरकेट्टा, सूरज केसरी, करण कुमार, राहुल टोप्पो, साहिल कच्छप, रोहित मुंडा, श्रुति सेनगुप्ता, प्रिया यादव, नयन कच्छप, टोणु गोपाल, अनुराग कुमार, रिया कुमारी, सपना कुमारी, सृष्टि कुमारी राय, दशमी कुमारी, नेहा कुमारी, मुस्कान कुमारी, कंदा कुमारी, उज्ज्वल कुमार पंडित एवं रितु कुमारी शामिल हैं। टीम के कोच विकास कुमार हैं। वहीं, प्रयागराज में आगामी 22 एवं 23 मार्च को आयोजित होने वाली सब जूनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड सब जूनियर जिम्नास्टिक जिम्नास्टिक की टीम प्रयागराज पहुंच गई है। झारखंड सब जूनियर की टीम में पीयूष रजक, अंकन घोष, अभिषेक बाउरी एवं दीप्तायन घोष चयनित हुए हैं। वहीं, टीम के प्रशिक्षक अरुण घोष हैं और बेनोय विश्वास जज के रूप में झारखंड का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। झारखंड एरोबिक्स एवं सब जूनियर आर्टिस्टिक जिमनास्टिक टीम को झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष आरके आनंद, कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस, महासचिव मधुकांत पाठक, कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दूबे तथा झारखंड जिम्नास्टिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष रंजन कुमार, सचिव निशिकांत पाठक, उपाध्यक्ष तुलिका श्रीवास्तव, कार्यकारी सचिव राजीव रंजन, उपाध्यक्ष शशि कांत पांडेय, संयुक्त सचिव सरोज यादव, कोषाध्यक्ष गोविंद झा, प्रशासनिक सचिव डॉ दीपक साहु तथा झारखंड जिम्नास्टिक संघ के सभी संबद्ध जिला के पदाधिकारियों ने इन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

**22 खिलाड़ियों का किया गया है चयन**

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज की शुरू हुई तैयारी

**सिडनी :** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए स्थानों की घोषणा की जिसमें पर्थ का ऑप्टस स्टेडियम नवंबर में होने वाले पहले टेस्ट की मेजबानी करेगा। हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ समाप्त हुए टेस्ट मैच में इस स्थान पर कम उपस्थिति दिखने को मिली थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर काम करेगा और पर्थ के स्टेडियम में दर्शकों की संख्या में सुधार करने की पूरी कोशिश करेगा। बोर्ड के करीबी सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि पर्थ में टेस्ट क्रिकेट में सुधार करना शासी निकाय के लिए एक शीर्ष लक्ष्य था।

## खबरें व्यापार जगत की

### अपडेटेड आईटीआर 31 मार्च से पहले करें दाखिल : आयकर विभाग



**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2023-24 को खत्म होने में कुछ दिन शेष हैं। यदि आपने किसी कारण से आकलन वर्ष 2021-22 का आयकर रिटर्न (आईटीआर) अब तक नहीं दाखिल किया है या उसमें किसी इनकम की जानकारी देना भूल गए हैं, तो 31 मार्च, 2024 तक अपना अपडेटेड आईटीआर (आईटीआर-यू) जरूर भरें। आयकर विभाग ने मंगलवार को एक एक्स पोस्ट में कहा कि अपडेटेड आईटीआर दाखिल करने की डेडलाइन 31 मार्च, 2024 तक है। विभाग ने करदाताओं से अपील की है कि अवसर समाप्त होने से पहले इसका लाभ उठाएं, अपनी अपडेटेड रिटर्न आज ही दाखिल करें। इसके साथ ही आयकर विभाग ने कहा है कि आकलन वर्ष आयकरदाता 2022-23 और 2023-24 के लिए अपना अपडेटेड आईटीआर फाइल कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि आयकर विभाग ने इस प्रोविजन को 2022 के फाइनेंस एक्ट में शामिल किया था। इसके तहत जो टैक्सपेयर्स वित्त वर्ष 2020-21 का आईटीआर दाखिल नहीं कर सके हैं, वे अपना अपडेटेड आईटीआर 31 मार्च, 2024 तक कर सकते हैं।

### आईआरईएल इंडिया लिमिटेड ने सरकार को दिया 111 करोड़ रुपये का लाभांश

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड से केंद्र सरकार को लाभांश किश्त के रूप में लगभग 111 करोड़ रुपये मिले हैं। वित्त मंत्रालय के निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने मंगलवार को ह्यएक्सह्न पोस्ट पर जारी एक बयान में यह जानकारी दी है। पांडेय ने बताया कि सरकार को आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड से लाभांश किश्त के रूप में लगभग 111 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। उल्लेखनीय है कि आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड, भारत सरकार का एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। इसका मुख्यालय मुंबई में है। यह दुर्लभ पृथ्वी धातुओं के खनन और शोधन में विशेषज्ञता रखता है। आईआरईएल, भारत का परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के प्रशासनिक नियंत्रण में आता है।

### बीएचईएल को सिंगरौली सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए मिला ऑर्डर



**हरिद्वार।** अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) के तहत भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को ईपीसी आधार पर 2 गुणा 800 मेगावाट सिंगरौली सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट (एसटीपीपी) स्टेज-3 की स्थापना के लिए एनटीपीसी लिमिटेड से ऑर्डर मिला है। यह जानकारी बीएचईएल (भेल) हरिद्वार, उत्तराखंड के संचार और जनसपंर्क प्रमुख अजीत अग्रवाल ने दी। जनसपंर्क प्रमुख अजीत ने बताया कि यह संयंत्र उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के सिंगरौली में मौजूदा 2,000 मेगावाट के थर्मल पावर स्टेशन के निकट स्थापित किया जाएगा। विशेष रूप से 1982 में बीएचईएल का स्थापित सिंगरौली टीपीएस, उत्तर प्रदेश में एनटीपीसी का पहला बिजली संयंत्र था। बीएचईएल के सिंगरौली में पहले स्थापित मशीनें कमीशनिंग के बाद से बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। परियोजना के लिए प्रमुख उपकरणों की आपूर्ति बीएचईएल की हरिद्वार, त्रिची, बेंगलुरु, हैदराबाद, रानीपेट और भोपाल स्थित विनिर्माण इकाइयों से की जाएगी। बीएचईएल अपने अत्याधुनिक तकनीकी समाधानों के साथ देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। देश में स्थापित 1,34,000. मेगावाट के थर्मल पावर प्लांटों (57 प्रतिशत) के अपने विशाल पोर्टफोलियो के साथ बीएचईएल, थर्मल यूटिलिटी परियोजनाओं में मार्केट लीडर है। साथ ही जीवनकाल बढ़ाने और दक्षता और विश्वसनीयता को उन्नत करने के लिए पुराने सेटों के आर एंड एम के क्षेत्र में भी अग्रणी है। अब तक बीएचईएल ने देश में 68 सुपर क्रिटिकल स्टीम जेनरेटर (एसजी) और 63 सुपर क्रिटिकल टर्बाइन जेनरेटर (टीजी) के आर्डर प्राप्त किये है। इनमें से 34 एसजी और 25 टीजी चालू किये जा चुके हैं और सफलतापूर्वक काम कर रहे हैं।

### हमारे पास जेनरेटिव एआई युग के लिए एक चिप है : एनवीडिया सीईओ



**नई दिल्ली।** बिग टेक कंपनियों का लक्ष्य आजकल जेनेरिक एआई दौड़ का नेतृत्व करना है। ऐसे में एनवीडिया के संस्थापक और सीईओ जेन्सेन हुआंग ने कहा कि उन्होंने जेनएआई युग के लिए एक प्रोसेसर बनाया है। अमेरिका में आयोजित जीटीसी सम्मेलन में कंपनी के नए ब्लैकवेल कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म को पेश करते हुए हुआंग ने कहा कि बढ़ी हुई कंप्यूटिंग शक्ति सॉफ्टवेयर से लेकर सेवाओं, रोबोटिक्स से लेकर चिकित्सा प्रौद्योगिकी के साथ काफी कुछ दे सकती है। हुआंग ने अपने मुख्य भाषण के दौरान 11,000 से अधिक उपस्थित लोगों को बताया, "एक्सेलरेटेड कंप्यूटिंग अपने चरम बिंदु पर पहुंच गई है, जनरल पर्पस कंप्यूटिंग अब समाप्त हो गई है।"दुनिया के एआई बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर जानकारी देते हुए हुआंग ने ट्रिलियन पैरामीटर लार्ज लैंगुएज मॉडल को रियल टाइम में जेनरेटर एआई में लाने के लिए एनवीडिया ब्लैकवेल प्लेटफॉर्म पेश किया। हुआंग ने एनवीडिया एनआईएम को भी पेश किया जो पैकेजिंग और सॉफ्टवेयर वितरित करने का एक नया तरीका है। यह डेवलपर्स को सभी प्रकार के कस्टम एआई को तैनात करने के लिए लाखों जीपीयू के साथ जोड़ता है।

### ब्रिटिश सुरक्षा परिषद ने अदाणी विझिंजम पोर्ट को प्रदान किया 'अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार'

**तिरुवनंतपुरम।** श्रमिकों और कार्यस्थलों को स्वस्थ व सुरक्षित रखने की प्रतिबद्धता के लिए अदाणी विझिंजम पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (एवीपीपीएल) को ब्रिटिश सुरक्षा परिषद से 2023 के लिए 'अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार' प्रदान किया गया है। 'एवीपीपीएल अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार 2024 में विशिष्टता' पुरस्कार हासिल करने वाले दुनिया भर के 269 संगठनों में से एक है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के सीईओ अश्वनी गुप्ता ने कहा,ह्ययह उपलब्धि उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह हमारी पूरी टीम के समर्पण और कड़ी मेहनत का परिणाम है। एपीएसईजेड, अदाणी समूह का एक हिस्सा है। यह अपने बंदरगाह गेट से ग्राहक गेट तक एंड-टू-एंड सुविधा प्रदान करता है। ब्रिटिश सुरक्षा परिषद के मुख्य कार्यकारी माइक रॉबिन्सन ने इस उपलब्धि के लिए अदाणी विझिंजम पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड को बधाई देते हुए कहा कि वहां काम करने वाले सभी लोगों को इस उपलब्धि पर गर्व होना चाहिए। एपीएसईजेड पश्चिमी व पूर्वी तट पर स्थित सात-सात बंदरगाहों और टर्मिनलों के साथ भारत में सबसे बड़ा बंदरगाह डेवलपर और ऑपरेटर है। कंपनी कोलंबो, श्रीलंका में एक ट्रांसशिपमेंट पोर्ट भी विकसित कर रही है और इजराइल में हाइफा पोर्ट का संचालन करती है।

## एक नजर

### सगालीम में जेवर दुकान से सोने-चांदी की चोरी

**पांकी।** पांकी थाना क्षेत्र के सगालीम हॉट बाजार के पास स्थित कंचन जेवलर्स को चोरों ने निशाना बनाया है। बाइक पर सवार होकर आये चोरों ने मंगलवार को दिनदहाड़े ज्वैलरी शॉप से लाखों के सोना और चांदी चोरी करके भाग गये. कंचन जेवलर्स के मालिक सुरेश प्रसाद सोनी ने बताया कि हर दिन की तरह वो मंगलवार को भी दुकान खोले। इसके बाद सोना-चांदी से भरा झोला दुकान में रखकर बाथरूम चले गये। इसी बीच बाइक से एक व्यक्ति आया और दुकान में घुसकर सोना-चांदी से भरा झोला लेकर भाग गया. बताया कि झोला में करीब 5 से 6 लाख के जेवर थे। मामले की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी हुई है।

### कांग्रेसियों ने चतरा से केएन त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाने की मांग की

**लातेहार।** बरवाडीह प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेसियों ने राज्य के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता केएन त्रिपाठी को कांग्रेस से चतरा लोकसभा का टिकट देने की मांग की। कांग्रेस नेता रंजीत कुमार राजू ने कहा कि केएन त्रिपाठी मूलरूप से मनिका के रांकी कला के निवासी है। पूर्व मंत्री सह पूर्व पलामू विधायक केएन त्रिपाठी को अगर पार्टी चतरा लोकसभा का उम्मीदवार बनाती है, तो इस सीट से जीत तय है। उन्होंने कहा कि केएन त्रिपाठी एक ईमानदार व कर्मठ नेता हैं। राज्य मे मंत्री का पद संभालने के बाद उन्होंने लोगो की खूब सेवा की है और विकास के कई कार्य किए है। राज्य की जनता भी केएन त्रिपाठी को भलीभांति जानती हैं। वह काफी लोकप्रिय नेता हैं। कांग्रेस आलाकमान को इस पर विचार करना चाहिए। उन्हें पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया जाना चाहिए। मौके पर गोपाल राम, रोहित गुप्ता, राहुल कुमार समेत कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### महिला की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**उंटारी रोड/ पलामू ।** उंटारी रोड थाना क्षेत्र के बिंदुआ गांव निवासी कुदूस अंसारी की 30 वर्षीय पत्नी सहाना बीबी की हत्या कर दी गयी। घटना सोमवार रात 9 बजे के आसपास की है। मिली जानकारी के अनुसार घटना के वक्त मृतका अपने घर में अकेली थी। मृतका का पति चेन्नई में काम करता है। वहीं एकलौता पुत्र गांव में ही मस्जिद में नमाज अदा करने गया हुआ था। मस्जिद से वापस आने पर अपनी मां को मृत जमीन पर देख ग्रामीणों को बुलाया। घटना की सूचना मिलते ही उंटारी रोड थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि महिला की हत्या किसी धारदार हथियार से की गयी है। फिलहाल हत्या के कारणों का कुछ पता नही चल पाया है। पुलिस सभी बिन्दुओं पर जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि हत्याकांड का खुलासा कर हत्यारों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराएं : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने मतदान केंद्रों पर एएमएफ यानी जरूरी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराने को लेकर सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी संग बैठक की। समीक्षा के क्रम में झारखंड शिक्षा परियोजना के कनीय अभियंता ने बताया कि अधिकांश मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, विद्युतीकरण रैंप समेत अन्य व्यवस्था कर ली गई है। बैठक में उपायुक्त ने मतदान केंद्रों पर संबंधित पदाधिकारी को अपने स्तर से दोबारा से मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर पेयजल, शौचालय, विद्युतीकरण समेत अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने को कहा गया। समीक्षा के दौरान कार्यपालक अभियंता विद्युत ने बताया कि कुछ मतदान केंद्रों पर सर्विस वायर लगाना शेष है। इस बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार दास समेत कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल, झारखंड शिक्षा परियोजना के कनीय अभियंता समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



**डीसी ने विभिन्न कोषांगों का किया निरीक्षण**

गढ़वा : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने मीडिया एवं पब्लिसिटी कोषांग, एमसीएमसी कोषांग, डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम समेत कई अन्य कोषांगों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मियों को कोषांग के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न कोषांगों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक सामग्रियों के पूर्ति के लिए उप निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही कोषांगों के नोडल पदाधिकारी एवं कर्मियों को नियमित रूप से निर्वाचन संबंधी कार्यों को संपादित करने का निर्देश दिया। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात कोषांगों में पदाधिकारियों एवं कर्मियों की नियमित उपस्थिति पर उन्होंने जोर दिया। चुनाव आयोग के दिशा निदेशों के अनुरूप कार्य करने को कहा गया। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा संजय प्रसाद, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी नप गढ़वा सुशील कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## होली पर हुड़दंग मचाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : थाना प्रभारी

**लातेहार ।** शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाने को लेकर बारेसांढ़ थाना परिसर में महुआडांड़ एसडीपीओ हिमांशु चन्द्र मांझी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में थाना प्रभारी अजीत कुमार, एसआई प्रभात कुमार दास व अमर यादव, विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, मुखिया रुपमनी नगेसिया, सुभाष कुमार सिंह सहित थाना क्षेत्र के विभिन्न संप्रदायों के गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान थाना प्रभारी अजीत कुमार ने मौके पर मौजूद शांति समिति के सदस्यों से आपसी प्रेम एवं भाईचारे के साथ रंगोत्सव मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू है और इसको देखते हुए सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जा रही है। रंगों के इस त्योहार में हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। शराब की अवैध खरीद बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

# झामुमो इस बार होली मिलन समारोह आयोजित नहीं करेगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू ।** झामुमो पलामू के नेताओं ने आज सामूहिक रूप से कहा, सबों ने आपसी सहमति से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के जेल से बाहर निकलने तक होली मिलन समारोह आयोजित नहीं करने और होली नहीं खेलने का निर्णय लिया। झामुमो पलामू द्वारा हर साल भ्व्य होली मिलन समारोह आयोजित किया जाता था। अध्यक्ष सिन्हा ने कहा झामुमो एक परिवार है और इस परिवार का सबसे प्रमुख सदस्य हमारे कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को भाजपा ने षड्यंत्र रच उन्हें जेल जाने पर मजबूर किया है। ऐसे में झामुमो के सभी नेताओं और कार्यकताओं में उदासीनता है और हमारे नेता हेमंत सोरेन जिस दिन बाहर आएंगे उसी दिन हम सब होली और दीवाली दोनों मनाएंगे। पूरा देश देख रहा है की कैसे केंद्रीय एजेंसियों के मदद से एक आदिवासी मुख्यमंत्री को इस्तीफा देने को मजबूर किया गया। हेमंत सोरेन का झारखंडवासियों को हक और अधिकार देना भाजपा को रास नहीं आया, परंतु आज मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व में झारखंड का विकास उसी तेजी से हो रहा है। आने वाले लोकसभा के चुनाव में और उसके विधानसभा में भी जनता भाजपा को सबक सिखाने वाली है। केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, उपाध्यक्ष बालकिशून उरांव ने भी इस फैसले की सराहना करते हुए होली नहीं मानने का निर्णय लिया है।

# आयुक्त ने मतदान केंद्रों पर सुविधाओं का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को लातेहार जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए मतदान के दौरान उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं का आकलन और मूल्यांकन किया। उन्होंने 73 मनिका एवं 74 लातेहार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए की जाने वाली गतिविधियों यथा इनके निबंधन, मतदान दिवस पर परिवहन की सुविधा, मतदान केन्द्रों की संरचना, मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर, चेयर की व्यवस्था, वोलेंटियर की व्यवस्था तथा मतदान केन्द्रों पर सुलभ शौचालय, पेयजल, चिकित्सा किट आदि बुनियादी सुविधाओं का आकलन और मूल्यांकन किया । आयुक्त के लातेहार पहुंचने पर सर्किट हाउस में लातेहार उपायुक्त एवं अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। आयुक्त ने सबसे पहले लातेहार विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 183 राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय उदयपुरा का भ्रमण किया और यहां पर व्यवस्थाओं का आकलन किया।



### आयुक्त ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**लातेहार।** प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के निमित्त उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया। आयुक्त ने मनिका व लातेहार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही मतदान केंद्रों में व्हील चेयर, वोलेंटियर की व्यवस्था, सुलभ शौचालय, पेयजल, चिकित्सा किट आदि बुनियादी सुविधाओं का आंकलन किया।

### उंटारी रोड में महिला की हुई हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**उंटारी रोड।** पलामू जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र अन्तर्गत बिंदुआ निवासी कुदूस अंसारी के 30 वर्षीय पत्नी सहाना बीबी की सोमवार देर शाम लगभग 9 बजे अज्ञात अपराधियों ने हत्या कर दी, जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान और उंटारी रोड थाना प्रभारी, ने घटना की जानकारी ली।मिली जानकारी के अनुसार घटना के वक्त मृतका अपने घर में अकेले थी मृतका का पति चेन्नई में कार्य करता है पुत्र मस्जिद में नमाज के लिए गया हुआ था मस्जिद से वापस आने पर घर में अपनी मां को मृत जमीन पर देख ग्रामीणों को बताया, जानकारी मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए, वहीं मौके पर पहुंची उंटारी रोड पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु मेदिनीनगर भेज दिया।इस संबंध में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया की महीला की हत्या किसी धारदार हथियार से किया गया है, फिलहाल हत्या के कारणों का कुछ पता नही चल सका है।

# स्तरोन्नत उच्च विद्यालय मोहम्मदगंज को + 2 का दर्जा मिल




**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्तरोन्नत उच्च विद्यालय मोहम्मदगंज को + 2 का दर्जा मिल गया है। इससे लोगों में खुशी व्याप्त हो गई है। राज्य की स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से 12 मार्च को इस संबंध में राज्यपाल के आदेश से सरकार के प्रभारी सचिव ने राज्य के 166 सरकारी उच्च विद्यालयों के साथ इसे भी + 2 में उत्क्रमण की स्वीकृति दी है। साथ ही कहा गया है कि उक्त विद्यालय स्तरोन्नत + 2 उच्च विद्यालय के नाम से जाना जाएगा। लोगों ने इसे होली के मौके पर राज्य सरकार का बड़ा तोहफा बताया है।इससे इस प्रखंड क्षेत्र के मैट्रिक पास छात्र खासकर, छात्राओं को कहीं किसी दुसरी जगह इंटर कॉलेज की पढाई के लिए जाने की परेशानी से निजात मिल सकता है। खुशी व्यक्त करने में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सत्यनारायण सिंह, जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह, प्रमुख अर्चना देवी, उपप्रमुख नगीना सिंह, राकांपा प्रखंड अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह, मुखिया अबूनसर सिद्दीकी, कमला देवी, उमेश राम, प्रिया सिंह, पंसस ममता देवी, उपमुखिया रविरंजन सिंह, पूर्व मुखिया पंचम खान, प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह और वरिष्ठ कांग्रेसी रामजन्म राम सहित अन्य कई लोगों के नाम शामिल हैं।

### बिजली करंट की चपेट में आकर दो युवकों की स्थिति गम्भीर, एक रांची रेफर

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के लठेया गांव निवासी बिरजु पासवान का 15 वर्सिय पुत्र रोहित कुमार विजली के तार की चपेट में आ कर गम्भीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि मंगलवार को सुबह रोहित अपने घर में विजली का तार जोड़ रहा था।तभी किसी कारण वह विजली की चपेट में आकर वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।इसके बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लीये छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सको ने उसकी गम्भीर स्थिति को देखते हुवे उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया है।वही दूसरी और लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कुन्दरी निवाशी कमलेश यादव का पुत्र छोटू कुमार विजली के तार की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया।

**बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी**

# 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज 92 हजार का जुर्माना भी लगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। 10 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। बिना बिजली कनेक्शन बिजली का उपयोग करने वाले 10 लोगों के खिलाफ हैदरनगर थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी दस लोगों पर 92 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, उनमें राजू राजवंशी, अशोक राम, सुरेंद्र राम, सरोज कुमार पासवान, रामाधार प्रजापति, अजय कुमार, अरविंद राम, जानिसार अंसारी, कामेश चौहान व देवराज चौहान आदि का नाम शामिल हैं। सभी हैदरनगर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, मनोज कुमार शामिल थे। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुक्तान करने की हिदायत दी है। उन्होंने वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस माह होली की वजह 26 को लगने वाला शिविर 29 मार्च को हैदरनगर के तिवारी कांप्लेक्स में लगाया जाएगा।



# भाकपा जिला सचिव ने आबादगंज के तालाब बचाने को डीसी को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलाम ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने उपायुक्त पलामू को पत्र लिखकर आबादगंज में स्थित तालाब को अतिक्रमण मुक्त कर इसे गहरीकरण एवं सौंदर्यकरण के लिए पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा कि आबादगंज इलाका पहले से ही ट्राई जॉन है जिसमें यहां के निगम वासियो को 12 महीना पानी की दिक्कत होती है ऐसी स्थिति में अबादगंज स्थित मिशन स्कूल के बगल का यह तालाब चंद अमीरों के द्वारा भरा जा रहा है और यह बड़ा सा तालाब ढोभा का रूप ले चुका है शहर में तालाब रहने से चापाकल का लेयर बरकरार रहता है लेकिन यह तालाब अपना अस्तित्व को तलाश रहा है अगर यही स्थिति रही तो बहुत जल्द इस तालाब का नामोनिशान मिट जाएगा ऐसी स्थिति में पलामू उपायुक्त संज्ञान लेकर इस तालाब की माफी कराकर गहरीकरण कर इसका सुंदरीकरण कराने का कष्ट करें। साथ ही आबादगंज वासियो से भी अपील करना चाहते हैं कि वह तलाब बचाओ जल स्त्रोतों को बचाव के हमारे मुहिम में साथ दे। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि किसी भी कीमत में जल स्त्रोतों का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। इस बात को ध्यान में रखकर अभिलंब पलामू उपयुक्त को इस पर संज्ञान लेने की आवश्यकता है ताकि मेदनीनगर नगर निगम का जल स्त्रोत बरकरार रहे क्योंकि जल के बिना सब काम अधूरा है इसीलिए कहा गया है कि रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सुन। पत्र में उन्होंने कहा कि इससे पहले नगर आयुक्त को भी इस बात से अवगत कराया गया था लेकिन उन्होंने अभी तक इसपर कोई संज्ञान नहीं लिया ।



# खेल को खेल भावना से खेलें, हार से हताश नहीं हों : अर्जुन सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय यंग स्टार क्रिकेट क्लव धमधमवा पोलपोल के द्वारा टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। समाजिक कार्यकर्ता व पूर्व जिला परिषद सदस्य अर्जुन मुखिया सिंह ने इसका समापन बिजेता व उप विजेता टीम को टॉफी शील्ड व नगद राशि प्रदान कर किया। उन्होंने कहा कि क्रिकेट अब युवाओं का जुनून बन गया है। उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना से खेले।

हार से हतास नही हो बल्कि हार हिम्मत बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि ग्रमीण खिलाड़ी को भी सही मार्ग दर्शन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि खेल में कभी हार तो कभी जीत लगा रहता है। हमे हार से कभी निराश नही होना चाहिए क्योंकि हार ही जीत का राह दिखाती है । इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता पोलपोल मुखिया पति भरदुल कुमार सिंह ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है।इससे सौहार्द बढ़ता है।खेल को भाईचारे के साथ खेलना चाहिए।खेल से हमारे मानसिक, शारीरिक व बौद्धिक विकास होता है । आज क्रिकेट को ले लोगो मे काफी दीवानगी बढ़ी है। मौका मिले तो ग्रामीण खिलाड़ी भी बेहतर कर सकते हैं। फाइनल मैच पोलपोल व दुबा के बीच खेला गया। 12 ,12 ओवर का मैच खेला गया।इसमे जिले के विभिन्न क्षेत्र के टीम हिस्सा लिए थे। 8 दिनों तक मैच का आयोजन हुआ।

## पेज एक के शेष

### झारखंड की गृह सचिव ...

समन्वय विभाग में भी प्रधान सचिव के प्रभार में हैं। वह 1996 बैच की आईएएस हैं। उल्लेखनीय है कि सोमवार को निर्वाचन आयोग ने झारखंड के गृह सचिव अरवा राजकमल सहित पांच राज्यों के गृह सचिवों को हटा दिया था। आयोग ने राज्य सरकार से गृह सचिव के लिए तीन अफसरों के नाम मांगे थे। इसके बाद राज्य सरकार ने वंदना डाडेल, अबु बकर सिद्दिकी और मनीष रंजन के नाम प्रस्तावित किए थे।

### चुनाव आयोग ने 24 घंटे के....

सिफारिश की थी। वरिष्ठता के आधार पर आयोग ने सहाय की नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया। हालांकि, इससे पहले कि वह 24 घंटे पूरे कर पाते, उनकी जगह मुखर्जी को नियुक्त कर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि सहाय इस साल मई में सेवानिवृत्त होने वाले हैं, जबकि बंगाल में चुनाव का अंतिम चरण 1 जून को है। कोलकाता में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इसलिए, आयोग ने इस पद पर किसी ऐसे व्यक्ति को नियुक्त करना उचित समझा जो चुनाव की शुरूआत से लेकर अंत तक पद पर बना रह सके।

### दिशोम गुरु की ...

वर्तमान विधायक हैं। वह अत्यन्त दुखी हृदय के साथ सभी पदों से अपना इस्तीफा पेश कर रही हैं। पार्टी और परिवार के सदस्यों की ओर से उन्हें अलग-थलग किया गया है, जो उनके लिए अत्यंत पीड़ादायक रहा है। बताया जाता है कि सीता सोरेन लंबे समय से पार्टी से नाराज चल रहीं थीं। उन्हें चंपाई सोरेन मंत्रिमंडल में भी जगह नहीं मिली थी, जिसका उन्होंने मुखर विरोध किया था।

### विस की सदस्यता से ...

सीता सोरेन ने आज पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और पद से भी इस्तीफा दे दिया है। वह झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के दिवंगत पुत्र दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं और झामुमो के टिकट पर तीन बार विधायक रही हैं। शिबू सोरेन को लिखे त्यागपत्र में उन्होंने कहा है कि वह पार्टी और परिवार में उपेक्षा से क्षुब्ध हैं।

**खानापूर्ति** | **शहर में अतिक्रमण की स्थिति गंभीर**

# फुटपाथों पर अतिक्रमणकारी जमाए हुए हैं कब्जा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में अतिक्रमण हटाने के नाम पर नगर निगम प्रशासन द्वारा हर बार खानापूर्ति तो कर दी जाती है। किंतु कार्रवाई के एक-दो दिन बाद फिर से शहर में अतिक्रमण की स्थिति यथावत बन जाती है। शहर में जहां सड़कों पर दुकानें सजायी जाती है, वहीं फुटपाथों पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा बरकरार रहता है। हाल यह है कि शहर में फैले इस अतिक्रमण के वायरस से निजात दिलाने में नगर निगम प्रशासन फेल साबित हो रही है और आम राहगीर शहर के विभिन्न मार्गों में जाम के बीच रास्ता तालाशने को विवश है। ऐसा लगता है कि अब अतिक्रमणकारियों के आगे नगर निगम प्रशासन ने अपने घुटने टेक दिए हैं। वहीं जिला प्रशासन भी अतिक्रमण हटाने में बेबर नजर आ रही है।

**शहर में नासूर होते जा रही अतिक्रमण की समस्या :** मेदिनीनगर शहर में जाम की समस्या अब आम हो चुकी है और इसका मुख्य कारण सड़क व फुटपाथों का अतिक्रमण है। शहर का एक भी मार्ग ऐसा नहीं है, जिस मार्ग में सड़कों व फुटपाथों का अतिक्रमण नहीं किया गया हो। शहर के साहित्य समाज चौक से शदिक चौक तक जहां स्थानीय दुकानदारों व फेरी वाले विक्रेताओं द्वारा फुटपाथों का अतिक्रमण कर लिया गया है। वहीं सड़कों पर सुबह से देर शाम तक ठेले खोमचे वालों का राज रहता है। शहर के पंजाब नेशनल बैंक रोड में तो स्थानीय दुकानदारों ने लगभग पूरे सड़क पर ही अपना कब्जा जमा लिया है।शहर के मुख्य बाजारों में अतिक्रमणकारियों का बोलबाला है। सड़क किनारे जगह जगह दुकान और फुटपाथी दुकानदारों ने अपना कब्जा जमा लिया है जिससे सड़क छोटी हो गई है। इससे आए दिन सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है।बाजार के अधिकतर दुकानदार अपनी दुकान की सीमा से बाहर भी सामान रखे रहते हैं।जिसका खामियाजा आमजनों को भुगतना पड़ रहा है। इससे सड़कों पर पैदल चलने वाले फुटपाथ पर पैर रखने की जगह नहीं बची है। शहर के छह मुहान चौक से सटे फुटकर दुकानदारों के अतिक्रमण करने से सड़क सिकुड़कर छोटी हो गई है। थाना परिसर के आसपास भी अतिक्रमण कर दुकान लगाई जा रही है।वही के बीचो-बीच डिवाइडर लगने की वजह से लोगों को और भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



# पलामू सदर अस्पताल में दवा का है घोर अभाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बदलते मौसम के कारण अस्पताल में प्रतिदिन मरीजो की संख्या बढ़ रही है।इसके बाद भी पलामू प्रमंडलीय पीएसीएच सदर अस्पताल में दवाओं का घोर संकट मरीजों के आफत का सबब बन गया है। अस्पताल के ओपीडी व वार्ड में भर्ती मरीजों को अधिकांश दवाएं बाहर से ही खरीदनी पड़ रही हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में पलामु जिले के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिदिन सैकड़ो मरीज इलाज कराने आते हैं। इनमें से ज्यादातर मरीज गरीब तबके से ताल्लुक रखते हैं। अस्पताल में दवाओं का घोर संकट बीते कई वर्षों से बदस्तूर जारी है। ओपीडी में कुछ महीने पहले 40 प्रकार की दवाएं मिलती थी। अब यह संख्या घट कर 20-25 रह गई हैं। आलम यह है कि बुढो बच्चों के दर्द, बुखार, व्यस्कों के डायबिटीज, चर्मरोग और दूसरे कई बीमारियों की दवा यहाँ उपलब्ध नही रहता हैं। हृदयरोग की दवाएं बेहद ही कम हैं। ज्यादातर मरीज बाहर से दवाएं खरीद रहे हैं।पीएमसीएच जिला अस्पताल में लगभग 150 बेड हैं।लेकिन यह बेड भी कभी खाली नही रहते हैं। इन मरीजों को भी अब अस्पताल से अधिकांश दवाएं नहीं मिल रही हैं। तीमारदार बाहर से दवा खरीदनों को मजबूर हैं।इतना ही नही गरीबो से पैसे ऐंठने के लिए अस्पताल के अन्दर हमेशा दलालो की भीड़ लगी रहती है,परिजन जैसे ही अपने मरीज को चिकित्सको से दिखला कर बाहर निकलते है,दलालो के द्वारा उनसे जबरदस्ती पुर्जा छीन लिया जाता है।इसके बाद दलाल मरीज को अपने कमिसन बंधे हुवे मेडिकल स्टोर पर ले जा कर दवा लेने के लिए मजबूर करते है।इन दलालो के वजह से हमेशा सैकड़ो मरीज व मरीज के परिजन परेशान रहते है।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### सुप्रीम कोर्ट ने सीसीए रूल्स पर रोक लगाने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सीएए के तहत केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा लागू किए गए नियमों के कार्यान्वयन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में दाखिल 200 से ज्यादा याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले में अगली सुनवाई 9 अप्रैल को तय की है। पीठ में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल थे। अपने आवेदन में, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने कहा था कि सीएए के तहत अधिसूचित नियम साफ तौर पर मनमाने हैं और केवल उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर व्यक्तियों के एक वर्ग के पक्ष में अनुचित लाभ देते हैं, जो संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 के तहत सही नहीं है।

### नेपाल में छुपे बिहार के दो कुख्यात शूटर गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने बिहार के दो कुख्यात शूटरों को आज सुबह गिरफ्तार किया है। यह दोनों कुछ समय से सीमवर्ती सलाहीं के बरहथवा में किराये के मकान पर रह रहे थे। बिहार पुलिस को इनकी लंबे समय से तलाश थी। सलाहीं के डीएसपी दीपेन्द्र पंजियार ने बताया कि आज सुबह बिहार के सीतामढ़ी के सन्नी कुमार सिंह (28) और मोतिहारी के जीतेन्द्र राउत (24) को गिरफ्तार कर लिया।

### बेंगलुरु स्कूल के पास मिली विस्फोटक सामग्री पुलिस ने शुरू की जांच

**बेंगलुरू।** बेंगलुरु स्थित एक निजी स्कूल के पास खाली जमीन से विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। पुलिस ने मौके से जिलेटिन की छड़ें, डेटोनेटर और अन्य विस्फोटक पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, यह पदार्थ स्कूल के पास एक खाली जगह पर खड़े ट्रैक्टर में रखा गया था। इस सूचना के बाद बेंगलुरु पुलिस मौके पर पहुंची और विस्फोटक सामग्री बरामद की। सूत्रों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन पदार्थों का इस्तेमाल कंस्ट्रक्शन साइट पर बोल्डर्स को तोड़ने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेने के बाद जांच शुरू कर दी है। इससे पहले बेंगलुरु के कई स्कूलों में ई-मेल के जरिए बम धमाके किए जाने की धमकी दी जा चुकी हैं। अधिकारियों ने किसी भी प्रकार की कोताही ना बरतते हुए मामले को संज्ञान में लेने के बाद जांच तेज कर दी है।

# '2026 में पटरी पर दौड़ने लगेगी अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन 2026 में पटरियों पर दौड़ने लगेगी। मंत्री ने कहा, भारत की पहली बुलेट ट्रेन 2026 में तैयार हो जाएगी और सूरत से एक सेक्शन में चलेगी। उन्होंने कहा कि स्टेशनों के निर्माण में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और समुद्री सुरंग पर काम शुरू हो गया है। इसी सुरंग से ट्रेन ठाणे से मुंबई पहुंचेगी। रेल मंत्री ने मुंबई-अहमदाबाद 'बुलेट ट्रेन' कॉरिडोर का एक




वीडियो साझा किया। इस कॉरिडोर के चालू होने से दोनों शहरों के बीच 508 किलोमीटर की दूरी का समय घटकर मात्र 2 घंटे रह जाएगा। मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया था, मोदी 3.0 में बुलेट ट्रेन के लिए तैयार रहें! वीडियो में 1.08 लाख करोड़ रुपये के निवेश से बन रही अत्याधुनिक ट्रेन परियोजना की कुछ विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया है।

**अधिकतम गति 320 किमी प्रति घंटा होने की उम्मीद**

- इस मार्ग पर बुलेट ट्रेन की अधिकतम गति 320 किलोमीटर प्रति घंटा होने की उम्मीद है।
- कॉरिडोर में स्लैब ट्रैक सिस्टम की सुविधा होगी, यह तकनीक भारत में पहली बार इस्तेमाल की जाएगी।
- बुलेट ट्रेन रूट के लिए 24 पुल और सात पहाड़ी सुरंगें बनाई जा रही हैं।
- कॉरिडोर में 7 किमी लंबी समुद्र के नीचे सुरंग भी होगी।
- वीडियो में इस परियोजना को विश्व स्तरीय इंजीनियरिंग का चमत्कार और भारत का भविष्य बताया गया है।

## एनएच 16 पर आईएएफ विमान की आपातकालीन लैंडिंग की सुविधा शुरू



**नई दिल्ली।** आईएएफ के लड़ाकू और परिवहन विमानों ने आंध्र प्रदेश में बापटला जिले के अडांकी के पास नेशनल हाईवे 16 पर एक आपातकालीन लैंडिंग सुविधा शुरू की है। मंगलवार की सुबह, रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, 18 मार्च, 2024 को एसयू-30 और हॉक लड़ाकू विमानों ने सफलतापूर्वक ओवरशूट किया। हाईवे पर एएन-32 और डोर्नियर परिवहन विमान उतरे और बाद में वहां से उड़ान भी भरी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बहुआयामी गतिविधियों के संचालन में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, जिला प्रशासन, राज्य पुलिस और आईएएफ जैसी एजेंसियों के बीच उच्च स्तर का तालमेल दिखा। इससे पहले, इस तरह की गतिविधि 29 दिसंबर 2022 को आयोजित की गई थी। 4.1 किमी लंबी और 33 मीटर चौड़ी कंक्रीट हवाई पट्टी का निर्माण भारतीय वायुसेना द्वारा प्रदान किए गए विनिर्देशों के अनुसार एनएचएआई द्वारा किया गया है।

### कांग्रेस कार्यसमिति में घोषणापत्र पर चर्चा

# 5 स्तंभों पर आधारित 25 गारंटियों पर जोर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में बैठक हुई। इसमें पार्टी के घोषणा पत्र और पांच न्याय संबंधित 25 गारंटियों पर चर्चा हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 1926 से ही देश के राजनीतिक इतिहास में कांग्रेस घोषणापत्र को विश्वास और प्रतिबद्धता का दस्तावेज माना जाता है। देश बदलाव चाहता है। मौजूदा मोदी सरकार की गारंटियों का वही हश्र होगा जैसा कि 2004 में भाजपा के इंडिया शाइनिंग नारे का हुआ था। इसके लिए हमारे हर गांव और शहर के कार्यकर्ता को उठ खड़ा होना होगा। घर-घर अपने घोषणापत्र को पहुंचाना होगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में पार्टी ने घोषणापत्र पर गहन विचार-विमर्श किया।




भारत जोड़ो न्याय यात्रा के 5 स्तंभों - किसान न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय में प्रत्येक की 5 गारंटी हैं। हर एक न्याय स्तंभ के अन्तर्गत 5 गारंटियों के हिसाब से कांग्रेस पार्टी ने कुल 25 गारंटियां दी हैं। सीडब्ल्यूसी की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, नेता राहुल गांधी सहित कार्य समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि सीडब्ल्यूसी ने घोषणापत्र को अंतिम मंजूरी देने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को अधिकृत किया है। इसकी रिलीज की तारीख पर जल्द ही फैसला लिया जाएगा। भारत जोड़ो न्याय यात्रा की गति को आगे बढ़ाते हुए सीडब्ल्यूसी ने गारंटियों के इस संदेश को जमीनी स्तर तक प्रसारित करने की योजना तैयार की है।

## आंध्र में एनडीए को 160 विस सीटें मिलेंगी : चंद्रबाबू नायडू

**एजेंसी। अमरावती**



तेलुगु देशम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को कहा कि तेदेपा-भाजपा-जनसेना गठबंधन 160 से अधिक विधानसभा सीटें जीतकर आंध्र प्रदेश में सत्ता में आएगा। उनको भरोसा है कि एनडीए 400 से अधिक लोकसभा सीटें जीतेगी। चंद्रबाबू नायडू ने एक्स पर पोस्ट किया, पूरे आंध्र प्रदेश में एक गूंज एक प्रगतिशील युग की शुरूआत का संकेत दे रही है कि एनडीए लोकसभा में 400 प्लस और राज्य विधानसभा में 160 प्लस को पार कर जाएगा। समझौते के अनुसार, टीडीपी 175 विधानसभा सीटों में से 144 और 25 लोकसभा सीटों में से 17 पर चुनाव लड़ेगी। इसने दोनों सहयोगियों के लिए 31 विधानसभा क्षेत्र और आठ लोकसभा सीटें छोड़ी हैं। जन सेना जहां 21 विधानसभा और दो लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी, वहीं भाजपा 10 विधानसभा और छह लोकसभा क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारेगी। टीडीपी ने अब तक विधानसभा चुनाव के लिए 128 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, जबकि जन सेना ने सात उम्मीदवारों की घोषणा की है। भाजपा ने अभी तक अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। एनडीए के किसी भी घटक दल ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। आंध्र प्रदेश विधानसभा और राज्य की सभी 25 लोकसभा सीटों के लिए एक साथ चुनाव 13 मई को होने हैं। 2019 के चुनाव में टीडीपी, बीजेपी और जन सेना ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था। जहां टीडीपी और बीजेपी अकेले चुनाव मैदान में उतरी थी, वहीं जन सेना ने बीएसपी और वाम दलों के साथ गठबंधन किया था। वाईएसआर कांग्रेस के हाथों सत्ता गंवाने वाली टीडीपी केवल 23 सीटें ही जीत सकी थी। जन सेना को एक और भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। वाईएसआर कांग्रेस ने 151 सीटें जीतकर टीडीपी से सत्ता छीन ली थी। लोकसभा चुनाव में भी उसने 22 सीटें जीतकर अपना परचम लहराया।

### असम सेंट्रल जेल से फरार 3 कैदी की तलाशी के लिए अभियान तेज

**गुवाहाटी।** तेजपुर सेंट्रल जेल से फरार होने के 24 घंटे के बावजूद भी अभी तक तीन कैदियों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। पुलिस ने खुद मंगलवार को इस बारे में पुष्टि की। सोनितपुर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुशांत बिस्वा सरमा ने आईएएनएस को बताया, हमने कैदियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। हालांकि, पुलिस अभी तक उन्हें पकड़ नहीं पाई है। पुलिस के मुताबिक, तेजपुर सेंट्रल जेल के तीन कैदी टॉयलेट की खिड़की तोड़कर सोमवार सुबह भाग गए। भागे गए कैदियों की पहचान इंदजीत मंडल, जहरुल इस्लाम और थुलेश्वर ताती के रूप में हुई है। जहरुल इस्लाम और थुलेश्वर ताती असम के सोनितपुर के ढेकियाजुली क्षेत्र के थेलामारा गांव से हैं, वहीं इंदजीत मंडल पश्चिम बंगाल के निवासी हैं।

### पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन

## सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को किया तलब

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को योग गुरु बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण को तलब किया। न्यायमूर्ति हिमा कोहली की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि आयुर्वेदिक कंपनी पतंजलि ने भ्रामक विज्ञापनों के लगातार प्रकाशन पर जारी अवमानना नोटिस का जवाब नहीं दिया। पिछले साल नवंबर में शीर्ष अदालत के समक्ष दिए गए आश्वासन का उल्लंघन करने पर 27 फरवरी को पीठ ने आचार्य बालकृष्ण और पतंजलि के खिलाफ अवमानना कि कार्यवाही शुरू की थी। पीठ में न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह भी शामिल थे। पतंजलि ने पहले सुप्रीम कोर्ट को आश्वासन दिया था कि वह अपने उत्पाद की औषधीय प्रभावकारिता का दावा करने वाला कोई बयान नहीं देगा या कानून का उल्लंघन करते हुए उनका विज्ञापन या ब्रांडिंग नहीं करेगा और किसी भी रूप में मीडिया में चिकित्सा की किसी भी प्रणाली के खिलाफ कोई बयान जारी नहीं करेगा। अपनी याचिका में, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 के उल्लंघन के लिए पतंजलि के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। योग गुरु और पतंजलि के संस्थापक बाबा रामदेव के खिलाफ कोविड-19 के एलोपैथिक उपचार के खिलाफ उनकी विवादास्पद टिप्पणियों को लेकर कई राज्यों में केस दर्ज हैं। एक वीडियो में बाबा रामदेव ने कहा था, "ऑक्सीजन या बेड की कमी से ज्यादा लोग एलोपैथिक दवाओं के इस्तेमाल से मरे हैं।"

### पाकिस्तानियों ने भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए की मोदी की सराहना

**इस्लामाबाद।** भारत इस समय लोकसभा चुनाव की ओर बढ़ रहा है, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया कहा जाता है। भारत के मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद की गद्दी बरकरार रखने के लिए पसंदीदा माना जा रहा है, जिस पर पाकिस्तानियों की ओर से मिली-जुली प्रतिक्रिया आ रही है। भारत में चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून के बीच सात चरणों में होंगे, जिसमें लगभग एक अरब पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। पाकिस्तान के कुछ निवासियों ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने भारत में कुछ क्षेत्रों, खासकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के क्षेत्र में वास्तव में अच्छा काम किया है। जबकि कई पाकिस्तानी भारत में चल रही एनडीए सरकार के आलोचक हैं, कुछ नरेंद्र मोदी सरकार के प्रदर्शन की सराहना करने के अलावा, पड़ोसी देश द्वारा चुनाव जैसी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सुचारु संचालन की सराहना करते हैं। इस्लामाबाद के एक निवासी ने कहा, चुनाव कराना एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया है।

### भाजपा में शामिल हुए अमेरिका में भारत के राजदूत रह चुके तरणजीत सिंह संधू

**नई दिल्ली।** पंजाब में पार्टी के विस्तार अभियान में जुटी भाजपा को मंगलवार को एक और कामयाबी मिल गई। अमेरिका में भारत के राजदूत रह चुके पूर्व आईएफएस अधिकारी तरणजीत सिंह संधू ने मंगलवार को भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े एवं तरुण चुग, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा और अन्य नेताओं की मौजूदगी में तरणजीत सिंह संधू ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पंजाब में हर दृष्टि से विकास करना चाहते हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में काम किया है, अमेरिका और श्रीलंका जैसे देशों में काम किया है। पिछले चार सालों में अमेरिका के साथ भारत के संबंध पार्टनरशिप के रूप में बदले हैं। उन्होंने खुद को देश की सेवा का अवसर देने और भाजपा में शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति धन्यवाद भी व्यक्त किया।

## अमित शाह से मिलने पहुंचे राज ठाकरे एनडीए में मनसे का शामिल होना तय



**एजेंसी। नई दिल्ली**

महाराष्ट्र में भाजपा को एनडीए गठबंधन में एक और राजनीतिक दल को शामिल करने में कामयाबी मिलने जा रही है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के एनडीए गठबंधन का हिस्सा बनना लगभग तय हो गया है। मनसे प्रमुख राज ठाकरे गठबंधन के फार्मूले को अंतिम रूप देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर पहुंचे हैं। अमित शाह और राज ठाकरे की इस मुलाकात में गठबंधन और सीटों को लेकर फैसला होगा। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने राज ठाकरे से मुलाकात कर गठबंधन को लेकर बातचीत की और फिर दोनों नेता अमित शाह के आवास पर पहुंचे। आपको बता दें कि मनसे प्रमुख भाजपा के आला नेताओं से मुलाकात करने के लिए सोमवार को देर रात दिल्ली आए थे। राज ठाकरे के एनडीए गठबंधन में शामिल होने से भाजपा को महाराष्ट्र में फायदे की उम्मीद है। राज ठाकरे स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे के भतीजे और उन्हीं की स्टाइल में फायर ब्रांड राजनीति करने के लिए जाने जाते हैं।

### गाजा के अल शिफा अस्पताल में हमास आतंकी थे मौजूद

# इजरायली फौज घुसी, 20 बंदूकधारियों को मार गिराया

**एजेंसी। गाजा पट्टी**



इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने गाजा के मुख्य अस्पताल अल शिफा में हमास आतंकियों के मौजूद होने की पुख्ता खुफिया सूचना पर बड़ी कार्रवाई की है। इजराइली सेना ने अस्पताल में घुसकर 20 बंदूकधारियों को मार गिराया। कई अन्य आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। मारे गए बंदूकधारी फिलिस्तीनी बताए गए हैं। आईडीएफ ने कहा है कि वह अल शिफा अस्पताल से चल रही आतंकवादी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करती रहेगी। इजराइल के इस सैन्य अभियान पर गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इसमें कई फिलिस्तीनियों की जान गई। गोलाबारी में एक इमारत में आग लग गई। सात अक्टूबर से अब तक हुए इजराइली हमलों में 31,756 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि अल शिफा अस्पताल गाजा पट्टी का सबसे बड़ा अस्पताल है। इजराइल-हमास युद्ध के बाद उत्तरी गाजा में यही एक अस्पताल बचा है जहां अब भी आंशिक रूप से स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा रही हैं। यहां इजराइली हमले में बेघरवार हुए हजारों लोग शरण लिए हुए हैं। इससे पहले इजराइल ने नवंबर में इस अस्पताल पर हमला किया था। व्हाइट हाउस के अनुसार, इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक महीने से अधिक समय बाद सोमवार को बात की। इस दौरान रफाह में की जा रही कार्रवाई पर चर्चा के लिए इजराइली अधिकारियों को वाशिंगटन भेजने पर नेतन्याहू सहमत हुए हैं।

### अफगानिस्तान के लिए अमेरिका के विशेष दूत इस सप्ताह आएंगे भारत

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के लिए अमेरिका के विशेष दूत थॉमस वेस्ट, गंभीर मानवीय संकट से जूझ रहे अफगान लोगों की सहायता के लिए मिलकर काम करने पर विचार-विमर्श करने के लिए इस सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे। वेस्ट की यात्रा मानवीय सहायता और व्यापार पर चर्चा के लिए इस महीने की शुरूआत में काबुल में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा तालिबान के विदेश मंत्री अमीर खान मोत्ताकी से मुलाकात के बाद हो रही है। वेस्ट ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इस सप्ताह मैं अफगानों की सहायता के लिए मिलकर काम करने के बारे में अपने सहयोगियों से मिलने के लिए भारत और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा करूंगा। दिसंबर 2022 में भारत की यात्रा करने वाले वेस्ट ने अफगान नागरिकों के हितों के लिए काम करने को लेकर भारत की सराहना की है।

### फिल्म जगत

## कियारा आडवाणी ने दिलजीत दोसांझ की निजी जिंदगी को लेकर किया खुलासा



**दिलजीत** दोसांझ ने पंजाबी के साथ-साथ हिंदी फिल्मों में भी काम करके दर्शकों का दिल जीता है। वह अभिनेता के साथ ही अद्भुत गायक भी हैं। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन में परफॉर्म करने के बाद से दिलजीत चर्चा में हैं। बाद में उन्होंने विश्व प्रसिद्ध गायक एड शीरन के साथ प्रस्तुति दी। इस बार एड शीरन ने उनके साथ एक पंजाबी गीत गाया। जल्द ही वह फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में नजर आएंगे। दिलजीत दोसांझ की प्रोफेशनल लाइफ के बारे में तो सभी जानते हैं, लेकिन वह अपनी पर्सनल लाइफ को बेहद प्राइवेट रखते हैं। कियारा आडवाणी ने एक बार इस 40 वर्षीय अभिनेता के बारे में खुलासा किया है। उनका यह बयान एक बार फिर चर्चा में है। कियारा और दिलजीत ने फिल्म 'गुड न्यूज' में साथ काम किया था। इसमें दर्शकों को उनकी केमिस्ट्री काफी पसंद आई। फिल्म के प्रमोशन के दौरान कियारा ने दिलजीत को लेकर एक खुलासा किया। कियारा आडवाणी ने फिल्म के प्रमोशन के दौरान कहा कि फिल्म के मुख्य कलाकारों करीना कपूर, अक्षय कुमार और दिलजीत दोसांझ में से वह अकेली हैं, जिनके बच्चे नहीं हैं। दिलजीत बाबा का यही मतलब है। कियारा ने मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में कहा, मैंने बहुत कुछ सीखा, क्योंकि स्टार कास्ट में मैं अकेली हूं जिसके बच्चे नहीं हैं।